जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित





कृष्ण पक्ष, पूर्व भाद्रपद, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • गुरूवार • 27 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 197 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹72,000 | ₹90,000 |



## आज का इतिहास

- 1932 : बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय (चटर्जी), प्रसिद्ध उपन्यासकार, " आधुनिक भारतीय कथा के जनक " और राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के लेखक, का जन्म पश्चिम बंगाल के नैहाटी के पास कटलपारा में हुआ था। उनके कुछ लेखन 'आनंदमठ' और 'कपल कुंडला' हैं। वह पहले दो बेंगले ग्रेजुएट्स में से थे।
- 1983 : महाराष्ट्र साहित्य परिषद' की स्थापना। महाराष्ट्र साहित्य परिषद 'मराठी भाषा और साहित्य के महत्व' के उद्देश्य से पश्चिम भारतीय राज्य महाराष्ट्र में स्थित एक साहित्यिक संस्था है। इसे पुणे में स्थापित किया गया था। भारतीय साहित्य का विश्वकोश इसे मराठी का पहला प्रतिनिधि साहित्यिक निकाय मानता है।

## न्यूज बाइट्स

### अंजू देवी बनीं पटना जिला परिषद

**नई दिल्ली (नि.सं.)** । पटना जिला परिषद के अध्यक्ष पद के लिए बुधवार को वोटिंग हुई। इस दौरान अंजू देवी ने अध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया। इस बार दो उम्मीदवार अंजू देवी और रेहाना प्रवीण के बीच मुकाबला था। अंजू देवी को 33 वोट मिले हैं। वहीं, रेहाना को 5 मत प्राप्त हुए। एक वोट इन वैलिड रहा। तीन सदस्य अनुपस्थित रहे और दो ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया।

### जिंदा जलकर चार लोगों की मौत

**भिवाड़ी (हरियाणा), (नि.सं.)** । खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में मंगलवार को लगी आग से चार श्रमिकों की जलकर मौत हो गई, जबकि 12 श्रमिक घायल हुए हैं। इस हादसे में जान गंवाने वाले श्रमिक यूपी व जम्मू कश्मीर के रहने वाले हैं। घायलों को भिवाड़ी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग लगने के दौरान फैक्ट्री में पचास से ज्यादा श्रमिक काम कर रहे थे। वहीं आग लगने से फैक्ट्री में चारों तरफ मलबा दिखाई दे रहा है और सन्नाटा पसरा हुआ है। घटना के बाद से मौके पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी नजर बनाए हुए हैं। जानकारी के अनुसार खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित वर्तिका केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड में मगलवार शाम को शार्ट सर्किट से आग लगने से चार लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई थी,जबकि 12 लोग घायल हुए हैं।

### 78 प्रतिशत गर्भवतियों ने प्रसव पूर्व चार या अधिक बार कराई जांच

**पटना (नि.सं.)** । पटना। राज्य की 78 प्रतिशत गर्भवतियों ने पिछले एक साल के दौरान कुल चार या उससे ज्यादा बार प्रसव पूर्व जांच की सुविधा का लाभ लिया। प्रदेश के 10 जिले ऐसे भी हैं जहां 90 प्रतिशत से अधिक निबंधित गर्भवतियों की चार बार प्रसव पूर्व जांच हुई। लक्ष्य के विरुद्ध 113 प्रतिशत गर्भवतियों की चार या उससे अधिक बार प्रसव पूर्व जांच कर शेखपुरा जिला अव्वल है। प्रसव पूर्व चार न्यूनतम 4 बार जांच जरूरी माना जाता है। एचआईएमएस के ताजा आंकड़ों से ये जानकारी मिली है।

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को लेकर मीडिया कार्यशाला "वार्तालाप" का किया गया आयोजन

# सार्वजनिक सेवा और कल्याण पर केंद्रित कानूनों से एक नए युग की शुरुआत : पीएम

### देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में बड़ा बदलाव, तीन नए कानून एक जुलाई से लागू

**एजेंसी** | नयी दिल्ली



देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन करने और पुराने पड़ चुके कानूनों को समाप्त करने के उद्देश्य से पिछली लोकसभा में पारित तीनों नये आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को आगामी एक जुलाई से लागू किये जाने की तैयारी कर ली गयी है। इन विधेयकों को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद गत 25 दिसम्बर को अधिसूचित किया गया था।

पीएम ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, भारतीय न्याय संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 का पारित होना हमारे इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। ये विधेयक औपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं। सार्वजनिक सेवा और जनकल्याणकारी कानूनों से एक नये युग की शुरूआत हुई है। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें की हैं। राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण और जागरूकता पैदा करने के मामले में पूरी तरह तैयार हैं।

नए आपराधिक कानून भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन कानूनों का उद्देश्य सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और प्रभावी न्याय प्रणाली बनाना है। नए आपराधिक कानूनों के प्रमुख प्रावधानों में घटनाओं की ऑनलाइन रिपोर्ट करना, किसी भी पुलिस थाने पर प्राथमिकी यानी जीरो एफआईआर दर्ज करना, प्राथमिकी की निःशुल्क प्रति देना, गिरफ्तारी होने पर सूचना देने का अधिकार, गिरफ्तारी की जानकारी प्रदर्शित करना, फॉरेंसिक साक्ष्य संग्रह और वीडियोग्राफी, त्वरित जांच, पीड़ितों को मामले की प्रगति का अपडेट देना, पीड़ित महिलाओं और बच्चों के लिए निःशुल्क चिकित्सा उपचार, इलेक्ट्रॉनिक समन, पीड़िता के महिला मजिस्ट्रेट द्वारा बयान, पुलिस रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज उपलब्ध् कराना, न्यायालय में सीमित स्थगन, गवाह सुरक्षा योजना, जेंडर समावेश,सभी कार्यवाहियां इलेक्ट्रॉनिक मोड में होना, बयानों की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग, विशेष परिस्थितियों में पुलिस थाने जाने से छूट, जेंडर-न्यूट्रल अपराध, सामुदायिक सेवा, अपराधों के लिए अपराध की गंभीरता के अनुरूप जुर्माना, सरलीकृत कानूनी प्रक्रियाएं एवं तीव्र एवं निष्पक्ष समाधान शामिल हैं।

सरकार ने इन तीनों कानूनों को लागू करने के लिए पुलिस कर्मियों, जेल कर्मियों, अभियोजकों, न्यायिक अधिकारियों, फॉरेंसिक कर्मियों के साथ-साथ आम जनता सहित सभी पक्षों के बीच विभिन्न पहल शुरू की है ता कि तीनों नए कानूनों के बारे में व्यापक जागरूकता फैले और इन कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। चूंकि नए आपराधिक कानूनों में जांच, ट्रायल और अदालती कार्यवाहियों में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है, इसलिए राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो ने मौजूदा अपराध एवं अपराधी पहचान नेटवर्क प्रणाली में 23 सुधार किए हैं। इसके अलावा ब्यूरो ने नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन में राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों की निरंतर समीक्षा और सहायता के लिए 36 टीमें और कॉल सेंटर बनाए हैं।

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने नए आपराधिक कानूनों के तहत अपराध स्थलों, न्यायिक सुनवाइयों और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अदालती समन की तामील की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की सुविधा के लिए ई-साक्ष्य, न्यायश्रुति और ई-समन ऐप विकसित किए हैं। पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो ने क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित कर सभी हितधारकों के साथ साझा किए हैं। उसने 250 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ,वेबिनार और सेमिनार भी किए जिनमें 40,317 अधिकारियों तथा कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। ब्यूरो के मार्गदर्शन में राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों ने 5,84,174 कर्मियों की क्षमता निर्माण का काम भी किया, जिनमें जेल, फॉरेंसिक, न्यायिक और अभियोजन पक्ष के 5,65,746 पुलिस अधिकारी और कर्मी शामिल हैं। कर्मयोगी भारत और विकास ब्यूरो नए आपराधिक कानूनों पर तीन-तीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान कर रहे हैं, जिनमें अब तक 2,17,985 कर्मियों ने नामांकन कराया है।

# कांग्रेस को उत्साह, राहुल गांधी बने नेता विपक्ष

- तमाम नियुक्तियों में उनकी राय अहम होगी। हालांकि, 2-1 से केंद्र सरकार के पास एडवांटेज होगा, लेकिन फिर भी विपक्ष की ओर से राहुल गांधी चेहरा होंगे।

**एजेंसी** | नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव में पिछले एक दशक में सबसे ज्यादा सीटें जीतने के बाद कांग्रेस उत्साहित है। इसी कड़ी में रायबरेली से सांसद राहुल गांधी को नेता विपक्ष बनाया गया है। गांधी परिवार में राहुल गांधी से पहले उनकी मां और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और पिता व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भी नेता विपक्ष की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। नेता विपक्ष का पद विपक्ष के पास दस सालों के बाद आया है, क्योंकि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को कुल की दस फीसदी सीटें भी नहीं मिली थीं। अब नेता विपक्ष बनने के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) डायरेक्टर, मुख्य चुनाव आयुक्त, नेशनल ह्यूमन राइट कमिशन चेयरपर्सन, चीफ विजिलेंस कमिश्नर आदि की नियुक्ति में राहुल गांधी की राय ली जाएगी।

पिछले दो लोकसभा में कांग्रेस की ओर से नेता सदन मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी रहे। अब जब राहुल गांधी नेता विपक्ष बन गए हैं तो देश में होने वाली अहम नियुक्तियों में उनकी राय अहम होगी। हालांकि, 2-1 से केंद्र सरकार के पास एडवांटेज होगा, लेकिन फिर भी विपक्ष की ओर से राहुल गांधी चेहरा होंगे और इन मुद्दों पर स्टैंड लेंगे कि इन नियुक्तियों का समर्थन करना है या फिर विरोध। जैसे मुख्य चुनाव आयुक्त चुने जाने के समय कमेटी में प्रधानमंत्री मोदी, एक केंद्रीय मंत्री और नेता विपक्ष- राहुल गांधी शामिल होंगे।

54 वर्षीय राहुल गांधी ने संसद में अपने करियर में पहली बार इतनी बड़ी जिम्मेदारी ली है। 2004 से अभी तक वे लगातार सांसद तो रहे हैं, लेकिन 2004 से 2009 की यूपीए-1 और 2009 से 2014 तक की यूपीए-2 सरकार में वे केंद्रीय मंत्री तक नहीं बने। अब राहुल गांधी गांधी परिवार के तीसरे ऐसे व्यक्ति होने जा रहे हैं, जोकि नेता विपक्ष बने हैं। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी वीपी सिंह की सरकार के समय 1989-90 के दौरान नेता विपक्ष की जिम्मेदारी निभाई थी, जबकि राहुल गांधी की मां और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 1999-2004 के दौरान पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान नेता विपक्ष बनी थीं। अब राहुल गांधी मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान नेता विपक्ष बने हैं।

### विपक्ष को सदन में आवाज उठाने का मिले मौका

राहुल गांधी ने कहा कि अध्यक्ष महोदय, यह सदन भारत के लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व करता है और आप उस आवाज के संरक्षक हैं। निस्संदेह, सरकार के पास सत्ता की शक्ति है लेकिन विपक्ष भी भारत के लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व करता है। उनका कहना था कि विपक्ष सदन चलाने में पूरा सहयोग करेगा, लेकिन यह भी जरूरी है कि विपक्ष को सदन के अंदर लोगों की आवाज उठाने का मौका मिले। कांग्रेस नेता ने कहा कि आशा है कि आप हमें अपनी आवाज उठाने, भारत के लोगों की आवाज उठाने का मौका मिलेगा। राहुल गांधी ने कहा कि इस चुनाव ने दिखाया है कि लोग उम्मीद करते हैं कि विपक्ष संविधान की रक्षा करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि बिरला विपक्ष को आवाज उठाने का मौका देकर संविधान रक्षा का अपना दायित्व निभाएंगे।

जल प्रदूषण को रोकने के लिए नया कदम

# बिहार में वैज्ञानिक व्याख्यान-सह-परस्पर संवादात्मक श्रृंखला शुरू



**निज संवाददाता** | पटना

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा माह जुलाई, 2022 से प्रत्येक माह एक वैज्ञानिक व्याख्यान-सह-परस्पर संवादात्मक श्रृंखला प्रारंभ किया गया है, जिसमें विषय वस्तु के विशेषज्ञ का व्याख्यान होता है। इस श्रृंखला को प्रारंभ हुए 2 वर्ष हो गये। इसकी 24वीं कड़ी में पर्षद् मुख्यालय के सभागार में मेसर्स सीबीएस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, कसना, ग्रेटर नोएडा (यूपी) के प्रबंध निदेशक प्रखर बिंदल द्वारा डीआरडीओ बायो एसटीपी (शून्य बिजली, शून्य उपभोग्य) कोलीफॉर्म बैक्टीरिया को हटाने के विशेष संदर्भ में विषय पर अपना सारगर्भित वयाख्यान दिया गया। इस व्याख्यान श्रृंखला में ऑनलाईन/ऑफलाईन जुड़े कुल 280 प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए राज्य पर्षद् के सदस्य-सचिव, एस. चन्द्रशेखर, भा.व.से., ने कहा कि पटना में गंगा नदी का जल टोटल कॉलीफार्म तथा फीकल कॉलीफार्म के मानकों के अतिरिक्त सभी पारामीटरों पर खरा उतरता है।

# भारत का कोई भी व्यक्ति पूरी जिंदगी में नौ से ज्यादा सिम कार्ड नहीं ले पाएगा

- गलत तरीके से सिम खरीदी तो 50 लाख जुर्माना, 3 साल की सजा हो सकती है

**एजेंसी** | नई दिल्ली



देश में 26 जून से नया 'टेलिकम्युनिकेशन एक्ट 2023' लागू हो गया है। अब भारत का कोई भी नागरिक जिंदगी भर 9 से ज्यादा सिम कार्ड नहीं ले सकेगा। अगर इससे ज्यादा सिम खरीदता है तो जुर्माना लगेगा। गलत तरीकों के सिम लेने पर 3 साल जेल और 50 लाख तक का जुर्माना लगेगा। नया कानून सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से किसी भी टेलिकॉम सर्विस या नेटवर्क और मैनेजमेंट को टेक ओवर करने या उसे सस्पेंड करने की अनुमति देता है। युद्ध जैसी स्थिति में जरूरत पड़ने पर सरकार टेलिकॉम नेटवर्क पर मैसेजेज को इंटरसेप्ट कर सकेंगी।

नए नियम के तहत भारत का कोई भी व्यक्ति पूरी जिंदगी में 9 से ज्यादा सिम कार्ड नहीं ले पाएगा। वहीं, जम्मू कश्मीर और नॉर्थ-ईस्ट राज्यों के लोग अधिकतम 6 सिम कार्ड ही ले सकेंगे। इससे ज्यादा सिम लेने पर पहली बार 50,000 रुपए और इसके बाद हर बार 2 लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान है। नए कानून के तहत कंज्यूमर्स को गुड्स, सर्विसेज के लिए विज्ञापन और प्रमोशनल मैसेज भेजने से पहले उनकी सहमति लेनी होगी। इसमें यह भी बताया गया है कि टेलिकॉम सर्विसेज देने वाली कंपनी को एक ऑनलाइन मैकेनिज्म बनाना होगा, जिससे यूजर्स अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज करा सके। टेलिकम्युनिकेशन एक्ट 2023 पिछले साल 20 दिसंबर को लोकसभा और 21 दिसंबर को राज्यसभा में पास हुआ था। उसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के बाद यह कानून में बदल गया था। इस कानून में टोटल 62 सेक्शन हैं अभी इसमें से केवल 39 सेक्शन ही लागू हो रहे हैं। यह कानून 138 साल पुराने भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम को बदलेगा जो टेलीकॉम सेक्टर को कंट्रोल करता है। इसके अलावा द इंडियन वायरलेस टेलीग्राफ एक्ट 1933 की भी यह बिल जगह लेगा। ये TRAI एक्ट 1997 को भी संशोधित करेगा। बिल में टेलिकॉम स्पेक्ट्रम के एडमिनिस्ट्रेटिव एलॉकेशन का प्रावधान है, जिससे सर्विसेज की शुरुआत में तेजी आएगी। नए बिल से अमेरिकी बिजनेसमैन एलन मस्क की स्टारलिंक जैसी विदेशी कंपनियों को फायदा होगा। वहीं, जियो को इससे नुकसान हो सकता है। ऑक्शन में सरकार ने 96,317.65 करोड़ रुपए की बेस प्राइस पर 10,522 मेगाहर्टज के कुल स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए रखे थे। इसमें से सरकार को कुल 131 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम के लिए बोलियां मिली हैं।

## डोडा में दो आतंकवादी और हुए ढेर, तीन दहशतगर्दों का हुआ सफाया

**डोडा (जम्मू) (ए.)**। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो और आतंकवादी को ढेर कर दिया है। जबकि चौथे आतंकी की तलाशी जारी है। बता दें कि सुरक्षाबलों ने जिला डोडा में अपने आतंकरोधी अभियान को जारी रखते हुए बुधवार को तीन आतंकियों को मार गिराया है। जम्मू एडीजीपी ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा कि डोडा जिले के गंडोह, भद्रवाह सेक्टर में चल रहे संयुक्त अभियान में दो और आतंकवादियों को मार गिराया है। इन आतंकियों के पास हथियार और गोला बारूद भी बरामद किया गया है। इसके साथ ही दिन में मुठभेड़ में कुल तीन आतंकवादी मारे जा चुके हैं। वहीं, चौथे आतंकी की तलाश की जा रही है। इसके लिए सुरक्षाबलों ने अपना अभियान जारी रखा हुआ है। मारे गए आतंकी की तत्काल पहचान नहीं हो पाई है।

# दुरुस्त होंगी ई-शिक्षा कोष एप की खामियां

- बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने एजेंसी को 28 जून तक समस्याएं हल करने का आदेश दिया

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार के सभी शिक्षकों को 25 जून से मोबाइल पर हाजिरी बनाने का आदेश हुआ। लेकिन पहले ही दिन महज 16 फीसदी ही शिक्षक ई-शिक्षा कोष मोबाइल एप पर अटेंडेंस लगा पाए। बाकियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, किसी का पासवर्ड, किसी की आईडी, किसी के स्कूल की लोकेशन एप पर गलत दिखा रहा था। जिसके चलते ऑनलाइन हाजिरी नहीं लग सकी। अब इन तमाम खामियों को निपटाने ता आदेश दिया गया है। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद (बीईपी) ने संबंधित एजेंसी को निर्देश दिया है कि 28 जून तक एप में आ रहीं दिक्कतों को दूर किया जाए। बीईपी ने एजेंसी को लिखे पत्र में कहा है कि मोबाइल एप ठीक से काम नहीं कर रहा है। लोकेशन की भी समस्या आ रही है।आपको बता दें राज्यभर में करीब 80 हजार शिक्षकों ने पहले दिन मंगलवार को ई-शिक्षाकोष मोबाइल एप के माध्यम से हाजिरी बनायी है। यह सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कुल संख्या करीब पांच लाख का महज 16 फीसदी है।

शिक्षा विभाग के पदाधिकारी बताते हैं कि इस संख्या में दिन-प्रतिदिन वृद्धि होगी। अगले कुछ दिनों में सभी शिक्षक इस तकनीक को पूरी तरह समझ लेंगे। इस माध्यम से हाजिरी बनाने में शिक्षकों को कोई दिक्कत नहीं आये, इसको लेकर विभाग में तकनीकी सहायता देने के लिए परियोजना प्रबंधन इकाई गठित की गयी है। पहले दिन इस तकनीक से हाजिरी बनाने में सर्वर डाउन की समस्या आने की भी कई जिलों से सूचना विभाग को मिली है। अगले तीन महीने तक मोबाइल एप के साथ-साथ पूर्व की तरह उपस्थिति पंजी में भी शिक्षक हाजिरी बनाएंगे। ताकि, किसी तकनीकी कारण से मोबाइल एप से हाजिरी नहीं बनती है तो भी शिक्षकों को कोई परेशानी नहीं हो। इस तीन माह में इस व्यवस्था से हाजिरी बनाने में जो भी तकनीकी समस्याएं आएंगी, उसे विभाग के माध्यम से दूर किया जाएगा। विभाग के अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलों को नयी हाजिरी प्रणाली को लेकर पहले ही विस्तृत दिशा निर्देश जारी किया था। चूंकि शिक्षा विभाग सीधे इसकी निगरानी कर रहा है, इसलिए विभाग का मानना है कि शीघ्र ही मोबाइल एप के माध्यम से हाजिरी बनाने वाले शिक्षकों की संख्या में वृद्धि होगी।

# दिल्ली शराब घोटाला केस में सीबीआई ने मांगी केजरीवाल की पांच दिन की रिमांड



**एजेंसी** | नयी दिल्ली

आबकारी नीति घोटाला मामले में सीबीआई ने बुधवार (26 जून) को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। कोर्ट से अनुमति के बाद जांच एजेंसी ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। इसी मामले में सीबीआई ने केजरीवाल की पांच दिन की रिमांड मांगी है, जिस पर कभी भी फैसला आ सकता है। इससे पहले सीएम को ईडी ने मनी लॉड्रिंग मामले 21 मार्च को गिरफ्तार किया था, फिलहाल केजरीवाल न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में थे।

सुनवाई के दौरान केजरीवाल के अधिवक्ता ने सीबीआई की गिरफ्तारी पर सवाल उठाए और पूछा कि केजरीवाल एक गवाह से एक आरोपित में कैसे बदल गए? दिल्ली सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी कोर्ट रूम में मौजूद रहीं। केजरीवाल के अधिवक्ता विवेक जैन ने कहा कि एक आवेदन दायर किया जा रहा है जिसमें सीबीआई द्वारा पूछताछ के लिए आवेदन और पारित किए गए आदेश की आपूर्ति की मांग की जा रही है। यह सबसे संवेदनशील मामलों में से एक है।

# मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना के लिए 17.55 करोड़ जारी

**निज संवाददाता** | पटना

मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना के लिए 17 करोड़ 55 लाख रुपए जारी किए गए हैं। राज्य में वर्ष 2022-23 से मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना लागू की गयी। योजना का कार्यकाल 2026-27 तक है। इस पूरी योजना पर करीब 300 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। इस वर्ष योजना के रखरखाव और परिचालन के लिए 17.55 करोड़ खर्च होना है। योजना के शुरुआती समय से अब तक इस पर 100 करोड़ खर्च किये गये हैं। प्रत्येक जिले में योजना पूरी तरह से प्रभावी होने के बाद सभी अस्पतालों में सातों दिन 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सुविधा और विशेषज्ञ डाक्टरों का परामर्श मिलने लगेगा। राज्य की जनता की स्वास्थ्य की मॉनीटरिंग हो सकेगी। पूरी तरह से डिजिटल योजना प्रभावी होने के बाद रोगियों को इलाज के लिए अपने साथ इलाज के दस्तावेज लेकर नहीं आने होंगे। एक क्लिक पर डॉक्टर उनकी पूरी स्वास्थ्य कुंडली देख सकेंगे।

### सभी अस्पतालों में मिलेगी 24 घंटे आपातकालीन सेवा

प्रत्येक जिले में योजना पूरी तरह से प्रभावी होने के बाद सभी अस्पतालों में सातों दिन 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सुविधा और विशेषज्ञ डाक्टरों का परामर्श मिलने लगेगा। प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य की मॉनीटरिंग हो सकेगी। पूरी तरह से डिजिटल योजना प्रभावी होने के बाद रोगियों को इलाज के लिए अपने साथ इलाज के दस्तावेज लेकर नहीं आने होंगे।

बहुत जल्द अरंडी पर रिसर्च किया जाएग आरंभ

# बिहार में होगी अरंडी की खेती, बनेगा इंजन ऑयल, खुलेगा रोजगार का द्वार

**निज संवाददाता** | पटना



बेकार पड़े जंगल के रूप में रेलवे ट्रैक के किनारे और जहां तहां उगने वाले अरंडी की अब प्रदेश में व्यवसाइक खेती होने वाली है। जिससे उद्योग लगेगा। रोजगार मिलेगा। बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में बहुत जल्द अरंडी पर रिसर्च आरंभ किया जाएगा। अर्थात यूं कहें की आने वाले समय में बिहार इंजन ऑयल बनाएगा। अरंडी पर रिसर्च सफल होने पर बिहार में खेती और उद्योग की अपार संभावना बढ़ेगी। केंद्र सरकार विश्वविद्यालय को इस पर बड़ा प्रोजेक्ट देने की स्वीकृति दी है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली अंतर्गत तिलहन अनुसंधान संस्थान हैदराबाद के साथ विश्वविद्यालय का करारनामा के तहत दोनों संस्थान आपसी सहयोग से अनुसंधान करेंगे। विस्तारित कार्य योजना विश्वविद्यालय द्वारा भेजने की तैयारी चल रही है। जल्द काम आरंभ हो जायेगा। अनुसंधान निदेशक डा. एके. सिंह कहते हैं कि बिहार की जलवायु और मिट्टी में प्रत्यक्षण कर अध्ययन किया जाएगा। सफलता के बाद किसानों को तकनीक और पौध सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

### क्या होगा फायदा

अरंडी का रोजगार के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। बिहार में बड़े पैमाने पर उत्पादन होने से इंजन आयल सहित विभिन्न प्रकार के बड़े उद्योग लगेंगे। जिसमें रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। अरंडी का तेल अन्य तेलों के अपेक्षा 16 गुणा ज्यादा चिपचिपा होता है। इंजनों में उपयोग होने वाले मोबिल इस तेल से बनाए जाते हैं

# ओम बिरला फिर चुने गए लोकसभा स्पीकर

**एजेंसी** | नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के सांसद ओम बिरला को बुधवार को ध्वनिमत से लोकसभा अध्यक्ष चुन लिया गया है। ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा के सभापति बने हैं। लोकसभा में पीएम नरेंद्र मोदी ने अध्यक्ष पद के लिए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने समर्थन किया। पीएम मोदी के प्रस्ताव को प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने सदन में मतदान के लिए रखा और इसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी।

इधर, विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस सांसद कोडिकुन्नील सुरेश को अपना प्रत्याशी बनाया था। शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने लोकसभा अध्यक्ष के रूप में कांग्रेस सांसद के। सुरेश के चुनाव के लिए प्रस्ताव पेश किया था। हालांकि वोटिंग की जरूरत ही नहीं पड़ी। ध्वनि मत से चुनाव जीतने के बाद इसके बाद कार्यवाहक अध्यक्ष महताब ने बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। स्पीकर चुने जाने के बाद नेता सदन पीएम नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी स्पीकर के आसन तक उन्हें लेकर गए। जहां प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने उन्हें लोकसभा अध्यक्ष पद का चेयर ऑफर किया।

# संक्षिप्त समाचार

## शिक्षिका की दबंगई, छात्रा का लॉकेट छीना

**मानपुर**। प्रखंड के मेहता पेट्रोल पंप के पीछे स्थित ज्ञान तरू पब्लिक स्कूल की शिक्षिका की करतूत से पूरा शिक्षक समाज शर्मसार हो गया। साथ ही विद्यालय प्रशासन भी सवालों के घेरे में आ गया। विद्यालय प्रशासन द्वारा अपने ही एक शिक्षिका पर कक्षा टू के एक छात्रा से सोने का लॉकेट छीनने का आरोप लगाते हुए मामले की लिखित तहरीर स्थानीय थाना में दी। दिए गए आवेदन के मुताबिक लखनपुर निवासी शिक्षिका द्वारा मस्तलीपुर के एक छात्रा से जबरन उसके गले से सोने का लॉकेट छीन कर अपने पास रख लिया। इस मामले में पूछताछ करने पर उल्टे भड़क उठी और विद्यालय के निदेशक पर ही आरोप जड़ दिया। इधर, मामला तूल पकड़ता देख विद्यालय प्रशासन द्वारा आरोपी शिक्षिका को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। उन्हें स्कूल से निकाल दिया गया।

## महिला से सोने की चेन छीनकर भागे बदमाश

**बोधगया**। बोधगया थाना क्षेत्र में चोरी-छिनतई जैसी घटनाएं बढ़ रहीं हैं। मंगलवार को कुछ बदमाशों ने 80 फीट बुद्ध मूर्ति के पास देर शाम एक महिला से सोने के चेन छीन ली। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी रही। बोधगया थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि तमिलनाडु की रहने वाली महिला बोधगया घूमने आई थी। 80 फीट बुद्ध मूर्ति के पास महिला ऑटो पकड़ कर जाने के लिए जैसे ही ऑटो मे बैठना चाही की पीछे से बाइक पर सवार कुछ बदमाशों ने महिला का चेन छीनकर फरार हो गये है। अकस्मात हुई छिनतई की इस घटना से हतप्रभ महिला जब तक शोर मचाती बाइक सवार बदमाश भाग निकले।

## सभापति बनाए जाने पर शॉल ओढ़ा किया सम्मानित



**गया**। गया जिला भाजपा युवा मोर्चा के प्रवक्ता छोटू बारिक ने मंगलवार को बिहार विधान परिषद् में पुनः सभापति बनाए जाने पर अवधेश नारायण सिंह को सम्मानित किया। सम्मान के तौर पर उन्हें अंग वस्त्र प्रदान किया गया और बधाई दी गई। श्री बारिक ने कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार विधान परिषद् का संचालन सफलतापूर्वक होगा।

## रोटरी की अध्यक्ष राखी को मिला आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट का खिताब



**गया**। वर्ष 2023-24 में सामाजिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए रोटरी क्लब ऑफ गया को आठ अवार्ड से नवाजा गया । यह सम्मान झारखंड के जमशेदपुर जिले में आयोजित सम्मान समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एसपी बागरिया द्वारा दिया गया। इस बार आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट का खिताब राखी भदानी को मिला। रोटरी गया को आउटस्टैंडिंग ऑफिशियल क्लब विजिट से भी सम्मानित किया गया। क्लब की सचिव तृप्ति गुप्ता को इमर्जिंग रोटेरियन के रूप में पुरस्कृत किया गया। क्लब की अध्यक्ष राखी भदानी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि रोटरी गया का कार्यकाल सभी सदस्यों के आपसी सहयोग, समन्वय एवं ईमानदारी पूर्वक किए गए कार्यों का परिणाम है। इस बार क्लब को आठ अवार्ड मिले है। अपने कार्यकाल में जो कुछ भी रचनात्मक कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ वह सभी के सहयोग से संभव हुआ है। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष डॉ. यू.एन भदानी, सुरेंद्र भदानी, प्रदीप अग्रवाल, राम भदानी, और आलोक नंदन को 40 साल से रोटरी गया में उनके प्रशंसनीय योगदान एवं सामाजिक सेवा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए सम्मानित किया गया है।

## सड़क हादसे में नवादा के व्यक्ति की नालंदा में मौत, गलत दिशा से आ रहे वाहन ने रौंद डाला



**नालंदा**। नवादा के अधेड़ की इलाज के दौरान नालंदा के पावापुरी मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को मौत हो गई। मृतक की पहचान नवादा जिला के काशीचक थाना क्षेत्र अंतर्गत महरथ गांव निवासी स्वर्गीय रामस्वरूप पासवान के (55) वर्षीय पुत्र राज बलम पासवान के रूप में की गई है। देर शाम परिजन पुलिस की मदद से शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के संबंध में मृतक के भतीजे ने बताया कि उसके चाचा मंगलवार की सुबह शौच के लिए खेत की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह घर से सड़क पर निकले अनियंत्रित चार पहिया वाहन जो वारसलीगंज की तरफ से आ रहा था। वह रॉन्ग साइड में आकर कुचल दिया और वहां से फरार हो गया। जख्मी हालत में उन्हें इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां देर शाम इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। इसके बाद पावापुरी ओपी पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। राजबलम पासवान मजदूरी कर अपने घर परिवार को चला रहे थे। पावापुरी ओपी प्रभारी रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि परिजनों के फर्द बयान पर एफआईआर दर्ज कर संबंधित थाना को भेज दिया जाएगा।

## बोरे से बना रहे बड़ा थैला, महिलाओं को दिया जॉब, राइस मिल से मंगवाते हैं यूज बोरा

**नालंदा**। बिहार शरीफ के ग्रामीण क्षेत्र के बेरौटी गांव से आने वाले सगे भाई रंजीत और सोनू ने ना सिर्फ खुद को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि गांव की महिलाओं को भी रोजगार देकर उन्हें सशक्त बनाया है। कम पढ़ाई लिखाई करने के बाबजूद वे आज अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं। रंजीत कुमार और उनके भाई ने मिलकर अपने घर में ही प्लास्टिक के यूज बोरे से बड़े थैले बनाने की एक छोटी सी इकाई शुरू की है। यह इकाई ना सिर्फ इन युवाओं के लिए आय का साधन बन गई है, बल्कि गांव की महिलाओं को भी रोजगार का अवसर प्रदान कर रही है। रंजीत कुमार बताते हैं कि पहले वह बिहार शरीफ में ही किराना दुकान चलाते थे। लेकिन, धीरे-धीरे दुकान का खर्च बढ़ने लगा और उन्हें मुनाफा कम होने लगा। इसके बाद उन्होंने कुछ नया करने का फैसला किया। उन्होंने 2 साल पूर्व प्लास्टिक के छोटे बैग को बड़ा थैला बनाने का काम शुरू किया। इस थैले का यूज पशुपालक मवेशियों के चारा रखने में करते हैं। एक थैले में करीब 50 किलो चारा रखा जा सकता है। शुरुआत में उन्होंने छोटे स्तर पर काम शुरू किया। धीरे-धीरे उनके भाई और घर वाले भी इसमें शामिल हो गए। धीरे-धीरे काम बढ़ता गया और आज उनके साथ कुल 15 लोग इस काम में जुड़े हुए हैं। झारखंड से मंगाते हैं प्लास्टिक के बोरेरंजीत झारखंड से प्लास्टिक के बोरे को थोक भाव में मंगाते हैं। ये उन्हें राइस मिल से मिलता है। फिर, घर पर ही इन प्लास्टिक के बैगों को सील करके बड़ा बैग बनाते हैं और बाजार में सप्लाई करते हैं।

## कैंप लगाकर ई केवाईसी कराया जाएगा

# 14153 किसान पीएम योजना का नहीं ले पा रहे लाभ

निज संवाददाता। गया




प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 338357 किसान पंजीकृत हैं। इसमें से केवल 294946 किसान ही पीएम किसान योजना का लाभ ले पा रहे है। शेष किसान को पंजिकृत होने के बावजूद इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। छोटे-छोटे कारण बता कर उन्हें इस योजना के लाभ से दूर रखा जा रहा है। गौरतलब है कि इस योजना के तहत 6 हजार रुपए दिए जाते हैं। लाभ लेने के लिए किसानों का ई केवाईसी होना जरूरी है। लेकिन जिले के 14153 किसानों का ई केवाईसी नहीं है। इस वजह से किसान योजना से वंचित है। हालांकि डीएम डॉ. त्यागराजन ने निर्देश दिया है कि प्रखंड स्तर पर कैम्प लगा कर ई केवाईसी किसानों का करवाए ताकि उन्हें योजना का लाभ मिलने में कहीं कोई दिक्कत न रहे।

**पीएम किसान योजना की 17वीं किस्त जारीः** इसी तरह लैण्ड सीडिंग नहीं कराने के कारण 660 किसान वंचित हैं। डीएम ने सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ता को निर्देश दिया है कि संबंधित अंचल अधिकारी और प्रखंड कृषि पदाधिकारी के साथ बैठक करते हुए तेजी से किसानों को योजना का लाभ दिलवाए। एनपीसीआई (डीबीटी इनेबल) प्रखंड कृषि पदाधिकारी के माध्यम से करवाया जा रहा है। इससे 13749 किसान लाभान्वित होंगे। एनपीसीआई (डीबीटी इनेबल) त्रूटि वाले किसानों को इन्डियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक में नया खाता खुलवा सकते है। इसमें बैंक खाता खुलते ही किसान स्वतः एनपीसीआई (डीबीटी इनेबल) हो जाता है। डीएम ने बताया कि 294946 किसानों को पीएम किसान योजना की 17वीं किस्त जारी कर दी गई है। शेष किसानों के लिए कैंप लगा कर कागजात दुरुस्त करने का आदेश संबंधित अधिकारी को दिया गया है। कैंप का आयोजन प्रखण्ड स्तर पर शीघ्र ही किया जाएगा।

## गया में युवक की गोली मार कर हत्या, शव गांव के बधार से बरामद



❑ मंगलवार की रात से था लापता

निज संवाददाता। गया

गया के गुरारू थाना क्षेत्र के तिनेरी गांव के एक युवक की गोली मार हत्या कर दी गई है। युवक बचपन से ही अपने नानी के घर में रह कर पढाई कर रहा था। मारे गए युवक अंकित कुमार (18) का शव बधार से बरामद किया गया है। अंकित मंगलवार की रात दस बजे से घर से लापता था। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। हत्या का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। इस घटना से मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। गुरुआ थाना क्षेत्र के कोडवार गांव के रहने वाले मनोज सिंह का लड़का अंकित कुमार गुरारू थाना क्षेत्र स्थित तिनेरी गांव में अपने नाना दुधेश्वर सिंह के यहां बचपन से रह रहा था। नाना के घर में रह कर ही वह पढ़ाई-लिखाई कर रहा था। मृतक के नाना के घर के लोगों का कहना है कि अंकित बीती रात 10 बजे के बाद से लापता था। रात में उसकी छानबीन की गई तो कहीं कुछ भी पता नहीं चल सका। बुधवार की सुबह जब उसे ढूंढने के लिए गांव घर के लोग निकले तो अंकित का शव बधार में पड़ा मिला। उसकी छाती में गोली मारी गई है। इसके अलावा कनपटी में भी गोली मारे जाने का जख्म है। हत्या का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस हत्या का कारण और हत्या करने वालों का पता करने में जुटी है। मृतक का मोबाइल भी पुलिस खंगाल रही है। गुरारू थानाध्यक्ष चाहत कुमार का कहना है कि फिलहाल पूछताछ कर जानकारी जुटाई जा रही है। घटना का कारण स्पष्ट रूप से सामने नहीं आया है।

## लुटेरा गिरोह के सरगना को गया पुलिस ने किया गिरफ्तार, मार्च से कर रही थी तलाश

निज संवाददाता। गया



● 600 ग्राम गांजा, 6 हजार रुपए, 1 बाइक और 5 मोबाइल बरामद

गया जिला पुलिस ने जिले भर में लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के सरगना अमरजीत कुमार को लूटी गई रकम के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर लूट की वारदात में इस्तेमाल की गई अपाची बाइक भी बरामद की गई है। गिरोह के सरगना ने विभिन्न वारदातों में खुद की संलिप्तता स्वीकार की है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि पकड़ा गया अपराधी लुटेरा गिरोह का सरगना है। कई लूटकांड में पुलिस को इसकी तलाश थी। उसे गुप्त सूचना के आधार पर शेरघाटी थानाक्षेत्र के सगाही से गिरफ्तार किया गया है। वह बस पर सवार होकर फरार होने की फिराक में था। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी शेरघाटी थाना क्षेत्र के भुस भुसिया गांव का रहने वाला है। इसकी गिरफ्तारी से शेरघाटी अनुमंडल क्षेत्र में अपराध में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि अमरजीत ने बीते मार्च में गुरुआ थाना क्षेत्र में लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। घटना के बाद से पुलिस लगातार अमरजीत की तलाश में जुटी थी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि अमरजीत बीते साल बेलगांज के सिलोंजा के सामने 8 लाख रुपए की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। उन्होंने दावा किया अमरजीत के गिरोह के अन्य साथियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल गिरोह के सदस्य इन दिनों फरार चल रहे हैं। पकड़े गए आरोपी के पास से 600 ग्राम गांजा, 6 हजार रुपए, एक बाइक और 5 मोबाइल बरामद किए गए हैं।

# गया जेल में बंद 128 किलो के कैदी की मौत, अस्पताल में लाश को लावारिस छोड़ गया जेल प्रशासन

निज संवाददाता। गया



♦ परिजनों ने गया-चेरकी मुख्य मार्ग किया जाम

गया जेल में बंद 128 किलो के कैदी की मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने गया-चेरकी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। परिजनों का आरोप है कि जेल प्रशासन की मिलीभगत से रन सिन्हा की मौत हुई है। इसी वजह से जेल प्रशासन ने रतन के शव को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लावारिस छोड़ दिया। परिजनों का कहना है कि रतन की तबीयत खराब हुई होगी, लेकिन इस बात सूचना जेल प्रशासन की ओर से नहीं दी गई। सुबह मौत की सूचना दी गई। अस्पताल वालों ने कोई डाक्यूमेंट्स नहीं दिया।


**चेक बाउंस मामले में जेल गया थाः** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लखनपुर निवासी रतन सिंह का 42 लाख रुपए को लेकर लेनदेन का विवाद चल रहा था। रतन सिन्हा ने रत्नेश शर्मा और मुंगेरी सिंह से 42 लाख रुपए ले रखे थे। इसके बदले में रतन सिन्हा ने 42 लाख रुपए का चेक दिया था। जो बाउंस हो गया था। इसी मामले में रतन सिंहा को पुलिस ने जेल भेज दिया था।

**अस्पताल वालों ने नहीं दिया रिपोर्टः** मृतक के भाई गौतम कुमार सिन्हा ने बताया कि विगत मई में चेक बाउंस मामले में रतन सिन्हा गया जेल में बंद थे। बुधवार सुबह जेल से फोन आया कि आपके भाई की तबीयत खराब हो गई है।हमलोग अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल पहुंचे। पहुंचे तो देखा कि हमारा भाई मृत पड़ा है। जेल प्रशासन का कोई सिपाही या कर्मचारी मौजूद नहीं है। हमारे भाई के शव को लावारिस अवस्था में छोड़ दिया गया था। जब हमने ईसीजी रिपोर्ट मांगी तो कहा गया कि आपको नहीं मिल सकता। हमारे भाई की मौत हो गई है और उसका ईसीजी रिपोर्ट हमें क्यों नहीं मिलेगा ? जेल प्रशासन के लोगों ने ही मिलकर हमारे भाई की हत्या कर दी है। हम पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं। दोषियों पर कार्रवाई हो।

**हाईपरटेंशन का शिकार थाः** जेल सुपरिटेंडेंट विजय अरोड़ा ने कहा कि 15 मई को जेल में आया था। वो128 किलो का था। हाईपरटेंशन का शिकार था। डे वन से ही उसका इलाज चल रहा था। मंगलवार की शाम रतन सिन्हा की तबीयत खराब हुई थी। जेल अस्पताल में इलाज कराया गया था। सीरियस होने के बाद मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया था। जहां उसकी मौत हो गई ।

# 12वीं की स्टूडेंट की घर में गला रेत कर हत्या, गया पुलिस ने पिता के नाखून का सैंपल लिया

निज संवाददाता। गया



गया में मंगलवार को 12वीं की छात्रा की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। युवती की मां ने अपने करीबी रिश्तेदार पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजन ने बताया कि युवती अपने छोटे भाई के साथ घर में सो रही थी। उसका शव मंगलवार की दोपहर जमीन पर पड़ा मिला था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की है। मृतका और उसके पिता के नाखून के सैंपल लिए हैं। मामले को लेकर कोई खुल कर कुछ नहीं कह रहा है। लेकिन कई तरह की चर्चाएं हो रही है। लड़की का अपने रिश्तेदारी में ही किसी लड़के से प्रेम संबंध होना बताया जा रहा है। इलाके के लोग घटना को ऑनर किलिंग से जोड़ कर देख रहे हैं। मृतक छात्रा की पहचान पूजा कुमारी(20) के रूप में हुई है। प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय शेरघाटी में पढ़ाई करती थी। घटना शेरघाटी थाना क्षेत्र के बनियाडीह गांव की है।

**हत्या के वक्त भाई साथ में सोया थाः** पूजा की मां ने बताया कि जब वह दोपहर के बाद घर में झाड़ू देने गई तो पूजा मरी हुई मिली। वहीं, वारदात के दौरान पूजा का भाई भी उसी के साथ सोया हुआ था। लेकिन उसे हत्या की भनक तक नहीं लगी। वह सोया ही रहा। मृतका का घर खपरैल का बना हुआ है।

**घटनास्थल से मिले कपड़ेः** सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुलाया गया था। पुलिस को घटनास्थल से कुछ कपड़े मिले हैं। उसकी जांच की जा रही है। गांव में चर्चा है की युवती का के बेटे से प्रेम संबंध होने पर उसकी हत्या कर दी गई है। हालांकि, असली वजह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल गया अस्पताल भेज दिया है।

**जांच में तथ्य आएंगे सामनेः** इंस्पेक्टर अजित कुमार का कहना है कि युवती की हत्या की गई है। यह स्पष्ट है लेकिन जांच अभी शुरुआती स्टेज में है। इस वजह से फिलहाल कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। जांच में कुछ तथ्य सामने आने पर जानकारी दी जाएगी।

## खुद को मुख्यमंत्री मानते हैं जदयू नेता, पुलिस को दिखाया रौब, कहा- हमको आप पहचान रहीं

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में जदयू नेता (व्यवसायिक उद्योग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष) विजयकांत अपने आप को सीएम समझते हैं। उन्होंने पुलिस से कहा है कि हमको आप पहचान रहीं हैं... डायरेक्ट सीएम हैं हम, ये मान कर चलिए। इसके बाद वे अपना आईडी कार्ड निकालकर महिला कांस्टेबल को दिखाते हैं। महिला कांस्टेबल उनसे आराम से बात करने का अनुरोध करती रहीं। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। जो 11 जून की रात 9:15 का है। अब सामने आया है। वीडियो में जदयू नेता यह भी कह रहे हैं कि ये गुंडागर्दी कर रहा। हमरे से पैसा लिया और हमरे से गुंडागर्दी कर रहा। कल का लौंडा हमरे सामने पैदा लिया। हमसे बड़ा गुंडा है। इसको पकड़ कर ले आइए तो हीरोपंती निकाल देते हैं हम। हालांकि ये सब बातें उन्होंने पुलिस को नहीं अपने भतीजे को कही। दरअसल लहेरी थाना क्षेत्र के आलमगंज मोहल्ले में पैतृक जमीन पर दुकान बनी हुई है। विजयकांत और शिवेंद्र कुमार दोनों भाइयों की आमने-सामने ही कपड़े की दुकान है। जिसके मुख्य रास्ते पर ताला लगाने को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद को सुलझाने के लिए लहेरी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी। जदयू नेता विजयकांत ने अपने भाई शिवेंद्र कुमार और भतीजे निखिल नवादिया पर बिहार थाना में 8 जून को मारपीट और फायरिंग का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जबकि शिवेंद्र कुमार की पत्नी मीनाक्षी नवदिया ने लहेरी थाना में 8 जून को विजयकांत और शुभम कुमार समेत चार अन्य को आरोपित कर घर में घुसकर मारपीट का मामला दर्ज कराया है। संपत्ति को लेकर दोनों भाइयों में विवाद है।

## 8 महीने से फरार शराब तस्कर अरेस्ट, शेखपुरा पुलिस ने नालंदा के सरमेरा नगर में की छापेमारी

निज संवाददाता। शेखपुरा



● 72 लीटर शराब के साथ पहले पकड़ा था

शेखपुरा की कोरमा थाना पुलिस ने निकटवर्ती नालंदा जिला के सरमेरा नगर क्षेत्र में छापेमारी कर शराब तस्करी के मामले फरार चल रहे अंतरर्जिला गिरोह के आरोपी तथा कार मालिक गणेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार फरार आरोपी सरमेरा निवासी अशोक साव का बेटा बताया गया है। छापेमारी का नेतृत्व कोरमा थाना अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर आयुष कुमार ने किया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि 8 महीने पहले ऐझी - मुरारपुर पथ पर वाहन चेकिंग के दौरान 72 लीटर शराब के साथ एक कार पर सवार 3 तस्कर गिरफ्तार किया गया था। लेकिन, गिरफ्तार वाहन मालिक और तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए थे। गिरफ्तार सभी तस्कर शराब की खेप नालंदा से कार में छिपाकर शेखपुरा की ओर आ रहे थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों तस्कर में 2 नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पेंदी गांव और एक लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र का रहने वाला चिह्नित किया गया था। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान बरामद शराब और कार को पुलिस जब्त कर लिया था।लेकिन, गिरफ्तार वाहन मालिक आठ माह से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर पर छापेमारी कर उसे धर दबोचा गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार फरार तस्कर को पुलिस निगरानी में शेखपुरा जेल भेज दिया गया।

# महिला पुलिस कर्मियों के बच्चों के लिए बनेगा पालना घर, गया SSP ने किया उद्घाटन

निज संवाददाता। गया



❑ 3 साल से कम उम्र के बच्चों को मिलेगी विशेष सुविधा

पुलिस वेलफेयर के तहत एसएसपी आशीष भारती द्वारा पुलिस केंद्र गया में पालना घर का उद्घाटन किया गया। पालना घर में महिला पुलिस कर्मियों के बच्चों की देखरेख एक्सपर्ट महिला कर्मियों द्वारा की जाएगी। यह सुविधा महिला सिपाहियों और महिला अधिकारियों की बड़ी संख्या को देखते हुए की गई है। ताकि महिलाकर्मी ड्यूटी के दौरान अपने बच्चों को पालना घर के सुरक्षित माहौल में रख कर निश्चित होकर ड्यूटी कर सके। SSP आशीष भारती ने बताया कि महिला पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को अपने कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने छोटे बच्चों को साथ रखना पड़ता था। इस वजह से न केवल उनका कार्य प्रभावित होता था बल्कि बच्चे पर भी प्रतिकूल असर पड़ता था। इस पहल से महिला पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को निर्विघ्न रूप से अपने कर्तव्य निर्वहन करने में सहूलियत होगी। साथ ही उनके कर्तव्य निर्वहन के दौरान उनके बच्चों को साफ-सुथरा, सुरक्षित और बेहतर माहौल भी मिल सकेगा। SSP आशीष भारती ने आगे बताया कि जिले में दो स्थानों पर पालना घर बनाया जा रहा है। एक तो कलेक्ट्रेट ऑफिस और दूसरा पुलिस लाइन में बनाया है। यह प्रदेश सरकार के आदेश पर किया जा रहा है। सभी जिले में यह सुविधा दी जा रही है। ताकि महिला अफसर और सिपाही ड्यूटी के दौरान बेफिक्र होकर अपने बच्चों को पालना घर में छोड़ सकें। यहां 3 साल से कम उम्र के बच्चों को विशेष रूप से देखभाल की व्यवस्था की गई है। पालना घर में बेबी के लिए न केवल खेलने की सामग्री बल्कि उनकी फीडिंग की भी व्यवस्था है। साथ ही में उनकी पढ़ाई में चलेगी।

# बीडीओ के पहल ने लाया रंग, दो अनाथ बच्चे मुख्यमंत्री परवरिश योजना से लाभान्वित

- तीनों अनाथ बच्चों को मुख्यमंत्री परवरिश योजना की कोई जानकारी नहीं थी। न तो उनके पोषक क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविका और न ही किसी जनप्रतिनिधियों ने इन अनाथ बच्चों को बिहार सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में कोई जानकारी दी।

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखंड के सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र के पंचायत सवैयाटांड़ में बीते जनवरी माह में हुए जनसंवाद का असर देखने को मिला है। जनसंवाद के दौरान तीन अनाथ बच्चों की मिली जानकारी के बाद बीडीओ अनिल मिस्त्री की पहल पर दो अनाथ बच्चे 13 वर्षीया पूजा कुमारी और 11 वर्षीय रूपलाल कुमार को मुख्यमंत्री परवरिश योजना का लाभ मिला है। अब मुख्यमंत्री परवरिश योजना के तहत दोनों अनाथ बच्चों को उनके 18 वर्ष पूरे होने तक पूजा और रूपलाल को 1200 प्रति माह मिलेंगे। जनसंवाद के दौरान बीडीओ अनिल मिस्त्री और बीपीआरओ राजन कुमार को तीन अनाथ बच्चों की जानकारी मिली। जानकारी मिली कि 19 वर्षीया चंचल कुमारी, 13 वर्षीया पूजा कुमारी तथा 11 वर्षीय रूपलाल कुमार के पिता मनोज राजवंशी की 19 दिसंबर, 2017 को मृत्यु हो गयी थी और उसके लगभग 7 वर्ष पहले उनकी माता रीता देवी की 12 जून, 2010 को मृत्यु हो गयी थी। तीनों अनाथ बच्चों को मुख्यमंत्री परवरिश योजना की कोई जानकारी नहीं थी। न तो उनके पोषक क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविका और न ही किसी जनप्रतिनिधियों ने इन अनाथ बच्चों को बिहार सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में कोई जानकारी दी। जनसंवाद के दौरान जानकारी मिलने पर बीडीओ अनिल मिस्त्री व बीपीआरओ ने सबसे पहले तीनों अनाथ बच्चों के माता-पिता का मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाया और उसके बाद तीनों अनाथ बच्चों में से एक चंचल कुमारी की उम्र 19 वर्ष होने के कारण उन्हें मुख्यमंत्री परवरिश योजना से लाभ नहीं मिल सकता था। इसलिए बीडीओ ने दो अनाथ बच्चों 13 वर्षीया पूजा कुमारी और 11 वर्षीय रूपलाल कुमार का विधिवत फॉर्म भरकर समाज कल्याण विभाग में स्वीकृति के लिए भेजा है। विभाग से दोनों बच्चों को 18 वर्ष की उम्र तक 1200 प्रति माह देने की स्वीकृति मिली, जिसके बाद अब दोनों अनाथ बच्चों को 1200 प्रतिमाह 18 वर्ष की उम्र पूरा होने तक मिलेंगे। इतना ही नहीं, बीडीओ ने दोनों अनाथ बच्चों पूजा और रूपलाल के शिक्षा के लिए भी प्रबंध किया और पूजा का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय विद्यालय में छठे क्लास में नामांकन कराया। वहीं रूपलाल जो माता-पिता के मरने के बाद अभी दिल्ली में रहकर एक चूड़ी फैक्ट्री में चूड़ी बनाने का काम करता है, उसे दिल्ली से बुलवाकर पढ़ाई करने के लिए हरदिया में संचालित डॉ सुभाष चंद्र बोस बालक आवासीय विद्यालय में नामांकन कराया जायेगा। बीडीओ अनिल मिस्त्री ने कहा कि बिहार सरकार की बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं हैं, जिसकी जानकारी आम लोगों को नहीं है। लोग जानकारी प्राप्त कर योजनाओं से लाभान्वित हो सकते हैं। बीडीओ ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में अनाथ बच्चों को चिह्नित कर उसकी सूची प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि वैसे अनाथ बच्चों को मुख्यमंत्री परवरिश योजना के तहत लाभ दिलाया जा सके।

# डीआरडीए सभागार में वितरण कैम्प का हुआ आयोजन

निज संवाददाता

**नवादा।** समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में आज विभागीय योजना (पीएमईजीपी और पीएम विश्वकर्मा) अन्तर्गत स्वीकृति एवं वितरण कैम्प का आयोजन किया गया। दीपक कुमार मिश्रा, उप विकास आयुक्त, नवादा ने विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों को वर्तमान वर्ष में पीएमईजीपी, पीएमएफएमई एवं पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत विभागीय प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृति एवं भुगतान के लिए निर्देश दिये। विभिन्न बैंकों द्वारा आज ऋण स्वीकृति/वितरण लाभुकों के बीच की गई, जिसकी विवरणी निम्नवत है:- पीएमईजीपी योजना अन्तर्गत 22 लाभुकों को 278.95 लाख की राशि, पीएमएफएमई योजना अन्तर्गत 09 लाभुकों को 80.35 लाख की राशि एवं पीएम विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत 01 लाभुक को 01.00 लाख की राशि प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री अमित विक्रम भारद्वाज जीएम डीआईसी, डीआरडीए एवं बैंकिंग उप निदेशक उद्योग, निदेशक अधिकारीगण उपस्थित थे।

## वर्ग एक से आठवीं कक्षा की मासिक परीक्षा शुरू

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक, मध्य, बुनियादी विद्यालयों में बुधवार से वर्ग एक से आठवीं कक्षा तक मासिक परीक्षा शुरू हुई है। इस दौरान छात्र व छात्राएं तन्यमयता के साथ परीक्षा देने में मशगूल रहे। बीआरपी सह समावेशी शिक्षक आंनद कुमार व लेखापाल संजीव रंजन ने संयुक्त रूप से यह मासिक परीक्षा 27 जून (गुरुवार) को भी होगी। कहा गया परीक्षा के बाद मूल्यांकन कर निर्धारित प्रपत्र में बच्चों के ग्रेड को बीआरसी भवन में जमा सभी प्रधानाध्यापक को करने का निर्देश भी दिया गया हैं।

## बालू लदा दो ट्रैक्टर जप्त, एक चालक गिरफ्तार

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के मोतनजे गांव के समीप मंगलवार की देर शाम में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान बालू लदा दो ट्रैक्टर डल्ला समेत जप्त किया। वही वाहन चालक नालन्दा जिले के राजगीर थानांतर्गत विस्थापित निवासी भूषण राजबंशी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया खनन अधिनियम के तहत कांड संख्या 183/2024 दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# जिला हैण्डबाल टीम के खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



- हरिशचंद्र स्टेडियम नवादा में नवादा जिला हैंडबॉल संघ के सचिव आर पी साहू के देखरेख में नवादा सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी तृतीय विजेता बालिका खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

निज संवाददाता

**नवादा।** नगर के ऐतिहासिक हरिशचंद्र स्टेडियम में आयोजित सम्मान समारोह जिसमें पटना से जीत कर आए हैंडबॉल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। पटना मनेर में आयोजित नौवी बिहार राज्य सब जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप में नवादा जिले की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर लौटने पर हरिशचंद्र स्टेडियम नवादा में नवादा जिला हैंडबॉल संघ के सचिव आर पी साहू के देखरेख में नवादा सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी तृतीय विजेता बालिका खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जीत कर आए खिलाड़ियों का टीम इस प्रकार है शगुन राज (कप्तान) श्रेया राज आरती कुमारी काजल कुमारी राजलक्ष्मी कुमारी राजनंदनी, प्रिया कुमारी स्मृति राज, छोटी कुमारी प्रीति कुमारी कोच के रूप में सुरुचि कुमारी टीम मैनेजर रौशन कुमार शामिल है इन सभी खिलाड़ियों को नवादा जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ अनुज कुमार, शिवकुमार प्रसाद, अलख देव प्रसाद, श्रवण कुमार बरनवाल शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा कनक कुमार श्याम कुमार अमन कुमार राहुल कुमार नितीश कुमार अनुज कुमार गौरव कुमार कुंदन कुमार खुशबू कुमारी आदर्श मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार इंटर विद्यालय आंती के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार आदि लोगों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं।

# लगातार तीन वर्षों से बारिश नहीं होने पर किसानों में मायूसी, खेतों में उड़ रही धूल

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** आद्रा नक्षत्र के चार दिन बीत जाने के बाद भी रजौली प्रखण्ड क्षेत्र में बारिश नहीं होने से किसानों में मायूसी है। जून माह की अगर बात करें तो महीना समाप्त होने को है, किन्तु बारिश नहीं होने से किसानों के चेहरे पर मायूसी दिख रही है। बारिश नहीं होने के कारण किसान बिचड़ा भी नहीं लगा पा रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में किसान की ओर से धान का बिचड़ा लगाया भी गया है तो बारिश नहीं होने के वजह से उसे बचा पाने में कठिनाई हो है। वहीं अधिकांश खेतों में लगा बिचड़ा सूख रहा है। संपन्न किसान काफी दूर से नदी व तालाब के अलावे नलकूपों से पानी का पटवन कर बिचड़ा को बचाने में लगे हैं। जबकि अधिकांश किसान बारिश होने का इंतजार कर रहे हैं। बीते तीन वर्षों से मौसम के बदले मिजाज से किसान सुखाड़ में जी रहे हैं। किसान बबहनटोली निवासी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि अबकी बार रोहिणी व मृगशिरा नक्षत्र में भी बारिश की उम्मीद नहीं दिख रही है। ऐसे दोनों नक्षत्र में अब तक बारिश की एक बूंद भी नहीं गिरा। रविवार, सोमवार और मंगलवार की सुबह से चिलचिलाती धूप देखकर एक बार फिर किसान काफी मायूस हैं। अभी भी खेतों में नमी नहीं है। उक्त कारण खेत की जुताई नहीं हो पा रही है। उससे किसान धान का नर्सरी भी नहीं कर सके हैं। बारिश नहीं होने से धान के बिचड़ा की बुवाई प्रभावित हुई है। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से खेत की नमी खत्म हो चुकी हैं।



तापमान अधिक रहने से भी किसान पटवन कर धान का नर्सरी करने से भी डर रहे हैं। तपती धूप और मौसम की बेरुखी के कारण खरीफ फसला की खेती प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है। उससे इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। वहीं हरदिया के किसान सुंदर प्रसाद ने बताया कि की आद्रा नक्षत्र किसान पांच दिन मानते हैं। उसके बाद खेतों की जुताई करते हैं। क्षेत्र में हल्की बारिश हुई है लेकिन उससे जुताई नहीं हो सकती। किसान फूलचंद यादव ने बताया कि खेतों में धूल उड़ रही है। लोगों को पीने के पानी नहीं मिल रहा है। ऐसे में नर्सरी करना मुश्किल है। किसानों को आशा थी कि आद्रा नक्षत्र उन्हें निराश नहीं करेगा। आद्रा नक्षत्र के चार दिन बीत जाने के बाद भी बारिश नहीं हुई। अब किसान आसमान की ओर निहार रहे हैं।

# अवैध बालू खनन एवं रंगदारी को लेकर दो पक्षों ने थाने को दिया आवेदन, पुलिस कर रही जांच

- वहीं सिरदला थाना क्षेत्र के इगुना मोड़ निवासी प्रयाग प्रसाद के पुत्र सुबोध कुमार ने रजौली थाने को लिखित आवेदन देकर बताया कि बीते मंगलवार के दोपहर 12 बजे वे अपने ट्रैक्टर से गोबर एवं कचरा फेंकने गये थे।

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के अनुमण्डल कार्यालय के समीप एक बगीचे में अवैध बालू खनन को लेकर डाकधारी एवं स्थानीय लोगों में नोकझोंक का वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म व्हाट्सएप व फेसबुक आदि पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में स्थानीय साधु यादव नालंदा जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के तेतरामा के रविंद्र प्रसाद से बालू लदे ट्रैक्टरों की कागजात किस हैसियत से देखने की बात कही जा रही है। साथ ही वीडियो में आठ-दस गाड़ियों पर दर्जनों लोग सवार होकर गांव-गांव घूमने पर भी सवाल उठाया जा रहा है। वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि हमारा अखबार नहीं करता है। वहीं सिरदला थाना क्षेत्र के इगुना मोड़ निवासी प्रयाग प्रसाद के पुत्र सुबोध कुमार ने रजौली थाने को लिखित आवेदन देकर बताया कि बीते मंगलवार के दोपहर 12 बजे वे अपने ट्रैक्टर से गोबर एवं कचरा फेंकने गये थे। इसी बीच दस गाड़ियों के साथ उपरटंडा निवासी सरण यादव के बेटे विजय यादव, विजय यादव के बेटे विपिन राज, नालंदा जिले के तेतरामा गांव निवासी रविंद्र यादव, सिरदला थाना क्षेत्र के भलुआ गांव निवासी रामजी प्रसाद के बेटे प्रदीप यादव एवं रजौली के भड़रा गांव निवासी गोविंद यादव के पुत्र साधु यादव अपने साथ लगभग 30 लोगों के साथ हरवे हथियार के साथ ट्रैक्टर को चारों तरफ से घेर लिया और मारपीट करने लगे। साथ ही मुझे जबरन पकड़कर बांके मोड़ स्थित बगीचे में बंधक बनाकर लेकर चले गए। पीड़ित युवक द्वारा गिड़गिड़ाने पर वे लोग 50 हजार रुपये दिए जाने के बाद छोड़ने की बात कही, अन्यथा केस में फंसाने की धमकी भी दी। जिसके बाद एक सम्बन्धी द्वारा 10000 रुपये फोन पे द्वारा ट्रांसफर किया गया एवं 40000 रुपये नदगी लिया।वहीं नालंदा के रविंद्र प्रसाद ने थाने को लिखित आवेदन देकर चौथा गांव निवासी स्व केदार यादव के पुत्र गौतम कुमार उर्फ साधु यादव, पप्पू यादव व सोनू यादव के साथ रहे 20 अन्य लोगों पर अवैध बालू खनन कर निर्माणाधीन रेलवे ठेकेदारों को बेचने का आरोप लगाया है। साथ ही इसमें स्थानीय प्रशासन के मिली भगत होने की बात कही है। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि दोनों पक्षों से लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांचोपरांत उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# कार समेत 141 बोतल विदेशी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

**कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)।** कौआकोल पुलिस को बुधवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर रानीबाजार सूर्य मंदिर के पास से एक कार पर झारखंड के नारोटांड़ की ओर से काफी मात्रा में विदेशी शराब लेकर आ रहे एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। वहीं इस दौरान पुलिस ने लाइनर का काम कर रहे एक अन्य शराब धंधेबाज को भी मौके पर से बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान रोह थाना के महकार गांव निवासी उमेश यादव के पुत्र कौशल कुमार के रूप में किया गया है जबकि लाइनर के रूप में काम कर रहे युवक गोविंदपुर के सोनु कुमार बताया जाता है। कौआकोल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार नम्बर की एक सेंट्रो कार से 141 बोतल विदेशी एवं महंगी शराब बरामद किया गया है।

# नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत एसएसबी ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** 32वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट चन्द्रजीत के निर्देशन एवं उपनिरीक्षक नीरव कुमार के नेतृत्व में 'ई' समवाय 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा 13 जून से चलाए जा रहे नशा मुक्त पखवाड़ा कार्यक्रम का बुधवार को समापन समारोह आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में नशा मुक्ति को जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को नशीला पदार्थ से बचने के लिए जागरूक किया गया। वहीं प्रखण्ड के कई विद्यालयों में नशा मुक्त पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर युवाओं को




नशा के लत से छुटकारा पाने के लिए जागरूक किया गया। सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों ने नशा मुक्ति जागरूकता पर विशेष बल देते हुए कहा कि नशा के शिकार व्यक्ति न सिर्फ आर्थिक,शारीरिक व मानसिक नुकसान सहता है,बल्कि वह अपना समाज में स्वयं के गरिमा को भी खो देते हैं। ऐसे में वह अपना नुकसान करता ही है। साथ ही देश पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ता है। ऐसे में सामाजिक स्तर पर भी लोगों को 'नशा जागरूकता अभियान पर गहरी निगाह रखने की जरूरत है, ताकि समाज में नशे में लिप्त युवाओं को सुधारा जा सके।

# पोखर में डूबने से अधेड़ की मौत

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखण्ड के मंझिला पंचायत के गादी मंझिला गांव अवस्थित निकरा परियोजना के तहत खुदवाए गए एक तालाब में नहाने के दौरान डूबकर एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जाता है कि गादी मंझिला गांव निवासी लगभग 55 वर्षीय सरयुग मांझी स्नान करने उक्त तालाब में गए थे। अचानक उनका पैर फिसल गया और वे तालाब के अंदर चले गए,जहां डूबकर उनकी दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना कौआकोल पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

# जलवायु अनुकूल कृषि विषयक पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** प्रखंड के जेपी आश्रम परिसर अवस्थित केवीके प्रशिक्षण केंद्र में बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा, नवादा के बैनर तले अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत जलवायु अनुकूल कृषि विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन केवीके के प्रभारी वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह, कोर्स संचालक रविकांत चौबे, डॉ. शशांक शेखर सिंह एवं रौशन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवादा जिला के विभिन्न प्रखंडों से 30 किसान शामिल हुए। केवीके के वैज्ञानिकों ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान किसानों को जलवायु के अनुकूल खेती करने के तौर-तरीकों के साथ इससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि वैज्ञानिकों ने कहा कि यदि किसान जलवायु के अनुकूल खेती करते हैं तो प्रकृति के द्वारा भी किसानों को कृषि में मदद किया जाता है। जलवायु के अनुकूल खेती करने से जहां एक तरफ किसानों को खेती में कम लागत आएगी, वहीं दूसरी तरफ पैदावार भी बढ़ेगा।



# मुजफ्फरपुर के पत्रकार शिव शंकर झा की निर्मम हत्या

निज संवाददाता

**नवादा।** बीती रात मुजफ्फरपुर जिले के पत्रकार शिव शंकर झा की असामाजिक तत्वों ने गर्दन पर चाकू से गोदकर बड़ी ही निर्मम तरीके से हत्या कर दी है। इस घटना से बिहार के पत्रकारों में अत्यधिक रोष है। घटना को लेकर विभिन्न पत्रकार संगठनों ने घटना की निंदा करते हुए पत्रकार शिव शंकर झा के हत्यारों की गिरफ्तारी एवं स्पीड़ी ट्रायल से सजा दिलाने एवं परिवार को आर्थिक मुआवजा की मांग की हैं। इंडियन जर्नालिस्ट एशोसीएशन बिहार के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत सम्राट, प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, राकेश रौशन, मनीष कमलिया, नरेंद्र सिंह,प्रदीप कुमार सहित दर्जनों पत्रकारों ने घटना की कड़ी निंदा की है। घटना का निंदा करते हुए नवादा आईरा के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है और लगातार पत्रकारों पर हमला हो रहा है। इसे लोकतंत्र पर हमला मानी जानी चाहिए। उन्होंने कहा की घटना को लेकर सभी संगठनों को अपनी एकजुटता का परिचय देतें हुए सरकार से पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। जिले के दर्जनों पत्रकारों ने घटना की कड़ी निंदा की हैं।


**ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (द्वितीय आमंत्रण) अल्पकालीन**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–02/2024-25/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 26.06.2024

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | Construction of Multipurpose Shopping Complex at Mangra, Block-Barwadih, Latehar | 1,38,38,600.00 |

1. कार्य पूर्ण की अवधि :– 09 (Nine) Months
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 02/07/2024 को 11:00 बजे
3. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 09/07/2024 को 11:00 बजे
4. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
5. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 10.07.2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, राँची।
6. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :–9431501121
7. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :–8434414939
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Note :-** UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

प्रथम आमंत्रण PR 317752 (Building) 23-24*D

PR 327809 Building(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**(1st Call)**

निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-03/2024-25 दिनांक -25.06.2024

| | |
|---|---|
| 1 | Name of Work - Relocation of Defunct T/Well 125 x 115 mm dia and 60 mtr (av.) deep Drilled Tube well with installation of IM -II Hand pump, PCC P latform and 3.0 m. long drain on turnkey basic in different rural habitation in Garhwa district for the year 2023 -24. |

| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| GAR/SR/60 mtr-01 | 65 Nos | 54.44497 | 1.10 | 10,000.00 | 90 Days |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | | 27.06.2024 समय 02:00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | | 03.07.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | – | 03.07.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | – | 04.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | - | ई0 प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – 9973003856 | | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – 0651–2490920 | | |

**नोट** – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR 327707 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला सचिव ने कर्मचारियों के साथ की बैठक

**आरा।** बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ जिला शाखा भोजपुर के जिला सचिव संजय कुमार सिंह ने अपने प्रवास के कार्यक्रम के तहत अंचल कार्यालय गड़हनी व अगिआंव के कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में राजस्व कर्मचारियों से संबंधित जो भी समस्या कार्यालय स्तर तक अथवा क्षेत्रीय समस्या तक है, उसके बारे में विस्तार से जानकारी ली। अंचल कार्यालय गड़हनी और अगिआंव में नव पदस्थापित राजस्व कर्मचारी का लगभग 1 वर्ष 10 माह बीत जाने के बाद भी सेवा पुस्तिका नहीं खोली गयी है। इसको लेकर जिला सचिव ने कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में काम करते रहिए। इस मांग को लेकर अपर समाहर्ता व समाहर्ता को जल्द ही जानकारी देकर सेवा पुस्तिका खुलवाने का प्रयास होगा। दाखिल खारिज के मामले पर भी चर्चा की गयी। इसको लेकर सभी राजस्व कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि सभी लोग निष्ठा पूर्वक सरकार के कार्य को करते रहें।

### अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी दर्ज

**कोईलवर।** अवैध बालू परिचालन व खनन के खिलाफ चांदी पुलिस ने कार्रवाई किया है। इसी बीच चांदी पुलिस ने सोमवार को देर रात विशुनपुर बालू घाट पर छापेमारी कर अवैध बालू लदा चार ट्रैक्टर जब्त किया गया। वहीं पुलिस को आता देख ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़ भाग खड़ा हुआ। जब्त ट्रैक्टर पर बिना चालान का बालू लदा था। मामले में चांदी थाना में सभी ट्रैकटरों पर कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई थानाध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में की गई। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि सोन नदी से बालू के अवैध खनन व परिचालन की लगातार सूचना थाना को मिल रही थी। लिहाजा एक टीम गठित की गई और छापेमारी किया गया।

### सामुदायिक शौचालय, छठ घाट समेत तीन योजनाओं का मेयर ने किया उद्घाटन

**आरा।** निगम की मेयर इंदु देवी ने नगर निगम के वार्ड नंबर-2 एवं वार्ड नंबर-4 में सामुदायिक शौचालय, छठ घाट समेत तीन योजनाओं का उद्घाटन किया। सोमवार को शहर के गौस गंज में सामुदायिक शौचालय एवं मारुति नगर खजियार टोला में छठ घाट एवं पीसीसी सड़क का उद्घाटन हुआ। इंदू देवी ने कहा कि आरा शहर का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है। इसी कड़ी में आज सामुदायिक शौचालय, सड़क समेत तीन योजनाओं का उद्घाटन किया गया। सामुदायिक शौचालय के निर्माण से खासकर महिलाओं को काफी सहूलियत होगी।

### महिला और बच्चों के खिलाफ अपराध पर है फोकस



**बक्सर।** अपराधी कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को संसद भवन से पारित किया गया है जो जुलाई 2024 से लागू होने वाली है। इस नए कानून से खासकर महिला एवं बच्चों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ के लिए बना है साथ ही साथ आपराधिक कानूनों में कई प्रावधान किए गए हैं जो स्वागत योग्य है। इससे मानवीय पक्ष सामने आएगी तथा ससमय न्याय मिलेगा। इसकी जानकारी भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष वरीय अधिवक्ता सुमन कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सभी मीडिया के लोगों से आग्रह किया है कि इस कानून को अपने माध्यम से जनता तक पहुंचाने का काम करें।जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में यह भी कहा है की ऐतिहासिक कानून के बनने के साथ ही भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नए युग की शुरुआत हुई है।

### दुग्ध उत्पादक किसानों को दिया गया प्रशिक्षण




**आरा।** कृषि विज्ञान केंद्र भोजपुर व राष्ट्रीय बीज निगम पटना द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत कृषक उत्पादक संगठन पर आधारित किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी शत्रुघ्न साहू, वरिष्ठ वैज्ञानिक सह कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ पीके द्विवेदी, उत्पादन प्रभारी विजय कुमार, प्रक्षेत्र प्रबंधक संजीव कुमार, राष्ट्रीय बीज निगम पटना के विपणन प्रभारी हंसराज कुशवाहा ने किया। प्रक्षेत्र प्रबंधक ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य भोजपुर जिले में दुग्ध उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है और इसमें चारे की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्रीय बीज निगम कई प्रकार के नवीनतम चारों की किस्म को लेकर आया है, जिसमें कुछ वार्षिक है और कुछ बहु वार्षिक। जैसे अनंत ज्वार की किस्म है जिसे एक बार लगाने पर 3 सालों तक लगातार आप चारे की कटाई कर सकते हैं। जिला कृषि पदाधिकारी शत्रुघ्न साहू ने कहा कि जिले में संस्था का अपना एक निजी काउंटर होना चाहिए, जहां पर किसानों को बीज आसानी से उपलब्ध हो सके। बीज निगम के उत्पादन प्रभारी ने कहा कि अगर कोई बीज निगम से जुड़कर बीज उत्पादन का कार्यक्रम करना चाहते हैं तो उन्हें मात्र 1000 शुल्क के एक स्टांप पेपर पर एक सहमति पत्र के साथ संस्था से जुड़ना होगा। कृषि वैज्ञानिक शशि भूषण कुमार शशि ने कहा कि हम आज विश्व में सर्वाधिक दूध उत्पादन कर रहे हैं परंतु प्रति जानवर अगर हम दूध उत्पादन की बात करें तो उसमें हमलोग अभी काफी पीछे हैं। हम अंतरराष्ट्रीय मानकों पर अभी भी पीछे चल रहे हैं। हमें अपने जानवरों को सोयाबीन कपास की खली, गाजर एवं पर्याप्त मात्रा में हरा चारा देना चाहिए, जिससे दूध की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हो सके।

### अभाविप ने प्रशासनिक भवन में की तालाबंदी

**आरा।** छात्रों के विभिन्न समस्याओं को लेकर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशासनिक भवन से निकालकर मुख्य गेट पर कार्यकर्ताओं ने तालाबंदी कर दी। दक्षिण बिहार प्रांत के सह मंत्री डॉ. राज पाण्डेय ने कहा कि जिस तरह से विश्वविद्यालय में लगातार छात्रों के साथ अत्याचार और उनका शोषण किया जा रहा है। यह सहनीय नहीं है। विद्यार्थी परिषद का यह आंदोलन जारी रहेगा। दक्षिण बिहार प्रांत के राज्य विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख छोटू सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में तानाशाही का माहौल है। छात्रों की मांगों को बिल्कुल भी नहीं सुना जा रहा है। स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र, 2024-2028 के नामांकन में धांधली हो रही है। दक्षिण बिहार प्रांत के खेलो भारत आयाम सह संयोजक चंदन तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय में आए दिन मारपीट की घटना आम हो गई है। असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग रहा है। विश्वविद्यालय में सिक्योरिटी गार्ड मूकदर्शक की भूमिका में बने हुए है। रोहतास जिले के सूरज सिंह ने अपने जिले में हो रहे अवैध वसूली एवं भ्रष्टाचार पर ध्यान उत्कृष्ट कराया। बक्सर जिले के जिला संयोजक अविनाश पांडेय ने कहा कि महाविद्यालयों में आए दिन मनमानी एवं छात्रों से अवैध वसूली की जाती है। प्रदर्शन में ऋतुराज चौधरी, जिला संयोजक अनूप सिंह, अक्षत पांडेय, समीर सिंह, प्रियांशु पांडेय, चंदन कुमार, अनीश सिंह, राहुल राय, सचिन राय, नीतीश सिंह, रोहित कुमार, विक्रांत ओझा, प्रमोद कुमार, रोहित राज और आनंद तिवारी सहित कई मौजूद थे।

# आरा में DJ संचालक की पिटाई, दस लाख रंगदारी मांगने का आरोप

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव के बधार में पैसे के विवाद को लेकर एक डीजे संचालक की जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज मोहल्ला निवासी राम स्वरूप राम का 22 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार है एवं वह पेशे से डीजे संचालक है। डीजे संचालक गोलू कुमार ने बताया कि कुछ युवक द्वारा उसे बाइक से जमीरा गांव के बधार ले जाया गया। वहां ले जाकर आम के पेड़ में बांधकर



उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई के दौरान उनके द्वारा कहा गया कि अगर तुमने 10 लाख रुपए नहीं दिए तो यहां से जिंदा नहीं जाओगे। इसके बाद उसने फोन कर किसी व्यक्ति से डेढ़ लाख रुपए कर्ज लेकर उन्हें दिया। तब जाकर उन लोगों द्वारा उसे छोड़ा गया। उसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, दूसरी ओर जख्मी

❒ **पीड़ित ने कहा-आरोपियों ने डेढ़ लाख लेने के बाद छोड़ा**

संचालक गोलू कुमार ने फोन करने वाले और उसे लेकर बधार में गए उक्त युवकों पर दस लाख रुपए रंगदारी की मांग को लेकर उसे लोहे के रॉड से मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाया है। नगर थानाध्यक्ष देवराज ने बताया कि जख्मी युवक द्वारा फोन कर जानकारी दी गई है। जो भी मामला सामने होगा, उस पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद जख्मी युवक और उसके परिजन डरे एवं सहमे हुए हैं। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# पुलिस पर हमला मामले में सात की गिरफ्तारी

निज संवाददाता। आरा

अगिआंव बाजार थाना के खननी कला गांव में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर हमला हुआ था। मामले में पुलिस ने सात और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी एएसपी परिचय कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खननी कला गांव निवासी गुड्डू कुमार उर्फ चितरंजन, नागेन्द्र राम, दर्शई राम, रवि शंकर कुमार, प्रदीप कुमार उर्फ सूरज, भगवान बैठा और रवि कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

**42 को नामजद किया गया है:** इससे पूर्व ओम प्रकाश को जेल भेजा गया था। इस केस में अभी तक कुल आठ की गिरफ्तारी हो चुकी है। शेष अन्य की तलाश जारी है। थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी गुप्ता के बयान पर हुई प्राथमिकी में 42 को नामजद और करीब सौ-डेढ़ सौ अज्ञात को



अभियुक्त बनाया गया है। केस में पुलिस बल पर हमला कर हत्या का प्रयास करने, पुलिस गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने, पकड़े गए आरोपितों को पुलिस अभिरक्षा से भगाने और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि रविवार की शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि खननी कला गांव निवासी सुदर्शन मुसहर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मिलकर अवैध शराब की बिक्री कर रहा है, जिसके बाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस बल और सीआईटी टीम के साथ छापेमारी की गई। टीम ने सुदर्शन मुसहर को पकड़ा।

# बंगाल निवासी को स्कॉर्पियो ने रौंदा, मौत, किराए के मकान में रहकर मजदूरी करता था

❒ **सब्जी लाने घर से निकला था बाजार**

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के भड़सरा गांव में मंगलवार की देर शाम स्कॉर्पियो ने पश्चिम बंगाल निवासी एक मजदूर को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के खजरा गांव निवासी धीरेन बउरी का 32 वर्षीय पुत्र गौतम बउरी है एवं वह पेशे से मजदूर था। वह वर्तमान में शाहपुर थाना क्षेत्र के बनाही गांव में किराए का मकान लेकर रहता था एवं मजदूरी का काम करता था। इधर, मृतक को इलाज के



लिए अस्पताल लेकर आए स्थानीय मो.अख्तर आलम ने बताया कि वह सब्जी खरीदने के लिए भड़सरा गांव जा रहे थे। जैसे ही भड़सरा गांव के समीप पहुंचे। तभी विपरीत दिशा से आ रही एक स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी शिखा बउरी और एक बेटी समा बउरी है।

# अश्विनी चौबे बोले-आपातकाल की विभीषिका भुलाई नहीं जा सकती, दिल्ली के कांस्टीट्यूशनल क्लब में हुआ कार्यक्रम

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के पूर्व सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के नेतृत्व में दिल्ली के कांस्टीट्यूशनल क्लब में आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आपातकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा यातना के शिकार बड़ी संख्या में आंदोलनकारी बिहार,उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश दिल्ली आदि से पहुंचे थे। आपातकाल को जयप्रकाश नारायण आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है। आजादी के बाद इसे लोकतंत्र की दूसरी आजादी का भी नाम दिया गया है। केंद्रीय मंत्री ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देश के पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू उपस्थित थे। उन्होंने आपातकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा उनके साथ हुए प्रताड़ना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि "इंदिरा गांधी की सरकार द्वारा आपातकाल ने देश के लोकतंत्र पर कलंक लगाया। सभी छात्रों के लिए पाठ्यपुस्तकों में एक पाठ होना चाहिए कि आपातकाल क्या था और इसे कैसे लगाया गया था?...छात्रों को आपातकाल के बारे में जानना चाहिए"। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत ने कहा कि आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय है। इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। रक्षक ही भक्षक बन गए थे। कंगना रनौत ने अपनी फिल्म इमरजेंसी के बारे में भी सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म कांग्रेस की काली करतूत से



अवगत कराएगी। उन्होंने 6 सितंबर को इस फिल्म की रिलीज की भी घोषणा की। पूर्व केंद्रीय मंत्री जेपी सेनानी अश्विनी चौबे ने कहा कि आपातकाल लगाकर इंदिरा की सरकार ने भारत की संविधान का गला घोंट दिया था। आज उनके परिवार और उनके पार्टी के लोग संविधान दिखाकर झूठ फैलाने का कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस ने जो लोकतंत्र के साथ विश्वास घात किया उसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आए लोकतंत्र सेनानियों को पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने सम्मानित किया। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर सभी लोकतंत्र सेनानियों को पेंशन की सुविधा दी जाए। उन्हें उचित सम्मान मिले। कार्यक्रम को लोकतंत्र सेनानी संगठन के अध्यक्ष कैलाश सोनी ने संबोधित किया। उन्होंने आपातकाल के समय की स्थिति से सभी को अवगत कराया।

# वो पढ़ना चाहती थी, हमने शादी कर दी, मार डाला, मां बोली-जैसे वो तड़पी, ससुराल वाले भी तड़प

निज संवाददाता। आरा

रौशनी (24) पढ़ने में काफी तेज थी। वो मुझसे हर बात शेयर करती थी। हमेशा पापा-पापा करती रहती थी। रौशनी टीचर बनना चाहती थी, लेकिन मैंने उसकी शादी कर दी। मुझे लगा वो खुश रहेगी। पर जालिम ससुराल वालों ने दहेज के लिए उसकी हत्या कर दी। बेटी को दामाद लात-घूंसे से पीटता था। अब उसकी डेढ़ साल की बेटी अनाथ हो गई। रौशनी के पति को फांसी से कम सजा नहीं होनी चाहिए। यह दर्द है भोजपुर निवासी रौशनी के पिता महेश बाबू उर्फ टुन्नी बाबू का। 6 महीने की गर्भवती बेटी की हत्या से पिता बिल्कुल टूट गए है। रौशनी मां-पिता की इकलौती बेटी थी। रौशनी की मां कहती है- जैसे मेरी बेटी को तड़पा कर मारा है, उसी तरह ससुराल वालों



को सजा मिलनी चाहिए। दरअसल, मायके वालों ने ससुराल वालों पर गर्भवती रौशनी की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पिता का आरोप है कि 2 साल पहले ही बेटी की शादी की थी। शादी के बाद से लड़का कहता था कि तुम पसंद नहीं। उसकी मां और बहन से रोज लड़ाई होती थी। पूरे परिवार ने रविवार को बेटी की हत्या कर दी। रौशनी के गले पर चोट के निशान थे, साथ ही शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट लगी थी। पुलिस ने इस मामले में रौशनी के सास-ससुर को गिरफ्तार भी किया है, लेकिन रौशनी के पति चंदन अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। रौशनी का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। रौशनी को मुखाग्नि उसके छोटे भाई नीरज (18) ने दी है। रौशनी अपने पीछे एक नौ महीने की बेटी वैष्णवी को छोड़ गई है। रौशनी के पिता महेश बाबू कहते हैं कि चंदन और रौशनी की सगाई 8 मार्च 2021 हुई थी। इसके बाद 27 अप्रैल 2022 को शादी हुई। मैंने लड़के वालों को पांच लाख नगद, दो भर की सिकड़ी, दो सोने की अंगूठी (लड़का के लिए), पलंग, बर्तन, सोफा, फ्रीज, एसी और छोटा बड़ा सामान दिया था। उसके बाद भी वे लोग दहेज के लिए रौशनी को प्रताड़ित करते थे। रौशनी को हमेशा ताना देता था कि तुम्हारे बाप ने हम लोग को क्या दिया है। क्या लेकर आई हो। ससुराल वाले लगातार बुलेट बाइक को लेकर विवाद खड़ा करता था। उसकी ननद लगातार कलह कराती रहती थी। चंदन, रौशनी को लात-घूंसे से मारता था। महेश बाबू के अनुसार, रौशनी पढ़ने में बहुत तेज थी। मिशनरी स्कूल से मैट्रिक परीक्षा में 72% और हर प्रसाद दास जैन कॉलेज से इंटर की परीक्षा में 70% अंक प्राप्त की थी। रौशनी आगे भी पढ़ाई करना चाहती थी और टीचर बनना चाहती थी। लेकिन, नवादा थाना क्षेत्र के बाजार समिति मोहल्ले निवासी अंटु कुमार उर्फ चंदन से रौशनी की शादी हुई। इसके बाद ससुराल वालों ने रौशनी को कभी पढ़ने नहीं दिया। वहीं, चंदन की आटा चक्की की मशीन है। इधर, रौशनी की मौत की खबर से उसकी मां की तबीयत खराब हो गई है। गले से आवाज नहीं निकल रहा है।

# डिलीवरी बॉय से लूटपाट मामले में तीन को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस को दो बड़ी कांडों में सफलता हाथ लगी है। पहली घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत घुटुर के डेरा, कौरा के पास डिलीवरी ब्वाय से लूटपाट किए जाने के मामले में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी मंगलवार को सदर एएसपी परिचय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि गड़हनी के सुल्तानपुर गांव निवासी अक्षय कुमार, गड़हनी के मदुरी गांव निवासी अनुप कुमार एवं रोहतास जिले के कोचस थाना के बहटूटिया गांव निवासी राज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। लूट के दो मोबाइल बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि गजराजगंज ओपी के छोटा सासाराम गांव निवासी प्रताप कुमार सिंह डिलीवरी ब्वाय का काम करता है। 14 जून को वह सामान



डिलीवरी करने जा रहा था कि उसी दौरान घुटुर के डेरा, कौरा के पास तीन बाइक पर सवार बदमाशों ने हथियार का भय दिखाकर सारा सामान करीब 4728 रुपए नकद एवं मोबाइल लूट लिया था। इसे लेकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई थी। इस दौरान दारोगा जयंत कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने कांड में संलिप्त तीन बदमाशों को मोबाइल समेत धर दबोचा। वहीं, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुंदरपुर-कुड़ियां गांव में बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले अवैध हथियार समेत एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# 485 साल पहले चौसा इतिहास में हुआ था दर्ज, आज ही के दिन हुमायू और शेरशाह में हुआ था युद्ध

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर से 11 किलोमीटर स्थित चौसा गांव का नाम इतिहास के पन्नो में आज ही के दिन 26 जून 1539 को सुनहरे अक्षर में दर्ज किया गया। चौसा में अपने सैनिकों के साथ डेरा डाले मुगल शासक पर रात्री में अफगानी शेरशाह ने अचानक हमला कर दिया था। जहां कुछ देर युद्ध के बाद हुमायू को चौसा गंगा के नदी में कूदकर अपनी जान बचानी पड़ी। चौसा में वह स्थान अभी भी मौजूद है। जिसको चौसा लड़ाई का मैदान के नाम से आज भी जाना जाता है।काफी दिनों से उपेक्षित इस स्थल पर अब पर्यटन विभाग की नजर पड़ी है। जिसका 2023 से सौंदर्यकरण को लेकर निर्माण कार्य प्रारंभ है जो की चार फेज में किया जायेगा। इस स्थल की खुदाई पुरातत्व विभाग द्वारा भी किया गया। जहां युद्ध से संबंधित तो कुछ नही मिला लेकिन 5000 वर्ष पुरानी सभ्यता का पता चला जिससे यह पता चला की उस समय में चौसा एक संपन्न शहर था।

**चौसा के निजाम भिस्ती ने**



**हुमायूं को कराया था गंगा पार:** बता दे की शेरशाह गोरिल्ला युद्ध में काफी पारंगत था जिसके चलते वह लड़ाई के वक्त हुमायूं पर भारी पड़ा था। हुमायूं चौसा गांव के गंगा और कर्मनाशा नदी के संगम के पास अपना डेरा तीन महीने से डाले हुए था। जिस पर रात के अंधेरे में शेर शाह द्वारा अचानक हमला बोल दिया गया। जिसमें हुमायूं और उसके सैनिकों को सम्भलने का मौका तक नही मिला। ऐसे में अपनी जान बचाने के लिए हुमायूं को उफनती गंगा में कूदना पड़ गया । बताया जाता है कि जब युद्ध में थकने के बाद गंगा में हुमायूं डूबने लगा था तभी चौसा के निजात भिस्ती की नजर उन प पड़ गई थी। अपनी जान को हथेली पर रखकर भिस्ती ने पानी भरने वाले मसक के सहारे हुमायूँ को डूबने से बचा लिया। इस युद्ध में परास्त हुमायूँ जब दोबारा दिल्ली की गद्दी पर बैठा तो उसकी जान बचाने



निजाम भिस्ती को चौसा से बुलाकर आधे दिन के लिए दिल्ली की सल्तनत का बादशाह बनाया था।दिल्ली की राजगद्दी पर बैठते ही निजाम भिस्ती ने पूरे देश मे चमड़े का सिक्का चलाने का आदेश दिया था।

**पुरातत्व विभाग की खुदाई में मिली पुरातन सभ्यता:** 2011 में भारत सरकार से मिली अनुमति पर राज्य सरकार द्वारा पुरातत्व विभाग के माध्यम से खुदाई 2013 में प्रारंभ करायी गयी। खुदाई से इस स्थल का जुड़ाव शेरशाह युद्ध के अवशेष ही नहीं बल्कि पांच हजार वर्ष पुरानी गौरवशाली सभ्यता के प्रमाण भी मिले। पुरातत्व विभाग के अनुसार खुदाई में जैन, बौद्धकाल से लेकर गुप्तकाल के सैकड़ों टेराकोटा की छोटी-बड़ी मूर्तियां प्राप्त हुई है। हालांकि, खुदाई में अभी जितने भी अवशेष मिले है। उसे पटना में रखा गया है। जबकि, पुरातत्व विभाग द्वारा बताया जा रहा है

● **खुदाई में मिली 5000 साल पुरानी सभ्यता**

कि खुदाई में मिल रहे अवशेष से यहां पुरातन सभ्यता के होने का भी पता चल रहा है।

**किया जा रहा सौंदर्यकरण:** 4 दिसंबर 2023 को भूमि पूजन के साथ ही चौसा का लड़ाई मैदान का सौंदर्यकरण का कार्य शुरू कर दिया गया।यह कार्य राज्य के पर्यटन विभाग द्वारा कराया जा रहा है।जिसके लिए 4करोड़ रुपए खर्च करने की मंजूरी दी है। जिसके प्रथम किश्त के रूप में मिले 1 करोड़ 94 लाख 88 हजार 500 रुपए से पहले फेज का कार्य किया जा रहा है। जिसमें चारदिवारी के साथ साथ मुख्यगेट,टिकट काउंटर,चारो तरफ नाला का निर्माण आदि कार्य किया जाना है। हालांकि निर्माण कार्य काफी धीमी गति से होने के कारण अभी पहले फेज का कार्य अधूरा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मसौढ़ी में चोरी के सात मोबाइल जब्त, दो गिरफ्तार

**पटना, एजेंसी।** नदौल में मंगलवार को पुलिस ने छापेमारी कर चोरी के सात मोबाइल के साथ एक बदमाश और एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दुकानदार दीपक कुमार जहानाबाद के मोकर दौलतपुर गांव निवासी स्व. कृष्ण प्रसाद का पुत्र है। वह नदौल बाजार में गुमटीनुमा दुकान चलाता है। दुकान में वह चोरी का मोबाइल खरीदकर बेचता था। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादवेंदु ने बताया कि मोबाइल चोर निखिल कुमार नदौल पचपनपर गांव निवासी पप्पू यादव का पुत्र है जो ट्रेनों के यात्रियों के अलावा राहगीरों का मोबाइल छिनतई धंधा करता था। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में शिकायत मिलने पर पुलिस टीम ने पचपनपर निवासी चोर निखिल कुमार को चोरी का बिना सीम मोबाइल के साथ दवोचा गया। पुछताछ में अपराध स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि चुराई गई मोबाइल को दीपक कुमार नामक दुकानदार को बेचता है। निखिल के निशानदेही पर बिना सीम का छह चुराई गई मोबाइल दीपक के दुकान से बरामद हुआ। गिरफ्तार मोबाइल चोर ने पुलिस को बताया कि मोबाइल छिनतई कर सीम निकाल कर फेंक देते थे। मसौढ़ी? थाने में सब इंस्पेक्टर जया कुमारी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर गिरोह के अन्य अपराधियों के बारे में छानबीन की जा रही है।

### बैंक में लालच देकर 70 हजार रुपए उड़ाये

**पटना, एजेंसी।** धनरुआ थाना क्षेत्र के पभेड़ी मोड़ स्थित मध्य बिहार ग्रामीण बैंक की शाखा में मंगलवार को दो बदमाशों ने दो लाख का लालच देकर 70 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने धनरुआ थाने में दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, पुलिस बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज से दोनों बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। धनरुआ के डुमरा निवासी पुरुषोत्तम कुमार मंगलवार को मध्य बिहार ग्रामीण बैंक में 70 हजार रुपए जमा करने पहुंचे थे। बैंक में पहले से मौजूद लोगों ने उनसे लाल कपड़े में नोटों का बंडल दिखाया और कहा कि रुपये चोरी कर है। आप इसे रख लीजिए और हमें अपना रुपए दे दीजिए। पुरुषोत्तम ने लालच में आकर अपनी पूरी रकम दे उनको दे दिया। इसके बाद दोनों वहां से फरार हो गए। जब पुरुषोत्तम ने कपड़े से नोटों का बंडल निकालकर देखा तो उनके होश उड़ गए। उसमें कागजों का बंडल था और उसके ऊपर और नीचे कुछ नोट रखे गए थे। इस संबंध में थानेदार ललित विजय ने बताया कि बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज से दोनों बदमाशों की पहचान की जा रही है।

### बिहटा में सिलाई सीखने जा रही छात्रा से दुष्कर्म

**पटना, एजेंसी।** बिहटा थाना क्षेत्र के एक गांव में सिलाई सीखने जा रही 19 वर्षीया छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के परिजनों ने गांव के ही अभिषेक पटेल (24) पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने अभिषेक के खिलाफ बिहटा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने केस दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया। वहीं आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। वहीं घटना की जानकारी होने आसपास के लोग आक्रोशित होकर आरोपित के घर पंहुच गये। लेकिन उसके फरार बताए जाने पर जमकर हंगामा किया। बताया जाता है कि छात्रा प्रतिदिन बगल के गांव में सिलाई सीखने जाती थी। रास्ते में पड़ोसी अभिषेक पटेल ने छात्रा को बहला फुसला कर झूठा प्रेम का दिखावा करने लगा। मंगलवार को जब छात्रा सिलाई सेंटर जा रही थी, अभिषेक ने बहाना बनाकर अपने पुराने मकान पर ले गया। वहां पंहुचे ही उसने छात्रा के साथ जबरदस्ती करने लगा। शोर मचाने पर छात्रा के मुंह मे कपड़ा डालकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। घटना से मर्माहत पीड़ित ने घर पहुंच माता-पिता को घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी राजकुमार पांडे ने बताया कि पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। पीड़िता के परिजनों की लिखित शिकायत के आधार पर अग्रिम करवाई करते हुए आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# चुनाव के चलते नहीं खपा पाए 3 करोड़ का गोल्ड : 800-800 ग्राम बांटा

## लूट के 3 महीने बाद कॉन्फिडेंस से पटना में घूम रहा था



**पटना, एजेंसी।** पटना पुलिस ने डाकबंगला चौराहा पर हुए 3 करोड़ के सोना लूटकांड में अपराधी राजू पटेल उर्फ भैयाजी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गाय घाट इलाके से राजीव को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 800 ग्राम सोना, एक पिस्टल और एक गाड़ी बरामद किया है। इन अपराधियों कि गिरफ्तारी घटना के 110 दिन बाद हुई है। सिटी एसपी चंद्र प्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार राजीव पर कई संगीन केस दर्ज है। 7 मार्च को डाकबंगला चौराहे पर दिल्ली के कारोबारी से सोना लूट मामले में तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने इसके ऊपर 2 लाख रुपए का इनाम रखा था। ये घटना लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के ठीक एक हफ्ते पहले हुई थी। 16 मार्च को लोकसभा की अधिसूचना जारी होने के बाद पटना में पुलिस की सख्ती बढ़ गई थी। नतीजा ये रहा कि ये अपराधी लूटा हुआ सोना खपा नहीं सके।इस वजह से अपराधियों ने 800-800 ग्राम सोना आपस में बांट लिया और पटना में 3 महीने तक बिना किसी डर से पटना में घूमते रहे। दरअसल, तीन महीने पहले 7 मार्च में डाकबंगला चौराहे के पास दोपहर करीब 12 बजे दिल्ली के सोना कारोबारी अंसार अली को अपराधियों ने गोली मार दी थी। फायरिंग में कारोबारी का बेटा एहतेशाम भी घायल हुआ था। पिता-पुत्र को गोली मारने के बाद अपराधी 3 करोड़ का 5 किलो सोने से भरे बैग छीनकर फरार हो गए थे।

### वारदात के बाद पांच लुटेरे कोठी लॉज पहुंचे और बंटवारा किया

घटना से संबंध में बताया जा रहा है 7 मार्च 2024 को हुई इस बड़ी वारदात में राजू भी मौके पर था। उसी की पिस्टल से चली गोली से एहतेशाम घायल हुआ था। घटना के बाद सभी पांच लुटेरे रमना रोड स्थित पीली कोठी लॉज में पहुंचे और वहीं बंटवारा कर लिया। बटंवारे के वक्त वजन नहीं हुआ था। फिर हिस्सा लगाकर अपराधियों ने गहने बांटे और सभी वहां से अपने ठिकाने पर चले गए। इस मामले में पुलिस ने 11 मार्च को सैयद अली रजा हाशमी को गिरफ्तार किया था। वह एनएसयूआई का पूर्व छात्र नेता है।

9 अप्रैल को वारदात में शामिल बंटी उर्फ प्रतीक ने पटना सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया। बंटी पटना लॉ कॉलेज का थर्डईयर का छात्र है। वारदात में बाबर उर्फ फहीम और लक्की के अलावा एक लाइनर फरार है। सेंट्रल एसपी चंद्रप्रकाश ने बताया कि राजू वैशाली जिले का दो लाख का इनामी है। उसपर सारण में कई हत्या के आरोप हैं। वह बालू माफिया भी है। उसने अपना ठिकाना सारण और आरा में बना रखा था। पुलिस फरार चल रहे अन्य लुटेरों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी करने में जुटी है। लूटा गया सोना 3 किलो ही था, 5 किलो नहीं।

### किसी लाइनर ने दिल्ली कारोबारी के बारे में बताया था

राजू पेशेवर अपराधी है। बलिया में लूट के मामले में वह दो साल तक जेल में रह चुका है। बलिया में किसी भी घटना होने के बाद पुलिस जब उसके घर पर बार-बार छापेमारी करती तो घर वाले उससे तंग आ गए थे। उन्होंने राजू को घर से भगा दिया। उसके बाद वह सारण में बालू माफिया लाल बाबू राय के साथ रहा। वहां भी उसने कई संगीन वारदातों को अंजाम दिया। आरा के चांदी में बालू माफियाओं के साथ भी रहा। 10 साल पहले राजू ने सारण और स्थानीय लुटेरों के साथ मिलकर जालंधर में 10 करोड़ का सोना लूटा था। सारण और बेउर जेल में रहने के दौरान उसकी दोस्ती लुटेरों से हुई। जेल से निकलने के बाद वह रमना रोड स्थित पीली कोठी लॉज आने-जाने लगा।

वहीं, किसी लाइनर ने दिल्ली के कारोबारी अंसार अली के बारे में बताया कि वह सोना लेकर दिल्ली से आता है और डाकबंगला चौराहा के पास स्थित होटल में बेटे के साथ रहता है। उसके बाद लुटेरों ने 7 मार्च को वारदात को अंजाम दे दिया।

### भूतनाथ रोड से 800 ग्राम सोना बरामद हुआ

हाशमी और बंटी ने पूछताछ में राजू उर्फ भैयाजी का नाम बताया था। पुलिस को दोनों ने पटना में ठिकाने के बारे में भी बताया था पर वह यहां कम रहता था। आरा-सारण में ठिकाना बना रखा था। पुलिस इसके पीछे साढ़े तीन माह से लगी थी।

इसी बीच कोतवाली थानेदार राजन को सूचना मिली कि राजू गायघाट से काली स्कॉर्पियो से भूतनाथ रोड स्थित ठिकाने पर जा रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर गायघाट के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद पुलिस उसे भूतनाथ रोड ले गई जहां से 800 ग्राम सोना बरामद हुआ। जिस स्कॉर्पियो बीआर 01 एफएक्स 9601 को पुलिस ने जब्त किया है, वह प्रियंका मिश्रा के नाम से रजिस्टर्ड है। राजू का दावा है कि प्रियंका पत्नी है। पुलिस छानबीन कर रही है।

### फर्जी निवास व पति बता कर बन गई शिक्षिका, प्राथमिकी हुई दर्ज

**गोपालगंज/फुलवरिया, एजेंसी।** फर्जी निवास व पति बताकर एक महिला अभ्यर्थी ने प्रखंड शिक्षक पद पर नौकरी हासिल कर ली। इसका खुलासा निगरानी विभाग की जांच सवे हुआ है। नियोजित शिक्षिका के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने संबंधित शिक्षिका के कथित पति से पत्र के माध्यम से जवाब तलब किया है। जिसमें पति ने साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए बताया कि माया रानी नामक महिला उनकी पत्नी व शिक्षिका नहीं है। थानाध्यक्ष कैप्टन शाहनवाज ने बताया कि चार वर्ष पूर्व माया रानी नाम की एक महिला ने कुचायकोट प्रखंड व गोपालपुर थाने के गोपालपुर गांव के सतन राम के पुत्र बबलू कुमार राम को पति बताकर फर्जी निवास प्रमाण पत्र हासिल कर लिया। प्रखंड शिक्षक नियोजन अभ्यर्थी के रूप में फुलवरिया प्रखंड कार्यालय में आवेदन दिया। जिसके आधार पर उसे प्रखंड शिक्षक नियोजन समिति ने चयनित कर विद्यालय आवंटित कर दिया। निगरानी जांच के क्रम में मामले का खुलासा होने पर नियोजित शिक्षिका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जांच में पाया गया कि शिक्षिका फर्जी निवास बनवाकर पति के रूप में बबलू कुमार राम को पति बताया है। जबकि उसकी शादी गोपालपुर थाने के मादाचक गांव के श्याम बिहारी राम की पुत्री पुष्पा कुमारी के साथ तीन वर्ष पूर्व हुई है।



## देसी कट्टा और कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार, पूछताछ जारी

**बांका में बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में था**

**बांका, एजेंसी।** बांका के बाराहाट थाना क्षेत्र में एक अपराधी को एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अपराधी किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में था। उसके पूर्व पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर उसे धर दबोच लिया। गिरफ्तार अपराधी पूर्व में भी लूट कांड मामले में शामिल रहा है। थाना अध्यक्ष दीपक पासवान ने इसकी जानकारी दी है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान बाराहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलेरा गांव निवासी योगेंद्र यादव के पुत्र सुमन कुमार के रूप में हुई है।

**आर्म्स एक्ट के तहत होगी कार्रवाई :** बाराहाट थानाध्यक्ष दीपक पासवान ने बताया कि सूचना मिली थी कि फुलेरा गांव के पास एक अपराधी किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में देसी कट्टा लेकर घूम रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम का गठन कर उक्त जगह छापेमारी की गई। पुलिस को देखकर युवक पैदल ही भागने लगा। शक होने पर उसे खदेड़ कर पकड़ा गया। जिसकी तलाशी लेने के दौरान एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। फिलहाल गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ की जा रही है। जिसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## कैंप लगाकर ई केवाईसी कराया जाएगा:14153 किसान पीएम योजना का नहीं ले पा रहे लाभ

**प्रंखडस्तर पर लगेगा शिविर**

**गया, एजेंसी।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 338357 किसान पंजीकृत हैं। इसमें से केवल 294946 किसान ही पीएम किसान योजना का लाभ ले पा रहे है। शेष किसान को पंजिकृत होने के बावजूद इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। छोटे-छोटे कारण बता कर उन्हें इस योजना के लाभ से दूर रखा जा रहा है। गौरतलब है कि इस योजना के तहत 6 हजार रुपए दिए जाते हैं। लाभ लेने के लिए किसानों का ई केवाईसी होना जरूरी है। लेकिन जिले के 14153 किसानों का ई केवाईसी नहीं है। इस वजह से किसान योजना से वंचित है। हालांकि डीएम डॉ. त्यागराजन ने निर्देश दिया है कि प्रखंड स्तर पर कैम्प लगा कर ई केवाईसी किसानों का करवाए ताकि उन्हें योजना का लाभ मिलने में कहीं कोई दिक्कत न रहे।

### पीएम किसान योजना की 17वीं किस्त जारी

इसी तरह लैण्ड सीडिंग नहीं कराने के कारण 660 किसान वंचित हैं। डीएम ने सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ता को निर्देश दिया है कि संबंधित अंचल अधिकारी और प्रखंड कृषि पदाधिकारी के साथ बैठक करते हुए तेजी से किसानों को योजना का लाभ दिलवाए। एनपीसीआई (डीबीटी इनेबल) प्रखंड कृषि पदाधिकारी के माध्यम से करवाया जा रहा है। इससे 13749 किसान लाभान्वित होंगे। एनपीसीआई (डीबीटी इनेबल) त्रृटि वाले किसानों को इन्डियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक में नया खाता खुलवा सकते है। इसमें बैंक खाता खुलते ही किसान स्वतः एनपीसीआई (डीबीटी इनेबल) हो जाता है। डीएम ने बताया कि 294946 किसानों को पीएम किसान योजना की 17वीं किस्त जारी कर दी गई है। शेष किसानों के लिए कैंप लगा कर कागजात दुरुस्त करने का आदेश संबंधित अधिकारी को दिया गया है। कैंप का आयोजन प्रखण्ड स्तर पर शीघ्र ही किया जाएगा।



## 2 जुलाई को जॉब कैंप का होगा आयोजन:ड्रोन ऑपरेट करने के लिए 50 लोगों की होगी बहाली

**11,000 तक मिलेगी सैलरी**

**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार सरकार का श्रम संसाधन विभाग नियोजनालय के माध्यम से लगातार जॉब कैंप का आयोजन कर बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी कड़ी में एक बार फिर बेगूसराय नियोजनालय में 2 जुलाई को जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें टेक्नो ग्राउंड प्राइवेट लिमिटेड 50 लोगों को नौकरी उपलब्ध कराएगी। बेगूसराय में पहली बार ड्रोन के पायलट और असिस्टेंट पायलट के लिए जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। हाल के दिनों में यूको आरसेटी सहित विभिन्न माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों ने ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण लिया है। नियोजनालय में टेक्नो ग्राउंड प्राइवेट लिमिटेड की ओर से आयोजित होने वाले इस जॉब कैंप में 50 युवाओं को नौकरी दी जाएगी। शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक और इंटर रखा गया है। जॉब कैंप में 18 से 30 वर्ष के लोग शामिल होकर नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। जॉब लोकेशन बिहार और यूपी होगा। महीने में 8500 से 11000 तक सैलरी के अलावा पीएफ, ईएसआईसी, ग्रेच्युटी, इंसेंटिव, मेडिकल इंश्योरेंस और एसेंशियल डेथ इंश्योरेंस का ही लाभ मिलेगा।

### प्रशिक्षण ले चुके युवाओं के लिए सुनहरा मौका

जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेश ने बताया कि ड्रोन का प्रशिक्षण ले चुके युवाओं के लिए सुनहरा मौका है। निजी क्षेत्र की बड़ी कंपनी 2 जुलाई को सुबह 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक पनहांस चौक के समीप आईटीआई कैंपस के संयुक्त श्रम भवन स्थित जिला नियोजनालय में जॉब कैंप का आयोजन करेगी। एनसीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड अभ्यर्थी अपने बायोडाटा, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बाइक का पेपर, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र बैंक पासबुक और पासपोर्ट साइज के दो रंगीन फोटो के साथ इसमें भाग ले सकते हैं। सरकारी और निजी आईटीआई, जीविका, कुशल युवा कार्यक्रम, डोमेन स्किलिंग सेंटर, पीएमकेके, जिला कौशल प्रबंधक को सूचना दी गई है। जिससे कि अधिक से अधिक लोग इस जॉब कैंप का लाभ ले सकें।





## जमुई से आम लेकर जहानाबाद जा रहा रहा था, झपकी आने से हुआ हादसा

# तेज रफ्तार पिकअप पेड़ से टकराया, चालक की मौत, खलासी घायल

**जमुई, एजेंसी।** जमुई के सिकंदरा- शेखपुरा मुख्य मार्ग एनएच 333 ए महरथ मोड़ के पास बुधवार की सुबह आम लदे पिकअप वैन की सड़क किनारे पेड़ से जोरदार टक्कर में चालक की घटनास्थल पर मौत हो गई ।वहीं इस हादसे में खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक सिकंदरा व हलसी थाना क्षेत्र के सीमा महरथ मोड़ पर पिकअप वैन की पेड़ से टक्कर होने पर बड़ी घटना हुई है। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लग गई और इसकी सूचना सिकंदरा थाने को दी गई। मृतक चालक की पहचान जहानाबाद के परसबीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत अजयबीघा निवासी संजय यादव के पुत्र बंटी कुमार के रूप में हुई है। वहीं जख्मी खलासी की पहचान संतोषी यादव के पुत्र अजीत कुमार के रूप में हुई है।

### वाहन के उड़े परखच्चे

बताया जा रहा है कि कहलगांव से मालदा आम लोड कर जमुई सिकंदरा होते हुए जहानाबाद जा रहा था। तभी सुबह 4:00 बजे के करीब महरथ मोड़ के पास चालक को झपकी आ गई और सड़क किनारे पेड़ में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें चालक बंटी कुमार की मौके पर मौत हो गई और उपचालक अजीत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में पिकअप वैन के परखच्चे उड़ गए।

### जेसीबी की मदद से शव को निकाला

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सिकंदरा थाने के अवर निरीक्षक उमेश प्रसाद सिंह ने बताया की भागलपुर जिले के कहलगांव स पिकअप वाहन में आम लेकर जहानाबाद जा रहे हैं। तभी पिकअप चालक को नींद आ गई होगी और वाहन सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में चालक की मौत हो गई। जबकि उप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। जबकि मृतक चालक वाहन के अंदर फस गया था। जिसे जेसीबी व कटर मशीन के जरीए निकाला गया। पूरी घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई है। वहीं घटना के बाद सिकंदरा व हलसी सीमा रेखा को लेकर दोनों थाने की पुलिस आपस में तकरार करते दिखे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper





# केंद्रीय विद्यालय में कैसे बनते हैं टीचर?

**अगर आप भी केंद्रीय विद्यालय में टीचर बनने की सोच रहे हैं और आपको नहीं पता है कि केंद्रीय विद्यालय में टीचर कैसे बनते हैं तो आपको हम यहां पर बता रहे हैं कि कैसे केंद्रीय विद्यालय में टीचर बना जा सकता है।**

बहुत से युवाओं का सपना होता है कि वे टीचर बनकर बच्चों को पढ़ाएं। अगर आप भी टीचर बनना चाहते हैं और शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहते हैं तो केंद्रीय विद्यालय में टीचर बनकर आप अपना यह सपना पूरा कर सकते हैं। केंद्रीय विद्यालय में समय-समय पर टीचर के पद की वैकेंसी निकलती रहती हैं। केंद्रीय विद्यालय की वैकेंसी निकलते ही आपको अप्लाई करना होगा। अप्लाई करने के बाद रिटेन परीक्षा में उत्तीर्ण होकर इंटरव्यू क्लियर करना होगा। इंटरव्यू और मेडिकल के बाद आपको जॉइनिंग लेटर मिलेगा।

## एजुकेशनल क्वालिफिकेशन


केंद्रीय विद्यालय में टीचर बनने के लिए अप्लाई करने वाले कैंडिडेट को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम 50% मार्क्स के साथ ग्रेजुएट होना जरुरी है। साथ ही हिंदी और अंग्रेजी दोनों का ज्ञान होना चाहिए। कैंडिडेट की मैक्सिमम उम्र 35 वर्ष होना चाहिए। इसके अलावा कैंडिडेट्स को बैचलर ऑफ़ एजुकेशन कोर्स किया होना चाहिए। साथ ही अभ्यर्थी को सीटेट की परीक्षा भी पास किए होना चाहिए।

## क्या बीएड?

यह एक ग्रेजुएशन डिग्री प्रोग्राम है, जो आम तौर पर तीन से चार साल तक चलता है। इसमें छात्रों को स्कूलों में टीचर के रूप में काम करने के लिए ट्रेन किया जाता है। क्क्षश्वस्र में एडमिशन के लिए अभ्यर्थियों को ग्रेजुएट डिग्री कम से कम 50 परसेंट मार्क्स और कुछ सब्जेक्ट्स में 55 परसेंट मार्क्स के साथ पास करना ज़रूरी है।

## सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट एग्जाम

केवी का टीचर बनने के लिए छात्र का CTET एग्जाम पास करना जरुरी है। CTET एक परीक्षा होती है, जिसे पास करने के बाद आप केंद्र और राज्य स्तर के विद्यालयों में शिक्षक पद के लिए अप्लाई कर सकते हैं। CTET का आयोजन साल में दो बार होता है। इसमें दो पेपर होते हैं। पहला पेपर प्राइमरी एजुकेशन यानी 5वीं तक पढ़ाने के लिए अप्लाई करने वाले कैंडिडेट्स के लिए होता है। दूसरा पेपर सीनियर क्लासेज में पढ़ाने वाले कैंडिडेट्स के लिए होता है।



# इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में क्या अंतर है?

**टेक्नोलॉजी एडवांसमेंट्स के साथ इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरों की मांग बढ़ रही है लेकिन बीटेक के लिए ईई या ईसीई कौन बेहतर है और क्या अंतर है?**

अगर आप इंजीनियरिंग कोर्स को लेकर कन्फ्यूज हैं, तो हम आपकी उलझन थोड़ी दूर कर देते हैं। ये आर्टिकल इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के बारे में है। जान लें- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में क्या अंतर है? दोनों में कौन सी ब्रांच बेहतर है?

## इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग क्या है?

यह मुख्य रूप से उन उपकरणों, डिवाइस और सिस्टम स्टडी, डिजाइन एंड एप्लिकेशन से संबंधित है, जो बिजली, इलेक्ट्रॉनिक्स और विद्युत चुंबकत्व का उपयोग करते हैं। यह उन्हें इलेक्ट्रिकल उपकरण डिजाइन करने में मदद करता है, जैसे कि इलेक्ट्रिक मोटर, रडार और नेविगेशन सिस्टम, कम्युनिकेशन सिस्टम, बिजली उत्पादन उपकरण, ऑटोमोबाइल और विमान। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरों के पास नौकरी के बहुत से विकल्प हैं और उन्हें कई क्षेत्रों में काम मिल सकता है। वे कंट्रोल इंजीनियरिंग, प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग, टेस्ट इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, टेली कम्युनिक्शन इंजीनियरिंग, डिजाइन इंजीनियरिंग, सिस्टम इंजीनियरिंग, एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, रीन्युएबल एनर्जी सेक्टर, ऑटोमेशन, रोबोटिक्स में काम कर सकते हैं। भारत में एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर ग्रेजुएट की शुरुआती सैलरी औसत 4.5 लाख रुपये प्रति वर्ष है। यह इस बात पर निर्भर कर सकता है कि वे कहां काम करते हैं, उनके पास कितना अनुभव है, और वे किस उद्योग में हैं। शुरुआती वेतन अक्सर अच्छा होता है और अधिक अनुभव के साथ वे अधिक कमाते हैं।

## इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग क्या है?

ये एक विविध इंजीनियरिंग क्षेत्र है जो इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और संचार नेटवर्क को डिजाइन करने, विकसित करने और लागू करने पर केंद्रित है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ग्राहक और परियोजना आवश्यकताओं की पहचान करते हैं, समाधान खोजते हैं, इलेक्ट्रॉनिक सर्किट और सिस्टम डिजाइन करते हैं, फर्मवेयर और एम्बेडेड सॉफ्टवेयर विकसित करते हैं, प्रोटोटाइप का परीक्षण करते हैं, और निर्माण की देखरेख करते हैं। वे अगली पीढ़ी के गैजेट और बुनियादी ढांचे का आविष्कार करने के लिए अत्याधिक उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स, सॉफ्टवेयर और संचार तकनीकों को एकीकृत करने का काम करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग एक बहुत ही बहुमुखी क्षेत्र है। ईसीई इंजीनियरों को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और संचार बुनियादी ढांचे को विकसित करने वाले उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला में रोजगार मिलता है। कुछ शीर्ष क्षेत्र हैं दूरसंचार, एयरोस्पेस, डिफेंस, मोटर व्हीकल, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली व्यवस्था और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग। भारत में एक इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियर के लिए औसत शुरुआती वेतन 4 लाख प्रति वर्ष है। EE की तरह, वेतन स्थान, अनुभव के वर्षों, कौशल और नियोक्ता के आधार पर अलग-अलग होता है।





## EE और ECE में कौन सी इंजीनियरिंग ब्रांच बेहतर है?

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (EE) और इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग (ECE) दोनों शाखाएं समान रूप से अच्छी हैं। लेकिन, यह सब व्यक्ति की रुचि के क्षेत्र पर निर्भर करता है। मुझे लगता है कि छात्र को भविष्य के लक्ष्य पर ध्यान देना चाहिए। एक बार जब वह इसके बारे में सुनिश्चित हो जाता है, तो वह अपनी पसंद की स्ट्रीम चुन सकता है।



# वॉटर डिप्लोमैट के रूप में बनाएं शानदार

**अगर आप लीक से हटकर करियर बनाना चाहते हैं तो आपके लिए यह आर्टिकल जरूरी साबित हो सकता है। क्योंकि हम यहां पर आपको पानी से जुड़ी करियर के बारे में बता रहे हैं। आप भी एक वॉटर डिप्लोमैट के रूप में बढ़िया करियर बना सकते हैं। अगर आप इस फील्ड में करियर बनाते हैं तो आपको बढ़िया सैलरी भी मिलेगी।**

पानी की कमी और खराब गुणवत्ता जैसी समस्याएं आज पूरी दुनिया में देखी जा रही हैं। ये समस्याएं एक राज्य या फिर एक देश तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वैश्विक हैं। ऐसे में जल प्रबंधन के मुद्दों को सुलझाने के लिए वॉटर डिप्लोमैसी और डेवलपमेंट विशेषज्ञों की ज़रूरत है। दुनिया भर में कई देश अपने जल संसाधनों का प्रबंधन टिकाऊ तरीके से करने की चुनौती का सामना कर रहे हैं। अगर आप भी इस फील्ड में करियर बनाना चाहते हैं तो आपके भविष्य उज्जवल हो सकता है। क्योंकि इस फील्ड में अच्छी नौकरी के साथ अच्छी सैलरी भी मिलती है। ऐसे में आइए हम आपको बताते हैं कि इस फील्ड में करियर बनाकर आप कितनी सैलरी पा सकते हैं। वॉटर डिप्लोमैसी और डेवलपमेंट में वेतन अच्छा होता है। हालांकि, यह कई बातों जैसे - अनुभव, शिक्षा, कार्यक्षेत्र और जिस संस्था में आप काम करते हैं, उस पर निर्भर करता है।

## शुरुआती पद

शोध सहायक या जूनियर नीति विश्लेषक जैसे शुरुआती पदों पर सालाना वेतन 40,000 से 60,000 अमेरिकी डॉलर के बीच हो सकता है।

## अनुभवी पेशेवर

अनुभवी पेशेवरों के लिए जिनके पास कई सालों का अनुभव और विशेष कौशल है। उन्हें वेतन 60,000 से 1,00,000 अमेरिकी डॉलर या उससे भी ज्यादा मिल सकता है।

## वरिष्ठ पद

निदेशक या वरिष्ठ नीति सलाहकार जैसे वरिष्ठ पदों पर सालाना वेतन 1,00,000 से 1,50,000 अमेरिकी डॉलर के बीच होता है। सबसे ज्यादा वेतन अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं, सरकारी एजेंसियों या परामर्श फर्मों में मिलता है। इसके अलावा, जिन लोगों के पास मास्टर्स या पीएच.डी. जैसी उच्च शिक्षा है, उनके उच्च वेतन पाने और कैरियर में तेजी से तरक्की करने की संभावना अधिक होती है।

## जल प्रबंधन में प्रमाणन कार्यक्रम

इसी दिशा में काम करते हुए जल प्रबंधन संस्थान भारतीय और विदेशी नागरिकों के लिए प्रमाणित जल लेखाकार /विशेषज्ञ बनने के लिए एक प्रमाणन कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इस कार्यक्रम में कई तरह के कोर्सेज पर ट्रेनिंग दिया जाएगा।





# रूस की यूनिवर्सिटीज में पढ़ाई के लिए उपलब्ध हैं ये स्कॉलरशिप्स

**भारतीय छात्रों के लिए रूस में पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप के कई अवसर मौजूद हैं इसकी जानकारी हम आपको यहां दे रहे हैं। हर साल रूसी सरकार विदेशी छात्रों के लिए राज्य से आर्थिक सहायता प्राप्त सीट्स ऑफर करती है। 2022 में 15 हजार इस तरह की सीट्स दी गई थीं।**

रूस में अधिकतर विश्वविद्यालय सरकारी सहायता प्राप्त स्कॉलरशिप देती हैं और एकसमान आवेदन प्रक्रिया अपनाती हैं। कोई भी विदेशी छात्र रूस में यूनिफॉर्म स्टेट एग्जामिनेशन या एंट्रेंस एग्जाम पास करने के बाद स्कॉलरशिप के लिए उसी तरह आवेदन कर सकते हैं जिस तरह रूसी छात्र करते हैं। हर साल रूसी सरकार विदेशी छात्रों के लिए राज्य से आर्थिक सहायता प्राप्त सीट्स ऑफर करती है। 2022 में 15 हजार इस तरह की सीट्स दी गई थीं।

## स्कॉलरशिप अमाउंट

सरकार से प्राप्त होने वाली स्कॉलरशिप में पूरे कोर्स की ट्यूशन फीस, मेंटनेंस अलाउंस और डोरमेटरी अलाउंस शामिल होता है। जो छात्र इन स्कॉलरशिप को प्राप्त करना चाहते हैं वो भारत में ऑथराइस्ड व्यक्ति से संपर्क कर सकते हैं और वहां उपलब्ध स्कॉलरशिप और कोर्स के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं। पढ़ाई के लिए छात्र एक बार में 6 यूनिवर्सिटिज को चुन सकता है। लेकिन एक फेडरल क्षेत्र में 3 से ज्यादा नहीं चुन सकते जबकि मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग में दो से ज्यादा नहीं चुन सकते हैं। अपनी पसंद के अनुसार अपनी चॉइस भरें और इसके बाद अन्य को भरें और चयन प्रक्रिया में बुलावे का इंतजार करें। देश के आधार पर ऑपरेटर इंटरव्यू, टेस्ट और परीक्षा का शेड्यूल जारी कर सकते हैं इसकी जानकारी उनकी वेबसाइट या आपको ईमेल के जरिए मिल सकती है। जिन छात्रों को डिग्री के स्तर पर रूसी भाषा की जानकारी नहीं है उन्हें प्री पेरेटरी डिपार्टमेंट में एनरोल किया जाता है। उन्हें सामान्य शिक्षा के साथ एक साथ रूसी भाषा की पढ़ाई भी करनी पड़ती है।

- अगर आप कैंडिडेट्स की सूची में शामिल हो गए हैं तो अपने पास अतिरिक्त डॉक्यूमेंट्स तैयार रखें
- एमबीबीएस डॉक्टर का सर्टिफिकेट तैयार करवाना होगा जिसमें बताया गया होगा कि ऐसा कोई मेडिकल कारण नहीं जिसकी वजह से आपको रूसी यूनिवर्सिटिज में न चुना जाए। इसमें एचआईवी टेस्ट भी करवाना होगा।
- डॉक्यूमेंट्स की कॉपी (रूसी भाषा में ट्रांसलेटिड), ऑनलाइन इन्हे सबमिट करें और हार्ड कॉपी ऑपरेटर के पास जमा करें।
- अब यूनिवर्सिटी में अपने कन्फर्मेशन का इंतजार करें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### जहरीली शराब का कहर

किसी त्रासद घटना का सबक यह होना चाहिए कि उसमें हुई हानि को ध्यान में रख कर बाकी जगहों पर भी ऐसे उपाय किए जाएं जिससे वैसी घटनाओं से बचा जा सके। मगर विडंबना यह है कि ज्यादातर घटनाओं को स्थानीय समस्या मान कर दूसरी जगहों पर उसकी अनदेखी कर दी जाती है या फिर उसे महज एक खबर की तरह देखा जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों से अक्सर जहरीली शराब का सेवन करने से लोगों के मरने की खबरें आती रहती हैं। मगर वैसी घटनाओं में कारणों और परिणाम को लेकर एक व्यापक चिंता ठोस शक्ल नहीं लेती। गौरतलब है कि तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देसी शराब पीने की वजह से कम से कम सैंतालीस लोगों की जान चली गई और अन्य तीस लोगों की हालत बेहद गंभीर हो गई। इस शराब के सेवन से एक सौ पैंसठ लोग बीमार हुए थे, जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। यह अवैध तरीके से शराब बना कर लोगों को बेचने वाले की आपराधिक लापरवाही का नतीजा है, लेकिन जिस तमिलनाडु को कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर बेहतर स्थिति में माना जाता है, वहां पुलिस-प्रशासन की नाक के नीचे शराब के नाम पर जहर परोसने का गैरकानूनी कारोबार करने वालों को यह सुविधा कैसे मिली कि वे बेधड़क अपना धंधा चला रहे थे और उनके पास भारी संख्या में लोग शराब पीने पहुंचते थे। जाहिर है, इतने सारे लोगों के मारे जाने के बाद अब सरकार और प्रशासन की ओर से एक औपचारिकता पूरी करने के लिए घटना की जांच, गहन तलाशी अभियान चलाने का निर्देश और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया गया है। सरकार ने जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को आर्थिक मदद की भी घोषणा की है। सरकार ने उस इलाके में प्रभावित लोगों की वास्तविक संख्या जानने के लिए घर-घर जाकर गणना करने की भी बात कही है। यह अपील की गई है कि जिन लोगों ने अवैध शराब का सेवन किया है, वे जल्द से जल्द जांच कराएं और जरूरी होने पर इलाज कराएं। इसे सरकार की संवेदनशीलता के तौर पर देखा जा सकता है। मगर यह समझना मुश्किल है कि सरकारी तंत्र की इस तरह की सक्रियता किसी त्रासद घटना के सामने आने और उसके तूल पकड़ लेने के बाद ही क्यों दिखाई देती है!

### कृत्रिम हृदय की ओर

आईआईटी, कानपुर में कृत्रिम हृदय के निर्माण में लगे इंजीनियरों को आगे प्रयोग की मंजूरी मिलना एक बड़ी खुशखबरी है। यह संस्थान साल 2022 में ही कृत्रिम हृदय तैयार कर चुका है और प्रयोगशाला में उसके प्रयोग सफल भी रहे हैं। अब इस कृत्रिम हृदय का प्रयोग एक बकरी में किया जाएगा। कृत्रिम हृदय, जिसे 'हृदयंत्र' नाम दिया गया है, वह ऐसे मरीजों के काम आ सकता है, जिनको हृदय प्रत्यारोपण का इंतजार है। गौरतलब है कि भारत में ही प्रति वर्ष करीब एक करोड़ लोगों को हृदय की वजह से लाचार होना पड़ता है, पर जब कृत्रिम हृदय को सफलता मिल जाएगी, तो हृदय-रोगियों को नया जीवन मिलेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि जब इस प्रयोग को सफलता मिल जाएगी, तो हृदय प्रत्यारोपण का खर्च दस गुना घट जाएगा। अभी हृदय प्रत्यारोपण के जो विकल्प दुनिया में उपलब्ध हैं, वे पर्याप्त या सुलभ नहीं हैं। अतः भारत में किफायती और सक्षम कृत्रिम हृदय की खोज होती है, तो चिकित्सा जगत के लिए एक ऐतिहासिक कामयाबी होगी। यह भी एक सुखद संयोग है कि शरीर की अभियांत्रिकी पर किसी भारतीय इंजीनियरिंग कॉलेज में काम हो रहा है। चिकित्सा का काम वास्तव में आधुनिक समय में इंजीनियरिंग से जुड़ा हुआ है। आईआईटी, कानपुर के जिन वैज्ञानिकों ने यह अद्भुत निर्माण किया है, उन्होंने बाकायदे ऑपरेशन थियेटर में मौजूद रहते हुए हृदय का ऑपरेशन करीब से देखा है। दरअसल, हमारा शरीर किसी इंजीनियरिंग महायंत्र से कम नहीं है। देश के विख्यात चिकित्सक देवी शेट्टी ने ही आईआईटी, कानपुर को इस प्रयोग और निर्माण के लिए प्रेरित किया था। इस तरह से चिकित्सकों के साथ मिलकर अभियंताओं ने काम किया है और आगे जब एक बकरी में यह प्रत्यारोपण होगा, तब भी ऑपरेशन थियेटर में चिकित्सकों के साथ अभियंता भी रहेंगे। गौर करने की बात है कि पहले कानपुर में हृदय के ठीक नीचे प्रत्यारोपित किया जाने वाला, बैटरी से चलने वाला छोटा पंपिंग उपकरण बनाया गया था। यह एक पंप की तरह काम करता है, जो पूरे शरीर में रक्त संचारित करने में मदद करता है, जिससे रोगी को एक नया जीवन मिलता है। यह यंत्र भी आईआईटी ने बहुत सस्ते में बनाया था, जबकि ऐसा ही काम करने वाला यंत्र करीब एक करोड़ रुपये में उपलब्ध होता है। दरअसल, जरूरत एक चालू यांत्रिक कृत्रिम हृदय के बजाय एक जीवंत कृत्रिम हृदय की है।

## तारिणी को तारणहार चाहिए

(शशि शेखर)

*नतीजतन, गंगा की पारदर्शिता बाधित होते-होते अब पांच प्रतिशत तक सिमट गई है। एक शोध के मुताबिक, मई से जून 2024 तक इस छोटी अवधि में प्लास्टिक कचरे में 25 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऋषिकेश से हरिद्वार तक मछलियों की संख्या भी 80 फीसदी रह बची है और उनकी प्रजातियों में काफी कमी आई है। पहले इसके प्रवाह में 89 किस्म की मछलियां मिलती थीं, अब सिर्फ 66 डूब-उतरा रही हैं।*

ईसा के जन्मने से न जाने कितना पहले महर्षि वेदव्यास ने महाभारत में गंगा की महिमा का कुछ इन शब्दों में बखान किया था- पुनाति कीर्तिता पापं द्रष्टा भद्रं प्रयच्छति। अवगाढ़ा च पीता च पुनात्यासप्तमं कुलम्।। अर्थात, अपना नाम जपने वालों के यह समस्त पाप नाश कर देती है, दर्शन करने वालों का कल्याण करती है और जो कोई भी इसमें स्नान करता है और इसके जल का पान करता है, उसकी सात पीढ़ियां तर जाती हैं। इस श्लोक की चर्चा अचानक क्यों पिछले रविवार को गंगा दशहरा था और मैं ऐसे अन्य श्लोकों को बुदबुदा रहा था कि एक त्रासद अनुभव याद आ गया। उस वक्त हम असम जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस के जरिये गढ़मुक्तेश्वर को गजरौला से जोड़ने वाले पुल को पार कर रहे थे। जैसे ही हमारा डिब्बा मंझधार के ऊपर पहुंचा, मैंने हाथ जोड़कर मां गंगा को प्रणाम किया। गंगा मेरे लिए धार्मिक आस्था से कहीं अधिक मां के ममत्व-सा भाव रखती है। मेरी भाव-विह्वलता देखकर सामने की सीट पर बैठे हुए एक गोरे दंपति ने पूछा- 'यह आप क्या कर रहे थे' मैंने बताया कि 'नीचे जो नदी बह रही है, वह मां गंगा है।' 'गंगा, वह महान गंगा'- उसने विस्मित भाव से पूछा। मैं उसको कोई जवाब देता, उससे पहले उसकी मुंहफट संगिनी बोल पड़ी कि 'हमें तो लगा था....!' उसके अगले शब्द मेरे मन-प्राण को बींध गए थे। किसी की धार्मिक आस्था को चोट न लगे, इस लिहाज से मैं उस त्वरित, पर ईमानदार प्रतिक्रिया को दोहराना नहीं चाहता। गंगा हमारे लिए सदियों से जीवनदायिनी है और मृत्यु के बाद भी यह हमारा साथ नहीं छोड़ती। यह हमें मोक्ष देती है। इसी मान्यता के साथ मेरी परवरिश हुई थी। देश-परदेस में जब कोई नदी देखता हूं, प्रयागराज, काशी या मिर्जापुर में बहती हुई वह सदानीरा याद आती है, जिसकी धारों से अठखेलियां करता हुआ मेरा अल्हड़पन बीता था। मैं गंगा को भी बचपन की उस मासूम निर्मलता की मानिंद मानता हूं। लेकिन! गंगा वैज्ञानिक अर्थों में अब निर्मल नहीं रह बची है। गंगा प्रदूषण पर हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में पर्यावरण विभाग के अध्यक्ष रह चुके प्रो बीडी जोशी का अध्ययन बताता है कि मौजूदा वक्त में इस महानदी में बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड 7.0 मिलीग्राम प्रति लीटर है, जो आवश्यकता से बेहद अधिक है। इसी तरह, उसकी तलहटी में 'सॉलिड वेस्ट' की 1460 यूनिट पाई जाती हैं, जो मानक से अधिक है। नतीजतन, गंगा की पारदर्शिता बाधित होते-होते अब पांच प्रतिशत तक सिमट गई है। एक शोध के मुताबिक, मई से जून 2024 तक इस छोटी अवधि में प्लास्टिक कचरे में 25 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऋषिकेश से हरिद्वार तक मछलियों की संख्या भी 80 फीसदी रह बची है और उनकी प्रजातियों में काफी कमी आई है। पहले इसके प्रवाह में 89 किस्म की मछलियां मिलती थीं, अब सिर्फ 66 डूब-उतरा रही हैं। मगरमच्छों और घड़ियालों की गिनती में भी गिरावट है। आमतौर पर लोग सारा दोष पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या पर मढ़ देते हैं, परंतु इसके बहुत से कारण हैं। अब इस पतित-पावनी के दूसरे तीर्थस्थान की ओर बढ़ते हैं। प्रयागराज से ऐन पहले पड़ने वाले कौशांबी में कई हिस्से ऐसे हैं, जहां इन दिनों लोग आराम से पैदल चलते हुए गंगा पार कर जाते हैं। संगम में भी डुबकी लगाने के बजाय बैठकर स्नान करना पड़ रहा है। यह हाल तब है, जब युमना अपने समूचे जल के साथ वहां गंगा में समाहित हो चुकी होती है। फिलवक्त गंगा और यमुना को मिलाकर सिर्फ सात हजार क्यूसेक जल ही आगे की ओर जा पाता है। टोंस और इस जैसी अन्य तमाम नदियों के सम्मिलन के बावजूद जैसे-जैसे नदी नीचे की ओर बढ़ती है, हालात खराब होते जाते हैं। यही वजह है कि काशी का वर्णन करते हुए भय लग रहा है। इसी शहर में बरसों पहले अस्सी पर प्रवाहमान गंगा की धाराओं में अठखेलियों करते हुए मेरा बचपन बीता था। वहां पश्चिमी छोर पर दशाश्वमेध और सक्का घाट के सामने अभी से धारा के बीच टीले उभरने शुरू हो गए हैं। अगर गरमी लंबी खिंची, तो हालात और बदतर हो सकते हैं। गंगा की इस बदनसीबी की एक वजह यह भी है कि उसकी 'ड्रेजिंग' हुए अरसा बीत गया। हरिद्वार से गंगा सागर तक इस नदी को समय और चरणबद्ध ड्रेजिंग कार्यक्रम की आवश्यकता है। वाराणसी में गंगा को निर्मल बनाने के लिए काफी धन खर्च किया गया है, परंतु हालात क्या हैं! आज शहर से जो 467 एमएलडी सीवेज बहता है, उसमें से 70 से 75 एमएलडी तक बिना शोधन के गंगा में समा रहा है। वाराणसी के नाम की शुरुआत वरुणा नदी से होती है, उसमें भी 67 एमएलडी सीवर बिना शोधन के हर रोज गिरता है। यही वरुणा आगे बढ़कर गंगा की 'डाउन स्ट्रीम' का हिस्सा बनती है। यहां बनारस और उसके आसपास के इलाकों में मछली के शौकीनों के लिए एक चेतावनी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एक शोध में दावा किया गया है कि प्रयागराज से बक्सर के बीच गंगा में जन्मने, पलने और पनपने वाली तमाम मछलियां प्रदूषित हो चुकी हैं। यही नहीं, उसके जल से सिंचित होने वाले दोआब में सब्जियां और अन्य खाद्यान्न भी दूषित हो रहे हैं। एक समय था, जब मुझ जैसे सैकड़ों लोग पीपे का पुल पार कर रामनगर जाया करते थे। वहां गंगा के किनारे उगी हुई शुद्ध और ताजी सब्जियां, खरबूजे या तरबूज मिला करते थे। मिलते तो आज भी हैं, पर...। लिखने को बहुत कुछ लिखा जा सकता है। इससे पहले भी बहुत कुछ लिखा जा चुका है। लगभग चालीस बरस पहले मैंने एक नामी पत्रिका के लिए गंगा पर कवर स्टोरी लिखी थी। उस वक्त भी आंकड़े भयावह थे। प्रकृति पता नहीं कब से अलार्म बजा रही है कि कृपया जाग जाइए। गंगा, यमुना और उनकी सहायक नदियों के बिना उत्तर भारत की शस्य श्यामला और उर्वरा भूमि की कल्पना भी नहीं की जा सकती, पर हुकूमतें बदल गईं, साथ ही हालात बिगड़ते चले गए। गंगा की रक्षा नारों से नहीं, समूचे समाज और सियासी सदनीयती से ही होगी। गंगा के बारे में बात करते हुए अक्सर सोचता हूं कि अगर महाकवि विद्यापति आज हमारे बीच होते, तो क्या ऐसी अमर पंक्तियां लिखने का साहस संजो पाते- कि करब जप-तप जोग-धेआने। जनम कृतारथ एकहि सनाने।/ भनइ विद्यापति समदओं तोही। अन्तकाल जनु विसरहु मोही।। यानी हे मां, जब तुम्हारी जलराशि में मात्र एक स्नान से पूरा जीवन कृतार्थ हो जाता है, तो जप-तप, योग-ध्यान क्या करें माता, तुमसे बस इतनी ही प्रार्थना है कि जब मेरा अंत समय आए, तब मुझे बिसरा मत देना!

## बच्चों को कब देना चाहिए फोन

(मुकुल श्रीवास्तव)

स्मार्टफोन की बच्चों को कितनी जरूरत है। यह एक अहम सवाल है। अफसोस कि भारत में इस ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। फर्ज करिए, अगर आपकी 10 साल की बेटी को मंगल ग्रह की पहली मानव बस्ती में शामिल होने के लिए चुना जाए, और वह जाने के लिए पूरी तरह तैयार हो, तभी आपको पता चले कि इस मिशन के अरबपति आर्किटेक्ट ने उस लाल ग्रह के जहरीले वातावरण को नजरअंदाज किया है, जिसमें बच्चों के दिल, दिमाग और आंखों में गंभीर विकृतियां आ जाएंगी, तो क्या सबकुछ जानने के बाद भी आप अपनी बेटी को उस मिशन पर जाने देंगे यह कोशिश नहीं करेंगे कि वह लाल ग्रह पर जाने के उस मिशन से मुंह मोड़ ले इस उदाहरण में मंगल ग्रह को सोशल मीडिया की खतरनाक दुनिया का प्रतीक माना गया है। कॉमन सेंस मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, आज 10 साल की उम्र वाले 42 प्रतिशत बच्चों के पास स्मार्टफोन है। 12 साल की उम्र में यह 71 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। 14 साल के उम्र समूह में तो 91 प्रतिशत बच्चों के हाथ में मोबाइल फोन है। इस डिजिटल दुनिया ने हमारे युवाओं को चिंता और डिप्रेशन जैसी विकृतियों से भर दिया है। मोबाइल फोन एक लत की तरह है, लगातार बच्चों का ध्यान भटकाता है और उन्हें उस दुनिया में ले जाता है जो हमारे नियंत्रण से बाहर है। भारत में एक बड़ा बदलाव 2000 के दशक से शुरू हुआ, जब अभिभावकों ने बच्चों को अनजान खतरों से बचाने के लिए भय आधारित पैरेंटिंग करनी शुरू की। इसकानी ऐसी पैरेंटिंग जिसमें बच्चों पर ज्यादा नजर रखी जाती थी, यह ध्यान रखा जाता था कि वह घर की सुरक्षित दुनिया से बाहर ज्यादा समय न बिताए। इसका परिणाम यह रहा कि बच्चों के खेलने का समय कम हुआ और उन पर माता-पिता का नियंत्रण बढ़ गया। दूसरी बात यह कि शहरों में खेल के मैदान खत्म होते गए। नतीजा कुल मिलाकर यह रहा कि बच्चे मोबाइल स्क्रीन में डूबते चले गए। आज के बच्चे और उनके माता-पिता एक तरह के डिफेंस मोड में फंसे हुए हैं। इससे बच्चे चुनौतियों का सामना करने, जोखिम उठाने और नई चीजें एक्सप्लोर करने से वंचित रह जाते हैं, जो उन्हें मानसिक रूप से मजबूत करने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए जरूरी है। असल में बच्चों को माता-पिता से वैसी ही परिस्थितियां मिलनी चाहिए जैसी एक माली अपने पौधों को स्वाभाविक रूप से बढ़ने और विकसित होने के लिए उपलब्ध कराता है। मगर अभिभावक हैं कि बच्चों को एक बढ़ई की तरह बड़ा कर रहे हैं जो अपने सांचों को पूरी तरह से अपने नियंत्रण में आकार देता है। असली दुनिया में हम अपने बच्चों को अधिक सुरक्षा प्रदान करते हैं, लेकिन डिजिटल दुनिया में उन्हें अपने हाल पर छोड़ देते हैं, जो कि उनके लिए खतरनाक साबित हो रहा है। स्मार्टफोन और अत्यधिक सुरक्षात्मक पालन-पोषण के इस मिश्रण ने बचपन की संरचना को बदल दिया है और मेंटल हेल्थ ईशूज को जन्म दे रहा है। संयुक्त राष्ट्र की शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति एजेंसी यूनेस्को के मुताबिक इस बात के प्रमाण मिले हैं कि मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग शैक्षणिक प्रदर्शन में कमी से जुड़ा है और स्क्रीन के अधिक समय का बच्चों की भावनात्मक स्थिरता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यूनेस्को ने अपनी ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटर रिपोर्ट 2023 में लिखा है कि डिजिटल तकनीक ने शिक्षा में गुणवत्ता जोड़ी है, यह प्रदर्शित करने के लिए बहुत कम मजबूत शोध हुए हैं। इस बाबत दिए गए ज्यादातर साक्ष्य निजी शिक्षा कंपनियों द्वारा वित्त पोषित थे, जो डिजिटल शिक्षण उत्पाद बेचने की कोशिश कर रही थीं। इस रिपोर्ट में चीन का हवाला दिया गया है, जिसने शिक्षा में डिजिटल उपकरणों के उपयोग की सीमाएं निर्धारित कर दी हैं। वहां उन्हें कुल शिक्षण समय के 30 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया है और छात्रों से नियमित तौर पर स्क्रीन ब्रेक लेने की अपेक्षा की जाती है। फोन लोगों में सीखने की क्षमता को भी प्रभावित कर सकते हैं। कई अध्ययनों में पाया गया कि स्कूल में फोन का इस्तेमाल एकाग्रता को कम करता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-5413

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 9 | | 8 |
| | 3 | | 1 | 7 | | | | 4 |
| | | | | | 6 | | | |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| | | | 4 | | | | | |
| 9 | | | | 5 | 1 | | 4 | |
| 4 | | 5 | | | | 1 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5412

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |

## वर्ग पहेली 5413

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | ■ |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 9 | | ■ | 10 |
| | ■ | ■ | 11 | ■ | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | 15 | | 16 | ■ | ■ | |
| ■ | 17 | | ■ | 18 | 19 | | |
| 20 | | | ■ | 21 | | ■ | ■ |
| 22 | | ■ | 23 | | ■ | ■ | 24 |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. बांग्लादेश के उत्तरी भाग में ब्रह्मपुत्र नदी का यह नाम है (3)
4. देश के सबसे गहरे खंडों का निर्माण करने वाली नदी (3)
7. रस्म, रीति, प्रथा, चलन (3)
8. जो असत्य हो, जा उचित न हो (3)
9. ज्वालामुखी से निकलने वाला विस्फोटक पदार्थ (2)
12. जिसके साथ आत्मीयता का संबंध न हो, अन्य (2)
13. नया जमाना, नवीन दुनिया (4)
17. लिखा हुआ, अंकित (2)
18. आंतकनभूमि, भय, डर (4)
20. घोड़े पर खेला जाने वाला गेंद और बल्ले का एक प्रकार का खेल, पोलो (3)
21. धेनू, गौ (2)
22. पथ, मार्ग, रास्ता (2)
23. दफा, मर्तबा, मद्यशाला (2)
24. प्रातःकालीन का अर्धप्रकाश, प्रकाश की किरण (1)

**ऊपर से नीचे**

1. एक वस्तु के बदले दूसरी वस्तु देना (5)
2. औषधि, उपचार, चिकित्सा (2)
3. विशिष्ट किंतु अज्ञात बात, घटना का विवरण (3)
4. शास्त्रीय संगीत में एक रागिनी जो मेघराग की पुत्रवधू कही गई है (3)
5. दंगा-फसाद उपद्र, बगावत (3)
6. दुर्व्यसन, बुरी आदत, कुटेव (2)
10. कोई ऐसी घटना जिसमें कोई अपराध हुआ हो (4)
11. मननशील, महात्मा, मनन करने वाला (2)
14. ईद की नमाज पढ़ने का स्थान (4)
15. दुष्ट व्यक्ति जिसकी भूमिका खल व्यक्ति की हो (3)
16. स्मरण रहने योग्य, स्मरणीय (4)
19. घोड़े को यह भी कहा जाता है (2)
20. चबूतरा, चबूतरे के रूप में बनी हुई वास्तु रचना (2)

### वर्ग पहेली 5412 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | रो | जि | नी | ना | य | डू | ■ |
| दा | म | न | ■ | गा | ■ | रं | ■ |
| ब | ■ | ■ | शै | ■ | गं | ड | क |
| हा | द | सा | ■ | सु | ■ | क | ज |
| र | ह | म | दि | ल | ■ | प | रा |
| ■ | न | ■ | ल | ह | र | ■ | ■ |
| का | शी | ■ | ब | ■ | ई | शा | न |
| ज | ल | च | र | ■ | स | न | म |

## आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन सफलता से भरा होगा और आपके घर में सुख समृद्धि आएगी। भाग्य आपका साथ देगा और आपके अच्छे काम से आपका गौरव बढ़ेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता का लाभ आपको मिलेगा और योजनाएं सफल होंगी। आपके धन में वृद्धि के योग हैं और भाग्य का सहारा आपको मिलेगा। आज सामाजिक और धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा।

### वृष

आज आपका दिन सफलता से भरा होगा। संतान पक्ष के श्रेष्ठ आचरण और सफलता से हर्ष होगा। माता-पिता से आशीर्वाद लेकर घर से निकलें कोई विशेष सफलता मिलेगी। नौकर-चाकर व सांसारिक सुख भोगों का विस्तार होगा। आमदनी के नए रास्ते खुलेंगे और भाग्य आपका साथ देगा। शाम से लेकर रात तक का समय परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा।

### मिथुन

आज करियर के मामले में लाभ होगा। यदि आप व्यापारी हैं तो आपके लिए अच्छे परिवर्तन होंगे। नौकरीपेशा है तो आपके अधिकार बढ़ेंगे और आपको आर्थिक लाभ होगा। सम्मान मिलेगा। परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलेगा। शाम से लेकर रात तक आप सामाजिक कार्य और भोग विलास में लिप्त रहेंगे।

### तुला

आज आप संभलकर काम करें, वरना आपको नुकसान हो सकता है। आपको कोई राजकीय दण्ड भी प्राप्त हो सकता है। इसलिए जोखिम के काम से दूर रहें। शाम से लेकर रात तक भी छोटे-मोटे कष्ट व मानहानि की आशंका बनी रहेगी। आपके धन में वृद्धि के योग हैं और आपको लाभ होगा। कार्ययोजनाएं सफल होंगी।

### वृश्चिक

आज भाग्य का साथ मिलेगा और साथ ही आपको ज्ञान और अनुभव मिलेगा। आपकी बुद्धि विवेक से नई खोजें होंगी। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी। शाम में आपकी संतान को कष्ट हो सकता है। विश्वासप्राप्त व्यक्ति एवं नौकर चाकर विश्वासघात करने का प्रयास करेंगे सावधान रहें। आपके लिए परेशानी बढ़ सकती है। क्षमता से अधिक धन प्राप्त होने के कारण आपमें अभिमान भर सकता है।

### धनु

आज दिन सफलता से भरा होगा। यदि आप नौकरी करते हैं तो पद और अधिकारों में वृद्धि होगी। आपके साहस एवं पराक्रम में वृद्धि होगी और आपके शत्रु नतमस्तक होंगे। संतान के प्रति आपकी प्रेम भावना बढ़ेगी। शाम से लेकर रात तक आपका मन अच्छे काम में लगेगा और आपके लिए वृद्धि के योग हैं। नौकर चाकरों का सुख पर्याप्त मात्रा में मिलेगा।

### कर्क

आज का दिन अनुकूल नहीं है। आज आपको कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। त्वरित निर्णय न ले पाने के कारण किसी कार्य में बाधा आ सकती है। यदि आप नौकरी करते हैं तो अधिकारियों की कृपा से आपके अधिकारों में वृद्धि होगी और आपको रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। रात का समय गाने बजाने और मौज मस्ती में बीतेगा।

### सिंह

आज लाभ होगा और काफी समय से यदि आपकी उन्नति रुकी थी तो आज कोई अच्छी खबर आपके लिए आ सकती है। इसके अतिरिक्त आज आप अपने बात करने के तरीके से लोगों को आकर्षित कर सकते हैं। निर्णय लेने की क्षमता का लाभ होगा और रात में अधिक तीखा भोजन न करें। यह आपकी सेहत को बिगाड़ सकता है।

### कन्या

आज आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। ऑफिस में आपके उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। आप अपनी शानशौकत के लिए धन का अपव्यय भी कर सकते हैं। आपको सलाह है कि फालतू खर्च से बचें। इसका लाभ आज आपकी संतान को मिलेगा। रात में आपको कुछ पकवान और अच्छी चीजें खाने को मिलेंगी।

### मकर

आज करियर के मामले में लाभ होगा। जल्दबाजी में किए गए कार्य से हानि होने की आशंका है। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं की वृद्धि होगी। किसी नए काम में निवेश करना पड़े तो करें। आगे चलकर लाभ होगा। संतान की नौकरी एवं विवाह इत्यादि मंगल कार्यों के लिए किए गए प्रयास में सफलता मिलेगी।

### कुंभ

आज अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे, जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। यदि आपकी प्रोन्नित रुकी है तो अवश्य प्राप्त हो जाएगी। आपके हाथ में बड़ी मात्रा में पैसा आने से हर्ष होगा। शाम से लेकर रात तक में शुभव्यय और कीर्ति में वृद्धि होगी। शीघ्रगामी वाहनों से सतर्क रहें और काम में लगे रहें। सेहत का ध्यान रखें और कम खाएं।

### मीन

आज करियर के मामले में लाभ होगा और का दिन सुकून में बीतेगा। यदि आप किसी वित्तीय संस्था या व्यक्ति से ऋण लेना चाहते हैं तो आसानी से मिल जाएगा। नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें सफल बनाने का पूर्ण प्रयास करें। आपके साहस एवं पराक्रम से आपका आत्म विश्वास बढ़ेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में मॉनसून के दौरान आसमान से बरसी आफत, वज्रपात से एक दिन में 7 लोगों की मौत

**भागलपुर।** बिहार में मॉनसून सीजन शुरू होते ही वज्रपात से मौतों का सिलसिला भी शुरू हो गया है। बीते 24 घंटे के भीतर राज्य में ठनका गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक महिला और एक बच्चा भी शामिल है। खराब मौसम के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से भागलपुर और मुंगेर जिले में मंगलवार को दो-दो लोगों की जान चली गई। जमुई, पूर्वी चंपारण और पश्चिम चंपारण जिले में एक-एक शख्स की मौत हुई। इससे पहले सोमवार को भी बिहार में ठनका से 5 लोगों ने दम तोड़ा था। जानकारी के मुताबिक पूर्वी चंपारण जिले



की चरगाहा पंचायत स्थित परशुरामपुर में खेत से लौट रहे 10 साल का बच्चा अपनी मां के सामने ही ठनका की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पड़ोस के पश्चिम चंपारण जिले के कंगली थाना स्थित वार्ड 12 में मंगलवार सुबह आकाशीय बिजली गिरी। इसकी चपेट में आने से घर के दरवाजे पर बैठी ममता देवी (22) की मौत हो गई। उसके साथ बैठी बड़ी बहन की बेटी सनवेदा जख्मी हो गई। मुंगेर जिले के टेटिया बंबर प्रखंड क्षेत्र में वज्रपात की चपेट में आने से पतघाघर निवासी 30 वर्षीय बौनू यादव की मौत हो गई। इसी जिले में गंगा पार दियारा से घर लौटने के दौरान ठनका गिरने से कल्याणटोला भेलवा गांव निवासी दिनेश सिंह की जान चली गई। सिमुलतला में दोस्तों के साथ जामुन बीनने गए 7 साल के बच्चे की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई।

मॉनसून ने पकड़ी स्पीड, 48 घंटे के भीतर पूरे बिहार में झमाझम बारिश का अलर्ट
भागलपुर जिले के नाथनगर स्थित दराधी बहादुरपुर में आकाशीय बिजली गिरने से खेत में फसल देखने गए किसान संजीव दास की मौत हो गई। इसी जिले के कहलगांव में अमडंडा थाना इलाके के माधोपुर बथानी पंचायत स्थित पेरियक गांव में खेत में काम कर रहे एक किसान की ठनका की चपेट में से जान चली गई।

### देसी कट्टा और कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

**पूछताछ जारी**

**बांका।** बांका के बाराहाट थाना क्षेत्र में एक अपराधी को एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अपराधी किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में था। उसके पूर्व पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर उसे धर दबोच लिया। गिरफ्तार अपराधी पूर्व में भी लूट कांड मामले में शामिल रहा है। थाना अध्यक्ष दीपक



पासवान ने इसकी जानकारी दी है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान बाराहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलेरा गांव निवासी योगेंद्र यादव के पुत्र सुमन कुमार के रूप में हुई है। आर्म्स एक्ट के तहत होगी कार्रवाई
बाराहाट थानाध्यक्ष दीपक पासवान ने बताया कि सूचना मिली थी कि फुलेरा गांव के पास एक अपराधी किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में देसी कट्टा लेकर घूम रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम का गठन कर उक्त जगह छापेमारी की गई।

# तेज रफ्तार पिकअप पेड़ से टकराया चालक की मौत, खलासी घायल

**जमुई से आम लेकर जहानाबाद जा रहा रहा था, झपकी आने से हुआ हादसा**

**जमुई।** जमुई के सिकंदरा- शेखपुरा मुख्य मार्ग एनएच 333 ए महरथ मोड़ के पास बुधवार की सुबह आम लदे पिकअप वैन की सड़क किनारे पेड़ से जोरदार टक्कर में चालक की घटनास्थल पर मौत हो गई ।वहीं इस हादसे में खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक सिकंदरा व हलसी थाना क्षेत्र के सीमा महरथ मोड़ पर पिकअप वैन की पेड़ से टक्कर होने पर बड़ी घटना हुई है। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लग गई और इसकी सूचना सिकंदरा थाने को दी गई। मृतक चालक की पहचान जहानाबाद के परसबीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत अजयबीघा निवासी संजय यादव के पुत्र बंटी कुमार के रूप में हुई है। वहीं जख्मी खलासी की पहचान संतोषी यादव के पुत्र अजीत कुमार के रूप में हुई है।

**वाहन के उड़े परखच्चे-** बताया जा रहा है कि कहलगांव से मालदा आम लोड कर जमुई सिकंदरा होते हुए जहानाबाद जा रहा था। तभी सुबह 4:00 बजे के करीब महरथ मोड़ के पास चालक को झपकी आ गई और सड़क किनारे पेड़ में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें चालक बंटी कुमार की मौके पर मौत हो गई और उपचालक अजीत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में पिकअप वैन के परखच्चे उड़ गए।



### जेसीबी की मदद से शव को निकाला

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सिकंदरा थाने के अवर निरीक्षक उमेश प्रसाद सिंह ने बताया की भागलपुर जिले के कहलगांव स पिकअप वाहन में आम लेकर जहानाबाद जा रहे हैं। तभी पिकअप चालक को नींद आ गई होगी और वाहन सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में चालक की मौत हो गई। जबकि उप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। जबकि मृतक चालक वाहन के अंदर फस गया था। जिसे जेसीबी व कटर मशीन के जरीए निकाला गया। पूरी घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई है। वहीं घटना के बाद सिकंदरा व हलसी सीमा रेखा को लेकर दोनों थाने की पुलिस आपस में तकरार करते दिखे।

# चलती ट्रेन में प्रोपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

**पटना से गया जा रही थी पैसेंजर ट्रेन, अपराधियों ने ढूंढकर मार डाला**

**पटना।** पटना से गया जा रही चलती ट्रेन में जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। ट्रेन में हुई फायरिंग के बाद यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। अपराधियों ने वारदात को अंजाम मंगलवार की रात साढ़े 10 बजे पटना-गया रेलखंड पर पोठाही और नदवां स्टेशन के बीच नीमा हॉल्ट पर दिया। मर्डर की घटना को अंजाम देने के बदमाश नीमा स्टेशन पर उतरकर आराम से भाग निकले। मृतक की पहचान जगदीश सिंह ऊर्फ भोला शर्मा के रूप में हुई है। भोला शर्मा पटना के मसौढ़ी थाना इलाके के दहिभत्ता गांव के रहने वाले थे।

**पटना से घर जा रहे थे भोला शर्मा-** जानकारी के मुताबिक भोला शर्मा किसी काम से मंगलवार को पटना आए थे। वो काम निपटाकर मेमू पैसेंजर ट्रेन से अपने घर मसौढ़ी लौट रहे थे। पोठही स्टेशन पर अपराधी भी उसी ट्रेन में चढ़े और भोला शर्मा को ढूंढने लगे। नीमा हॉल्ट के पास अपराधियों ने भोला सिंह को ट्रेन में ढूंढ लिया और गोली मारकर हत्या कर दी।

**11 जून को भी हुआ था हमला-** जानकारी के मुताबिक भोला शर्मा जमीन का कारोबार करते थे। 11 जून को बदमाशों ने तीन राउंड फायरिंग की थी। गोलीबारी में एक गाली हाथ में लगी थी। बताया जाता है कि प्रोपर्टी को लेकर उनकी कुछ लोगों से अदावत चल रही थी। 2 हफ्ते पहले भोला शर्मा ने अपने बड़े भाई चंद्रभूषण शर्मा पर जमीन विवाद में फायरिंग करवाने का आरोप लगाते हुए मसौढ़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### बैंक में लालच देकर 70 हजार रुपए उड़ाये

**पटना।** धनरुआ थाना क्षेत्र के पभेड़ी मोड़ स्थित मध्य बिहार ग्रामीण बैंक की शाखा में मंगलवार को दो बदमाशों ने दो लाख का लालच देकर 70 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने धनरुआ थाने में दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, पुलिस बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज से दोनों बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। धनरुआ के डुमरा निवासी पुरुषोत्तम कुमार मंगलवार को मध्य बिहार ग्रामीण बैंक में 70 हजार रुपए जमा करने पहुंचे थे। बैंक में पहले से मौजूद लोगों ने उनसे लाल कपड़े में नोटों का बंडल दिखाया और कहा कि रुपये चोरी कर है। आप इसे रख लीजिए और हमें अपना रुपए दे दीजिए। पुरुषोत्तम ने लालच में आकर अपनी पूरी रकम दे उनको दे दिया। इसके बाद दोनों वहां से फरार हो गए।

# बंगाल निवासी को स्कॉर्पियो ने रौंदा, मौत

**किराए के मकान में रहकर मजदूरी करता था, सब्जी लाने घर से निकला था बाजार**

**आरा(भोजपुर)।** भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के भड़सरा गांव में मंगलवार की देर शाम स्कॉर्पियो ने पश्चिम बंगाल निवासी एक मजदूर को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के खजरा गांव निवासी धीरेन बउरी का 32 वर्षीय पुत्र गौतम बउरी है एवं वह पेशे से मजदूर था। वह वर्तमान में शाहपुर थाना क्षेत्र के बनाही गांव में किराए का मकान लेकर रहता था एवं मजदूरी का काम करता था। इधर, मृतक को इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए स्थानीय मो.अख्तर आलम ने बताया कि वह सब्जी खरीदने के लिए भड़सरा गांव जा रहे थे। जैसे ही भड़सरा गांव के समीप पहुंचे। तभी विपरीत दिशा से आ रही एक स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

**पुलिस को सूचना दी गई**

सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी शिखा बउरी और एक बेटी समा बउरी है।

### बच्चों को मिला एफएलएन किट



**मोतिहारी/आदापुर।** प्रखंड के अधिकांश विद्यालयों में एफएलएन किट्स नही बांटे गए है,जिससे बच्चों की पढ़ाई विधिवत नही हो रही है। कही छात्र अनुपात में कम बैग आदि मिले है तो कही पूरे मिलने के बाद भी नही बांटा जा सका है।

इस मुद्दे को आपके आने अखबार दैनिक हिन्दुस्तान ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। बखतौरा स्कूल की खबर छपने के बाद प्रखंड के अधिकांश विद्यालयों में एफएलएन किट्स मंगलवार को वितरित किया गया। इसी कड़ी में उमावि बरवा के छात्र छात्राओं के बीच प्रभारी एचएम सोनालाल प्रसाद ने एफएलएन कीट का वितरण किया। उपस्थित शिक्षकों द्वारा अपने अपने वर्गो के छात्र छात्राओं की सूची और उपस्थिति के आधार पर मौजूद बच्चों के बीच एफएलएन किट्स वितरण किया गया।इस किट्स में बैग,पानी के बोतल,पूरे एक दर्जन एचबी पेंसिल के सेट,विषय वार कॉपी, कटर,रबर,स्लेट,स्कूल डायरी शामिल थे। एचएम सोनालाल प्रसाद ने बताया कि स्कूल के सभी बच्चों को एफएलएन किट्स मुहैया कराया जा रहा है।

-----

### कई स्कूलों में देरी से शुरू हुई परीक्षा



**मोतिहारी/आदापुर।** प्रखंड के हाई स्कूलों में मंगलवार से मासिक परीक्षा की शुरुआत हुई। रिमझिम बारिश के बीच बच्चे भींगते भागते विद्यालय पहुंचे और मासिक मूल्यांकन परीक्षा में हिस्सा लिये।

यह परीक्षा सुबह की पहली पाली में साढ़े छह बजे से आठ बजे तथा साढ़े आठ बजे साढ़े दस बजे तक चली। कुछ विद्यालयों में बारिश की वजह से पहली पाली की परीक्षा बिलंब से शुरू हुई । उमावि लक्ष्मीपुर में वर्ग नौ में 89 और वर्ग दस में 21 छात्र छात्रा उपस्थित हुए।वर्ग नौ की छात्रा अंजली कुमारी, दीपांजलि कुमारी, करण कुमार और रोहित कुमार आदि ने बताया कि विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में पूछे गए प्रश्न काफी आसान थे।एचएम अरबिंद कुमार ने बताया कि प्रश्न पत्र सभी बच्चों को हस्तगत करा दिया गया और छात्रों ने उसका हल भी आसानी से कर लिया।

## बिहटा में सिलाई सीखने जा रही छात्रा से दुष्कर्म

**पटना।** बिहटा थाना क्षेत्र के एक गांव में सिलाई सीखने जा रही 19 वर्षीया छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के परिजनों ने गांव के ही अभिषेक पटेल (24) पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने अभिषेक के खिलाफ बिहटा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने केस दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया। वहीं आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। वहीं घटना की जानकारी होने आसपास के लोग आक्रोशित होकर आरोपित के घर पंहुच गये। लेकिन उसके फरार बताए जाने पर जमकर हंगामा किया।

बताया जाता है कि छात्रा प्रतिदिन बगल के गांव में सिलाई सीखने जाती थी। रास्ते में पड़ोसी अभिषेक पटेल ने छात्रा को बहला फुसला कर झूठा प्रेम का दिखावा करने लगा। मंगलवार को जब छात्रा सिलाई सेंटर जा रही थी, अभिषेक ने बहाना बनाकर अपने पुराने मकान पर ले गया। वहां पंहुचे ही उसने छात्रा के साथ जबरदस्ती करने लगा। शोर मचाने पर छात्रा के मुंह मे कपड़ा डालकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। घटना से मर्माहत पीड़ित ने घर पहुंच माता-पिता को घटना की जानकारी दी।

थाना प्रभारी राजकुमार पांडे ने बताया कि पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। पीड़िता के परिजनों की लिखित शिकायत के आधार पर अग्रिम करवाई करते हुए आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## पंसस की मासिक बैठक में केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा

**कतरास (प्रातः आवाज)।** बाघमारा प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक प्रखंड प्रमुख गीता देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के पंचायतों में क्रियान्वयन से संबंधित मामलों को रखा गया। बैठक में सभी पंचायत समिति सदस्यों ने पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं के पंचायतों में क्रियान्वयन में प्रमुखता से आधी भागीदारी की मांग रखी। इसके अलावा बड़ा पांडेयडीह झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में टंकी के गर्म पानी का छात्राओं द्वारा सेवन करने का मामला उठाया। जिस पर बीईईओ मो अहमद हुसैन ने जल्द ही विद्यालय में दो वाटर कूलर उपलब्ध कराने की बात कही। पंसस सदस्यों ने अत्यधिक बरसात से पूर्व जर्जर बिजली पोल व तार बदलने की मांग रखी। साथ ही बिजली मीटर रिडिंग समय पर नहीं होने की शिकायत की। जिस पर बिजली विभाग के जेई सोनू सामद ने मीटर रिडिंग स्टॉफ की कमी की बात कही। इसके अलावा सदस्यों ने बीआरसी के भंडार कक्ष से चावल चोरी, डूमरा में सरकारी जमीन का अतिक्रमण, रोजगार सेवकों का ट्रांसफर करने की मांग, ब्लॉक टू क्षेत्र में कोयला खनन के दौरान उत्पन्न प्रदूषण का मामला समेत विभिन्न पंचायतों की समस्याओं को रखा। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने सदस्यों को दीदीबाड़ी योजना, मनरेगा, पीएम आवास, अबुआ आवास, पोटो हो खेल मैदान योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए पंचायतों में योजनाओं के क्रियान्वयन में जोर देने की बात कही। बैठक में बीडीओ डॉ सुषमा आनंद, सीओ रविभूषण प्रसाद, प्रखंड उप प्रमुख रंजीत सिंह, सांसद प्रतिनिधि गौतम गोप, बीपीआरओ रघुवंश भारती, सीएचसी प्रभारी डा प्रभात सिन्हा, बीपीओ दीपक रवानी, बीएएचओ मो नवी हुसैन, नोडल अधिकारी प्रेमलता सिंह, प्रखंड समन्वयक उत्तम कुमार, बीसीसीएल अधिकारी श्री झा, जीके मेहता, वन अधिकारी दीपक कुमार, पंसस सुरेश रजक, अनिल कुमार तुरी, सुरेश रजक, पिंटू वर्णवाल, विकास दास, सुभाष साव, माइकल सहित लगभग सभी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

## मजदूर समस्याओं का प्रबंधन करे समाधान : हर्ष सिंह

**जोडापोखर (प्रातः आवाज)।** मजदूरों की समस्या को लेकर बीसीसीएल के क्षेत्र संख्या 10 के महाप्रबंधक निर्झर चक्रवर्ती के साथ जमसं के केन्द्रीय संगठन सचिव हर्ष सिंह ने वार्ता की। इस दौरान संघ की ओर से जनता से जुड़े कई समस्याओं को रखा गया। साथ ही बागडिगी कोल डंप में लोडिंग, एनटीएसटी डंप में डिपार्टमेंटल कोयला गिराने, जयरामपुर में समरसेबल पंप लगाने और एसओपी के अनुसार कांटा कराने आदि मुद्दों पर वार्ता हुई। वार्ता में सकारात्मक पहल करने का प्रबंधन ने आश्वासन दिया। सभी मांगों पर महाप्रबंधक द्वारा सहमति प्रदान कर त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया है। वार्ता के दौरान हर्ष सिंह ने कहा कि प्रबंधन मजदूर को परेशान करने का मंशा त्याग दे। किसी कीमत पर मजदूर प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस दौरान हर्ष सिंह सहित अन्य नेताओं को समर्थकों ने गर्मजोशी के साथ पुष्प हार से स्वागत किया। वार्ता में अभिषेक सिंह, केडी पाण्डेय, मृणालकांत सिंह, उमाशंकर शाही, दीपक सिंह, रामबाबू सिंह, रूपक सिन्हा, राजू खान, सुरेश माली, समरजीत सिंह, दिलीप महतो, दशरत यादव, सोनू साव, कृष्णा चौहान, आजाद चौधरी व अन्य संघ समर्थक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### एनीमिया मुक्त भारत के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा : डॉ एके द्विवेदी

**भोपाल।** भारत सरकार ने 2047 में एनीमिया मुक्त भारत की परिकल्पना में सभी चिकित्सकों एवं समाज सेवी संस्थानों तथा जनता को मिलकर सहयोग करना होगा। सिकल सेल की बीमारी अतयंत गंभीर, असाध्य एवं पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाली बीमारी है इसके लिए जागरूकता के साथ - साथ शादी पूर्व रक्त जाँच जब तक अनिवार्य नहीं होगा तब तक बीमारी को अगली पीढ़ी में जाने से रोका जाना असंभव होगा यह बात केंद्रीय होम्योपैथी अनुसन्धान परिषद् आयुष मंत्रालय भारत सरकार के वौज्ञानिक सलाहकार बोर्ड के सदस्य डॉ एके द्विवेदी ने कही, आपने यह भी कहा कि सिकल सेल का इलाज किसी भी चिकित्सा पद्धवती द्वारा अभी तक संभव नहीं हो सका है लेकिन होम्योपैथी चिकित्सा द्वारा सिकल सेल की बीमारी से पीड़ित मरीजों के दुःख दर्द एवं असहनीय पीड़ा को कम किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि डॉ एके द्विवेदी के पास पूरे देश से अप्लास्टिक एनीमिया के मरीज आते हैं जिनका हीमोग्लोबिन और प्लेटलेट्स काफ़ी कम रहने के कारण उन्हें पूर्व में बार बार, जल्दी जल्दी रक्त चढ़ाना पड़ता था और जिन्हे इलाज स्वरुप केवल बोन मेरो ट्रांसप्लांट बताया गया था ऐसे कई मरीज डॉ द्विवेदी की एडवांस्ड होम्योपैथी चिकित्सा 50 मिलिसिमल पोटेंसी की दवा से के सेवन से अब पूरी तरह ठीक हो गए हैं और अपना जीवन बिना किसी परेशानी के ब्यतीत कर रहें हैं

### सोमैया विद्याविहार मुंबई द्वारा रेहटी में सोमैया विद्या मंदिर का उद्घाटन

**रेहटी।** हाल ही में सोमैया विद्याविहार (मुंबई) ने मध्य प्रदेश के रेहटी में सोमैया विद्या मंदिर स्कूल का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य बुदनी, रेहटी, नसरुल्लागंज और ओबेदुल्लागंज के इलाकों में रहने वाले बच्चों को मूल्य-आधारित सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करना है। इस शानदार पहल की शुरुआत करते हुए स्कूल में पहले ही 50 छात्रों ने प्रवेश ले लिया है, जिनमें रातापानी वन्यजीव अभयारण्य के बाहरी इलाके के सुदूर आदिवासी गाँवों के 20 बच्चे भी शामिल हैं। सोमैया संस्थान ने वर्ष 1942 में ग्रामीण महाराष्ट्र के कोपरगाँव में अपने पहले स्कूल की स्थापना की थी और यह सोमैया विद्याविहार का नौवाँ स्कूल है, जो ग्रामीण महाराष्ट्र, कर्नाटक तथा गुजरात के स्कूलों में सम्मिलित हो गया है। रेहटी, मध्य प्रदेश में विंध्याचल की पहाड़ियों की तलहटी में बसा एक जिंदादिल शहर है और यह नया स्कूल इसी शहर में स्थित है। इस अवसर पर सोमैया विद्याविहार अध्यक्ष एवं सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, श्री समीर सोमैया ने कहा, 'समाज हित में योगदान देना हमारे परिवार की परंपरा है और शिक्षा हमारी इस परंपरा का आधार रही है, और मुझे विश्वास है कि शिक्षा में लोगों का जीवन बदलने की शक्ति होती है।

### इमरजेंसी के बाद इंदिरा गांधी को लगने लगा था पिटाई का डर, देश छोड़ने की बनाई थी योजना: अन्नामलाई

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश (तमिलनाडु) अध्यक्ष के अन्नामलाई ने मंगलवार को दावा किया है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1977 में इमरजेंसी समाप्त होने के बाद देश से बाहर जाने का फैसला किया था। अन्नामलाई ने कहा कि आपातकाल के दौरान हर तरफ दमन था। 1975 से 1977 तक 21 महीनों में 1.14 लाख लोगों को गिरफ्तार किया गया था। आपको बता दें कि आपातकाल की घोषणा 25 जून 1975 को की गई थी। इस दिन को काला दिवस के रूप में मनाते हुए प्रदेश भाजपा ने पूरे तमिलनाडु में कई कार्यक्रम आयोजित किए। चेन्नई स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अन्नामलाई ने कहा, आपातकाल समाप्त होने के बाद इंदिरा गांधी ने सोचा कि देश की जनता पूरे गांधी परिवार को पीटेगी। इसलिए उन्होंने अपने बेटे और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी से देश से बाहर जाने के लिए मुंबई में उनके लिए एक विशेष विमान तैयार करने को कहा था। लेकिन, 1978 में सत्ता में आने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने उन्हें आश्वासन दिया कि देश की जनता उन्हें माफ कर देगी और उनकी जान को कोई खतरा नहीं होगा।

# केंद्र ने सबसे ज्यादा भेदभाव केजरीवाल जी के साथ किया

## आतिशी से मिलने के बाद बोले अखिलेश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव बुधवार सुबह दिल्ली सरकार की मंत्री और आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी से मिलने एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे। जो कि हाल ही में दिल्ली जल संकट और हरियाणा से पानी की आपूर्ति को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठी थीं। इसी दौरान आतिशी की तबीयत बिगड़ने के बाद 24 जून की देर रात उन्हें यहां लाया गया था। इसी वजह से अखिलेश उनकी सेहत का हाल पूछने अस्पताल पहुंचे। इस मौके पर आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी मौजूद थे, जिन्होंने अखिलेश यादव का स्वागत किया। आतिशी से मिलने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, जब से दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है मुख्यमंत्रियों की तकलीफ बढ़ी है, परेशानियां बढ़ी है। दिल्ली (केंद्र सरकार) सरकार से जो सहयोग और मदद मिलनी चाहिए उसे भी सरकार ने पूरा नहीं किया। केंद्र सरकार ने सबसे ज्यादा भेदभाव अगर किसी के साथ किया है तो वो दिल्ली सरकार के साथ और खासकर अरविंद केजरीवाल जी के साथ किया है। केंद्र सरकार लगातार उनको तकलीफ परेशानी पहुंचा रही है। जब उन्हें हर जगह से राहत मिलने का काम शुरू हो गया, जब वो बाहर आ जाते तो वे निकल ना पाएं सरकार ना चला पाएं इसलिए फिर उन पर ना जाने कौन सा मुकदमा लगाकर उनको फंसा दिया गया। सीबीआई के लोग लगातार लोगों को फंसाते हैं और उनको फंसाते हैं जिनसे इनको(भाजपा) खतरा है।

इस मुलाकात के बारे में जानकारी देते हुए आप ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलाने के लिए अपनी जान की बाज़ी लगा देने वाली जल मंत्री आतिशी जी के स्वास्थ्य का एलएनजेपी अस्पताल पहुंचकर हालचाल जाना। इस दौरान आप सांसद संजय सिंह जी व विधायक दिलीप पांडे जी भी मौजूद रहे।

बता दें कि अनिश्चितकाली भूख हड़ताल पर बैंठी आतिशी की तबीयत सोमवार रात को बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह पिछले पांच दिनों से कुछ भी नहीं खा रही थीं और हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पानी जारी करने की मांग पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर थीं। इसी दौरान उनका ब्लड शुगर लेवल आधी रात को 43 और सुबह 3 बजे 36 तक गिर गया, जिसके बाद अस्पताल के डॉक्टरों ने तुरंत उन्हें भर्ती करने की सलाह दी। इसी के साथ उन्होंने डॉक्टरों की सलाह पर मंगलवार सुबह अपना अनशन भी खत्म कर दिया।

### नोएडा सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन तक दौड़ेगी मेट्रो, यूपी कैबिनेट से मिली मंजूरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा सेक्टर-142 से 38ए बॉटेनिकल गार्डन तक मेट्रो रूट की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को यूपी कैबिनेट ने मंगलवार को मंजूरी दे दी। अब इसे केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। यह एक्वा लाइन का एक्सटेंशन रूट होगा। अगले साल से इस रूट पर काम शुरू होने की उम्मीद है। पिछले साल दिसंबर में नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने इस रूट की डीपीआर को बोर्ड से मंजूरी दी थी। इसके बाद यूपी सरकार को भेजा गया था। एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो का नया रूट 11.56 किलोमीटर का होगा। इस पर आठ मेट्रो स्टेशन एलिवेटेड बनेंगे। परियोजना की कुल लागत 2254.35 करोड़ रुपये आएगी। इसमें जमीन और सभी कर शामिल हैं। परियोजना में राज्य सरकार द्वारा कोई धनराशि नहीं दी जाएगी। इसका खर्च नोएडा उठाएगा। यूपी सरकार परियोजना को बढ़ाने और कनेक्टिविटी में सहयोग करेगी। योजना के मुताबिक बॉटेनिकल गार्डन और सेक्टर-44 के मेट्रो स्टेशन को छोड़ दें तो बाकी सभी छह स्टेशन एक्सप्रेसवे के पास सेक्टर रोड पर बनाए जाएंगे। एक्सप्रेसवे और सर्विस रोड को जोड़ते हुए इसके दूसरे हिस्से को जोड़ने के लिए फुटओवर ब्रिज भी बनाए जाएंगे। डीपीआर के तहत इस रूट पर मेट्रो चलने के पहले चरण में करीब 80 हजार राइडरशिप रहने की उम्मीद है। इससे सेक्टर-44, 45, 97, 99, 100, 104, 105, 108 और 93 में रहने वाले लोगों को सबसे ज्यादा फायदा होगा।

## राजस्थान में कांग्रेस का खेल बिगाड़ेंगी मायावती, उप चुनाव लड़ने का ऐलान



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की पांच विधानसभा उप चुनाव में बसपा अपने उम्मीदवार खड़ा करेगी। बसपा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने कहा कि पार्टी नगर निकाय चुनाव भी लड़ेगी। जिससे ग्रासरूट पर कार्यकर्ता तैयाह हो सके। भगवान सिंह बाबा ने कहा कि मायावती की अध्यक्षता में हाल ही में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। राजस्थान में 5 सीटों पर विधायक अब सांसद बन चुके हैं, जिसके बाद 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान होनेवाला है। उपचुनाव के लिए अलग-अलग पार्टियां तैयारियों में जुट चुकी है। इस बीच कांग्रेस ने भी अपनी कमर कस ली है। बता दें 5 विधानसभा सीटों में से तीन सीटों पर कांग्रेस के विधायक सांसद पहुंचे हैं। जबकि एक सीट पर आरएलपी और एक सीट पर बीएपी के विधायक सांसद बने हैं। ऐसे में कांग्रेस अपनी जीती हुई सीट को हाथ से निकलने नहीं देगी। विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने फिर से मोर्चा संभाल लिया है।

गोविंद सिंह डोटासरा ने संगठनात्मक सक्रियता बढ़ान के लिए पांचों विधानसभा क्षेत्र के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया है. समिति द्वारा ब्लॉक, मण्डल तथा बूथ कांग्रेस कमेटियों की बैठक ली जाकर क्षेत्र के जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया जायेगा और जमीनी स्तर पर संगठन का मतदाताओं से संवाद एवं जुड़ाव के लिए कार्य योजना बनाकर चुनाव में जीत सुनिश्चित के लिए रूपरेखा तैयार करेंगे। लोकसभा चुनाव में बीजेपी को राजस्थान में तगड़ा झटका लगा है। राज्य के पांच विधायकों के लोकसभा सांसद चुने जाने के चलते पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। कांग्रेस के सामने अपने विधायकों की सीट बचाने की चुनौती है तो बीजेपी की कोशिश उपचुनाव के ट्रेंड तोड़ने की है। पिछले दस सालों में हुए उपचुनाव में कांग्रेस का पलड़ा भारी रही है। कांग्रेस सत्ता में रही हो या फिर विपक्ष में उपचुनाव की बाजी मारती रही है। ऐसे में सत्ता की कमान संभाल रहे सीएम भजनलाल के लिए बीजेपी को उपचुनाव जिताने का जिम्मा है।

## पेपर आउट करा आपस में बांट लेते सभी गैंग

### कई राज्यों में फैला है नीट-यूजी नकल माफिया का गठजोड़



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नीट-यूजी पेपर लीक किसी एक गैंग का कारनामा नहीं है, बल्कि इसमें कई गैंग का गठजोड़ शामिल है। ये गैंग कई राज्यों में सक्रिय हैं और उनके सदस्य आपस में एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। इनकी तलाश इन राज्यों में प्रारंभ की जा चुकी है और नीट पेपर लीक मामले में उनकी भूमिका की जांच शुरू हो चुकी है। इस मामले में नोएडा एसटीएफ ने भी अपने स्तर से जांच शुरू कर दी है और वह रवि अत्री गैंग के सदस्यों की तलाश कर रही है।

नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे ही नए खुलासे हो रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, जांच में पता चला है की पेपर लीक मामले से जुड़े बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश के गैंग का आपस में गठजोड़ है। यह गठजोड़ किसी एक परीक्षा में नहीं बल्कि अन्य परीक्षाओं में भी काम करता है। किसी भी एक गैंग के द्वारा पेपर लीक किए जाने के बाद उसे अन्य गैंग में भी बांटा जाता है।

जांच एजेंसियों से मिली जानकारी के अनुसार, इस गठजोड़ में मध्यप्रदेश के इंदौर में रहने वाले राजीव नारायण मिश्रा, पटना का शुभम मंडल, नालंदा का संजीव मुखिया और उसका बेटा डॉ. शिवम, शामली का मोनू गुर्जर, मथुरा का मोनू पंडित, जौनपुर का अजित चौहान, हरियाणा का संजीव दाहिया, मोनू ढाकला और नोएडा का रवि अत्री प्रमुख हैं।

रवि अत्री पूरे दिल्ली एनसीआर में पेपर लीक का सरगना है। पुलिस भर्ती परीक्षा के लीक कांड का भी वह मुख्यारोपी है। नोएडा एसटीएफ की टीम भी रवि अत्री के साथियों और नीट पेपर लीक मामले में उनकी भूमिका की जांच में जुट गई है।

इन परीक्षाओं के पेपर लीक करने का आरोप इन गिरोह पर प्री मेडिकल टेस्ट परीक्षा, एम्स पीजी परीक्षा, पुलिस भर्ती परीक्षा, यूपीटीईटी, बीपीएससी द्वारा आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा, एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा, आरओ, एआरओ परीक्षा आदि प्रमुख परीक्षाओं के पेपर लीक करने का आरोप है।

**रवि अत्री का बैचमेट है संजीव मुखिया का बेटाः** जेवर के गांव नीमका का मूल निवासी रवि अत्री पुलिस भर्ती परीक्षा लीक मामले का मास्टर माइंड है। नकल माफियाओं से सांठगांठ कर उसने करोड़ों की संपत्ति अर्जित की है। उसके पास नोएडा, ग्रेटर नोएडा में आलीशान फ्लैट हैं। वह वर्तमान में मेरठ जेल में बंद है। नीट परीक्षा लीक मामले के मास्टर माइंड माने जा रहे संजीव मुखिया से रवि की विशेष नजदीकी हैं। संजीव के बेटे डॉ. शिवम का वह बैचमेट रहा है।

## महाराष्ट्र में हार के बाद भाजपा को एक और झटका, पूर्व मंत्री सूर्यकांता पाटिल अब शरद पवार के साथ

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के नतीजे उम्मीदों के विपरीत आने पर भाजपा में मंथन चल ही रहा है कि इस बीच उसे करारा झटका लगा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सूर्यकांता पाटिल ने भाजपा छोड़ दी है और अब वह शरद पवार खेमे वाली एनसीपी का हिस्सा बन गई हैं। उन्होंने शनिवार को ही भाजपा से इस्तीफा दिया था और तब से ही अटकलें थीं कि वह शरद पवार खेमे में जा सकती हैं। उन्होंने 11 साल बाद घर वापसी की है। एनसीपी को छोड़कर वह 2014 में ही भाजपा में आ गई थीं। उन्होंने अब घर वापसी करते हुए यह भी कहा कि भाजपा में जाकर उन्होंने गलती की थी। वह नांदेड़ से आती हैं, जहां से अशोक चव्हाण भी हैं। वह फिलहाल भाजपा से राज्यसभा सांसद बने हैं। एक तरफ नांदेड़ पार्टी को लोकसभा चुनाव में हार मिली है और अब पाटिल के शरद पवार खेमे में जाने से उसे झटका लगा है। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले इस तरह नेताओं का छोड़ना उसकी टेंशन बढ़ाने वाला है। शरद पवार ने पाटिल की वापसी पर कहा कि उनके आने से पार्टी को नांदेड़, हिंगोली, परभणी, बीड और अन्य जिलों में मदद मिलेगी। सूर्यकांत पाटिल ने अपने इस्तीफे में कहा कि मैंने कई बार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले से मिलने का समय मांगा था। लेकिन उन्होंने वक्त ही नहीं दिया। इसके साथ ही उन्होंने इस्तीफे में लिखा कि बीते 10 सालों में मैंने बहुत कुछ सीखा है। इसके लिए पार्टी को धन्यवाद देती हूं। सूर्यकांता पाटिल के करीबी सूत्रों का कहना है कि वह अशोक चव्हाण की एंट्री और उन्हें राज्यसभा भेजे जाने से नाखुश थीं। उन्हें लग रहा था कि उनको यह मौका मिलना चाहिए था। इसके अलावा वह लोकसभा चुनाव में भी लड़ने की दावेदारी कर रही थीं।

## शिमला में 70 मीटर नीचे खड्ड में गिरा वाहन; हादसे में पति की मौत, पत्नी समेत दो घायल

**शिमला, एजेंसी।** शिमला के झाकड़ी इलाके में गानवी के पास बोलेरो कैम्पर वाहन अनियंत्रित हो गया और करीब 70 मीटर नीचे खड्ड (उपनदी) में जा गिरा। इस दुर्घटना में वाहन में सवार एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी व एक अन्य घायल हैं। घायलों में मृतक की पत्नी भी शामिल है।

दोनों घायलों को उपचार के लिए खनेरी अस्पताल में भर्ती किया गया है। मृतक की पहचान राम लाल (48) निवासी मोलागी के रूप में हुई है। हादसे में मृतक की पत्नी राधा देवी (48) और चालक अर्जुन (34) चोटिल हैं। मंगलवार देर शाम हुए इस हादसे की वजह चालक की लापरवाही सामने आई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बोलेरो कैम्पर वाहन क्रमांक एचपी 25ए-1850 कोटलु ज्यूरी से मोलागी की तरफ जा रहा था। हादसे के वक्त वाहन में चार लोग सवार थे। इनमें मोलागी निवासी राम लाल, राधादेवी पत्नी राम लाल, चालक अर्जुन और बगड़ू राम (43) शामिल हैं। हादसे में बगड़ू राम सुरक्षित बच गया। दरअसल रामलाल ने घर का काम लगाया था और इसके लिए रेत के कट्टे बोलेरो कैम्पर में लाद कर लाये जा रहे थे। बोलेरो जब गानवी के पास पहुंची तो चढ़ाई में आगे नहीं बढ़ पा रही थी और अचानक बैक होने लगी। तभी वाहन में सवार बगड़ू राम पिछले टायर के नीचे पत्थर रखने के लिए वाहन से उतर गया। लेकिन बोलेरो तेजी से बैक हुई और वह सड़क से करीब 70 मीटर नीचे गानवी खड्ड में जा गिरी। इस दुर्घटना में राम लाल की मौके पर ही मौत हो गई तथा राधा देवी और चालक अर्जुन को चोटें आई हैं।

# अरावली से सटे गांव टिकली में तेंदुआ दिखने से ग्रामीण दहशत में



## पुलिस प्रशासन से लगाई सुरक्षा की गुहार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम में अरावली से सटे गांव टिकली में तेंदुआ दिखने से ग्रामीण दहशत में है। सोमवार रात को गोशाला में एक साथ दो तेंदुए घुस गए। इनमें से एक तेंदुए ने गोवंश पर हमला कर उसे अपना शिकार बना लिया। गोशाला में लगे सीसीटीवी में यह घटना कैद हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक बीते एक माह से जंगल से कई बार तेंदुए गांव के आबादी क्षेत्र में घूम रहे हैं। सोमवार रात को ग्रामीणों की सूचना पर वन्यजीव प्राणी विभाग के डीएफओ राजेश चहल ने गांव का निरीक्षण कर लोगों को सतर्क रहने को कहा है।

गांव टिकली निवासी सुनील यादव ने बताया कि गांव बिल्कुल अरावली की पहाड़ियों से सटा हुआ है। इस कारण जंगली जानवरों का गांव में हमेशा खतरा रहता है। गांव में बीते एक माह से तेंदुए ने खूब दहशत फैला रखी है। तेंदुए रात के अंधेरे में गांव के गोशाला में आता है और एक गोवंश को अपना शिकार बनाकर वहां से चला जाता है। तेंदुए ने एक माह में दस से ज्यादा गोवंश को अपना शिकार बनाया है। उन्होंने बताया कि गांव की गोशाला बिल्कुल पहाड़ से सटी हुई है, इस वजह से यहां पर तेंदुआ आसानी से घुस सकता है।

**घटना सीसीटीवी फुटेज में कैदः** ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार की रात को एक साथ अलग-अलग समय में दो तेंदुए गोशाला में प्रवेश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दोनों की गेट के पास बनी दिवार के ऊपर से आते दिखाई दे रहे हैं। गोशाला में प्रवेश करते ही तेंदुए ने एक गोवंश पर हमला कर उसे मार दिया। इसके बाद वह वहां से चला गया। इसके बाद कुछ समय के बाद दूसरा तेंदुआ भी गोशाला में प्रवेश करते हुए सीसीटीवी में दिखाई दिया है।

वन्यजीव विभाग के डीएफओ राजेश चहल ने कहा, गांव टिकली में तेंदुए के घुसने की सूचना मिली थी। इसके बाद गांव में निरीक्षण कर लोगों से सतर्क रहने को कहा। यह गांव अरावली से सटा है। जंगल से शिकार की तालाश में तेंदुए यहां आ रहे हैं।

**पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाईः** ग्रामीणों ने मंगलवार को सुबह गांव की आदर्श गोशाला में एकत्रित होकर प्रशासन से गोवंशों की रक्षा करने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए अगर ऐसे ही गांव में आते रहे तो अब तो गोवंश को शिकार बना रहे हैं। वह लोगों पर भी हमला कर सकते है। लगातार गांव में तेंदुए दिखने से यहां दहशत का माहौल है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

**वन्यजीव विभाग ने सतर्क रहने को कहाः** मंगलवार को वन्य जीव विभाग के डीएफओ राजेश चहल ने गांव टिकली का दौरा किया।

### भोंडसी-मानेसर में भी कई बार देखा जा चुका

गुरुग्राम ओर सोहना क्षेत्र अरावली से सटा हुआ है।इस कारण भोंडसी, मानेसर के आसपास गांव में कई बार तेंदुए देखे गए हैं। फरवरी में गांव नरसिंहपुर से भी एक तेंदुए को वन्यजीव विभाग ने रेस्क्यू कर पकड़ा था।वन विभाग के मुताबिक अरावली में वन्य जीवों को पर्याप्त भोजन-पानी नहीं मिल पा रहा।इस वजह से यह रिहायशी इलाकों में घुस रहे हैं।इनसे सावधान रहने की जरूरत है।

गोला फेंक खिलाड़ी

# तजिंदर पाल सिंह राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हटे




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के 29 साल के तूर के नाम कुछ समय पहले तक 21.77 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड था। सऊदी अरब के मोहम्मद दाओबा तोलो ने 21 जून को मैड्रिड में एस्टाडियो वालेहर्मोसो प्रतियोगिता में 21.80 मीटर के प्रयास के साथ उनके रिकॉर्ड को तोड़ा। भारत के गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदर पाल सिंह तूर ने टखने में दर्द के कारण राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से बाहर होने का फैसला किया है। गुरुवार से पंचकुला में शुरू हो रही यह प्रतियोगिता आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने का अंतिम मौका है।

कुछ दिन पहले तक एशियाई रिकॉर्ड धारक तूर विश्व रैंकिंग कोटा के जरिए पेरिस खेलों के लिए क्वालिफाई करने की राह पर थे। वह गत एशियाई चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हैं। हालांकि, अब उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया है। तूर ने पीटीआई को बताया कि अभी उनके टखने में थोड़ा दर्द है जिसकी वजह से डॉक्टर ने सिंह को तीन से चार हफ्तों तक थ्रो नहीं करने की सलाह दी है।

भारत के 29 साल के तूर के नाम कुछ समय पहले तक 21.77 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड था। सऊदी अरब के मोहम्मद दाओबा तोलो ने 21 जून को मैड्रिड में एस्टाडियो वालेहर्मोसो प्रतियोगिता में 21.80 मीटर के प्रयास के साथ उनके रिकॉर्ड को तोड़ा। यह देखना होगा कि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) तूर की नवीनतम समस्या से कैसे निपटता है क्योंकि अधिकारी अभी तक इस बारे में कुछ नहीं कह रहे हैं। पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा दो अगस्त (क्वालीफाइंग दौर) को शुरू होगी और फाइनल तीन अगस्त को होगा। पिछले महीने एएफआई के अध्यक्ष आदिले सुमारिवाला ने स्पष्ट किया था कि ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को छोड़कर अन्य सभी खिलाड़ियों के लिए पेरिस ओलंपिक में चयन के लिए राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप (27-30 जून) में भाग लेना अनिवार्य होगा। तूर एक जुलाई 2023 से 30 जून 2024 के दौरान पेरिस ओलंपिक का 21.50 मीटर का स्वत क्वालिफाइंग स्तर हासिल नहीं कर पाए।

उन्होंने 19 जून 2023 को 21.77 मीटर की दूरी तय की लेकिन तब से वह 20 मीटर के दूरी को सिर्फ तीन बार पार कर पाए हैं। पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज में पेरिस ओलंपिक का स्वत क्वालिफाइंग स्तर हासिल करने वाले एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अविनाश साबले अपनी पसंदीदा स्पर्धा की जगह 1500 मीटर स्पर्धा में हिस्सा ले रहे हैं।

लारा एकमात्र शख्स थे जिन्हें यकीन था कि....

# अफगानिस्तान सेमीफाइनल में होगा : राशिद खान






**किंग्सटाउन, एजेंसी।** अफगानिस्तान ने मंगलवार को टी20 विश्व कप के सुपर 8 मुकाबले में बांग्लादेश को 8 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। विश्व कप शुरू होने से पहले केवल ब्रायन लारा ही ऐसे पूर्व खिलाड़ी थे जिन्होंने अफगानिस्तान के सेमीफाइनल में पहुंचने की भविष्यवाणी की थी। अब जब अफगानिस्तान सेमीफाइनल में पहुंच गया है तो कप्तान राशिद खान को उसे सही साबित करने में बेहद खुशी महसूस हो रही है। राशिद ने बांग्लादेश से मैच जीतने के बाद कहा कि मुझे लगता है कि हमारा सेमीफाइनल में पहुंचना अफगानिस्तान में युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा साबित होने वाला है।

अफगानिस्तान की टीम पहली बार सेमीफाइनल में पहुंची है। हम पहली बार सुपर 8 में भी पहुंचे। अब सेमीफाइनल खेलेंगे। यह एक अविश्वसनीय एहसास है और मुझे लगता है कि हमने एक व्यक्ति को बिल्कुल सही साबित कर दिया है। वह व्यक्ति है ब्रायन लारा। वह एकमात्र व्यक्ति थे जिन्होंने सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमों में अफगानिस्तान का उल्लेख किया था। मुझे लगता है कि जब हम उनसे स्वागत पार्टी में मिले थे तो हमने उन्हें यह बताया था - हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम इसे सही भी साबित करें।

राशिद ने कहा कि मुझे लगता है कि जब आपको एक टीम के रूप में किसी दिग्गज से शानदार बयान मिलते हैं, तो मुझे लगता है कि यह आपको बहुत सारी ऊर्जा देता है। जब तक हम चीजों को बहुत सरल रखते हैं हम सब कुछ करने में सक्षम हैं। हमने चीजों को सरल रखा है, हां, कुछ कठिन समय थे लेकिन हमने खुद को निराश नहीं किया और हम हमेशा मजबूत होकर वापस आने की कोशिश करते हैं। भले ही अफगानिस्तान समकालीन क्रिकेट में एक भयंकर प्रतिद्वंद्वी है, लेकिन कम ही लोगों को सेमीफाइनल में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन की उम्मीद थी।

अब अंग्रेजों की बारी है...

# भारत-इंग्लैंड सेमीफाईनल आज

**गुयाना, एजेंसी।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच 27 जून को गुयाना के प्रोविडेंस क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। पिछले टी20 वर्ल्ड कप (2022) में भी भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल हुआ था। हालांकि इस मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत को 10 विकेट से हराया था। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के बाद अब इंग्लैंड से भी अपना पुराना बदला जरूर लेना चाहेगी। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा इस वक्त प्रचंड फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच में अर्धशतक ठोकने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर 8 के मैच में शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 41 गेंद में 8 छक्के और 7 चौके के बूते 92 रन बनाए थे। इंग्लैंड के खिलाफ भी वह बड़ी पारी खेल सकते हैं।



# एमिटी खिताब के करीब, सिटी व नॉर्दन यूनाइटेड बेहतर स्थिति में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विनय के दो बेहतरीन गोलों की मदद से एमिटी इंडियन नेशनल ने नोएडा सिटी एफसी को 2-1 से हरा कर डीएसए ए डिवीजन के सुपर सिक्स मुकाबले में पूरे अंक अर्जित किए। इस जीत से एमिटी के चैंपियनशिप जीतने की उम्मीद बढ़ गई है।




नोएडा सिटी का एकमात्र गोल कर्मण्य ने किया। दिन के दूसरे मैच में नॉर्दन यूनाइटेड ने हेमंत ठाकुर के पेनाल्टी गोल से एम 2 एम को 1- 0 से पराजित किया। एमिटी की जीत का आकर्षण विनय द्वारा क्रमशः 48 और 53 मिनट में जमाए गोल रहे।

पांच मिनट में दो गोल करने के बाद एमिटी की फार्म में गिरावट आई और उसे रक्षात्मक खेलना पड़ा। गोल करने के लिए नोएडा सिटी ने बहुत प्रयास किए लेकिन कर्मण्य बंसल ही गोल जमा पाया। अंतिम 20 मिनट में एमिटी पर दबाव बढ़ जाने के कारण उसके मिड फील्डर और फारवर्ड चल नहीं पाए । नतीजतन नोएडा सिटी ने खेल पर पकड़ तो बनाई लेकिन लगातार आसान मौके और मैच गंवाया।

नॉर्दन यूनाइटेड और एम 2 एम के बीच खेला गया मैच मौके गंवाने वाला रहा। विजेता टीम ने दूसरी जीत के साथ सुपर लीग में खेलने का दावा फिर से पेश किया है। हालांकि अभी एक दिन का खेल बाकी है, इसमें कोई बड़ा उठापटक समीकरण बदल सकता है।




पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी

# इंजमाम-उल-हक ने भारतीय टीम पर लगाया चीटिंग करने का आरोप

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी अक्सर अपने बयानों को लेकर चर्चा में बने रहते है. वही पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी हर बार भारतीय टीम के ऊपर आरोप लगाने से एक भी मौका नहीं चूकते है.भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए मैच में भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को रिवर्स स्विंग मिली पूर्व खिलाड़ी ने इसी पर ही सवाल खड़े कर दिए.

पाकिस्तान के दिग्गज क्रिकेटर इंजमाम-उल-हक ने भारत के ऊपर एक बड़ा आरोप लगा दिया है.इंजमाम पाकिस्तान के एक टीवी शो पर बैठकर बात कर रहे थे. इस कार्यक्रम में उनके साथ पाकिस्तान पूर्व कप्तान सलीम मलिक भी मौजूद थे.

## अर्शदीप सिंह पर लगाया बड़ा आरोप

पाकिस्तान के दिग्गज खिलाडी इंजमाम-उल-हक ने भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर बड़ा आरोप लगाया है. इंजमाम ने एक टीवी शो पर कहा की भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबलें में गेंद के साथ छेड़-छाड़ की है. अर्शदीप सिंह भारत के लिए 16वां ओवर लेकर गेंदबाजी करने आए थे. उस ओवर में अर्शदीप को काफी रिवर्स स्विंग मिल रही था. इंजमाम ने अर्शदीप के रिवर्स स्विंग पर अपना ऐतराज जताया है.

इंजमाम ने कहा की इतने कम ओवर में कोई गेंदबाज कैसे रिवर्स स्विंग कर सकता है. अंपायर को गेंद चेक करनी चाहिए थी की भारतीय टीम में गेंद के साथ में कोई छेड़-छाड़ तो नहीं की है. भारतीय गेंदबाज इस टी20 विश्व कप में अलग ही लय में नजर आ रहे है.

# DLS मैथड बनाने वाले फ्रेंक डकवर्थ का निधन

*84 साल की उम्र में अंतिम सांस ली*



**लंदन, एजेंसी।** DLS मैथड...यह शब्द तो आपने क्रिकेट मैचों के दौरान कई बार सुना होगा। इसे बारिश से प्रभावित इंटरनेशनल क्रिकेट मैचों का नतीजा निकालने के लिए उपयोग किया जाता है। इस मैथड की खोज करने वाले फ्रेंक डकवर्थ का मंगलवार को निधन हो गया है। वे 84 साल के थे। 4 साल पहले टोनी लुइस का भी निधन हो चुका है।

इंग्लैंड के स्टैटीशियन डकवर्थ ने टोनी लुइस के साथ मिलकर इस मैथड की खोज की थी, जिसे इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने 1 जनवरी 1997 को पहली बार जिम्बाब्वे और इंग्लैंड के मैच में लागू किया था। इस मुकाबले को जिम्बाब्वे ने 7 रन से जीता था। उसके बाद ICC ने इसे 1999 में अप्रूव किया और 2001 में टारगेट रिवाइज करने के लिए स्टैंडर्ड मैथड के तौर पर अधिकृत रूप से लागू किया। उन्हें 2010 में MBE (मेंबर ऑफ ब्रिटेश एम्पायर) अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

# डेविड वार्नर ने जेक फ्रेजर मैक्गर्क को दी अपनी जिम्मेदारी

● आईपीएल में अपने बल्ले से मचा चुका है तबाही



**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ ओपनर बल्लेबाज डेविड वार्नर ने टेस्ट और वनडे क्रिकेट के बाद टी20 को भी अलविदा कह दिया है. वही वार्नर ने इसके बाद अपना उत्तराधिकारी भी घोषित कर दिया है. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज डेविड वार्नर ने टी20 विश्व कप के बाद ही टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया. वार्नर पहले ही टेस्ट क्रिकेट और वनडे में संन्यास ले चुके थे. वार्नर ने इस बात की घोषणा पहले ही कर दी थी की वो टी20 विश्व कप के बाद टी20 क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे. वार्नर ने अपना आखिरी टी20 मैच भारत के खिलाफ खेला जिसमें उनके बल्ले से केवल 6 रन ही देखने को मिले. इसके बाद डेविड वार्नर ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए जानकारी दी की वो इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह रहे है. वार्नर ने जाते हुए अपने उत्तराधिकारी की भी घोषणा कर दी है. इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाकर डेविड वार्नर ने जेक फ्रेजर मैक्गर्क को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है.

ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज डेविड वार्नर ने इंटरनेशनल क्रिकेट छोड़ने के बाद अपनी जिम्मेदारी इस खिलाड़ी पर छोड़ दी है.वार्नर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी लगाई जिसमें उनके साथ ऑस्ट्रेलिया के युवा ओपनर बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैक्गर्क भी मौजूद है. इस स्टोरी पर उन्होंने लिखा की अब तुम्हारे हवाले चैंपियन जेक फ्रेजर मैक्गर्क. इस स्टोरी के बाद अब ऐसा लगता की जेक फ्रेजर मैक्गर्क ही डेविड वार्नर की जगह लेने वाले है. जेक फ्रेजर मैक्गर्क अपने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के लिए जाने जाते है.

पैरा बैडमिंटन

# पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास यथिराज विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे, इस दिग्गज को पछाड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास यथिराज ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मंगलवार को जारी बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन की नवीनतम विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। सुहास फ्रांस के दिग्गज लुकास माजुर को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं। 40 वर्षीय अर्जुन पुरस्कार विजेता सुहास को टोक्यो पैरालंपिक के एसएल-4 वर्ग के खिताबी मुकाबले में माजुर के खिलाफ हार के चलते रजत पदक से संतोष करना पड़ा था।





सुहास के नाम पर अब 60 हजार 527 अंक हैं जो फ्रांस के उनके प्रतिद्वंद्वी माजुर (58 हजार 953) से अधिक हैं। सुहास ने सोशल मीडिया पर लिखा, अंततः विश्व नंबर एक। यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि आज घोषित नवीनतम बैडमिंटन विश्व महासंघ पैरा बैडमिंटन रैंकिंग में पुरुष सिंगल्स वर्ग में मुझे जीवन में पहली बार विश्व नंबर एक रैंकिंग मिली है। मैंने लंबे समय से विश्व नंबर एक खिलाड़ी फ्रांस के लुकास माजुर की जगह ली। आपके आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

क्लाइम्बिंग

# भारतीय पर्वतारोहियों ने पीर पंजाल रेंज में गुप्त पर्वत को फतह किया

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता दक्षिण के बाहरी इलाके सोनारपुर में स्थित पर्वतारोहियों के क्लब सोनारपुर आरोही द्वारा संचालित तथा पर्वतारोही रूद्र प्रसाद हलदर के नेतृत्व में टीम लगभग आठ घंटे की चढ़ाई के बाद सुबह करीब 8.45 बजे गुप्त पर्वत की चोटी पर पहुंची। भारतीय पर्वतारोहियों ने वो काम कर दिखाया जो अब तक इससे पहले कोई भी नहीं कर सका है। पश्चिम बंगाल के नौ पर्वतारोहियों की एक टीम ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले के पीर पंजाल रेंज में 5,988 मीटर की ऊंचाई पर स्थित एक चोटी गुप्त पर्वत को फतह किया।



पर्वतारोहण टीम के क्लब ने यह जानकारी दी। कोलकाता दक्षिण के बाहरी इलाके सोनारपुर में स्थित पर्वतारोहियों के क्लब सोनारपुर आरोही द्वारा संचालित तथा पर्वतारोही रूद्र प्रसाद हलदर के नेतृत्व में टीम लगभग आठ घंटे की चढ़ाई के बाद सुबह करीब 8.45 बजे गुप्त पर्वत की चोटी पर पहुंची। इस टीम में विश्व के सबसे युवा पर्वतारोही और प्रत्येक महाद्वीप की सात चोटियों तथा सात ज्वालामुखी चोटियों पर चढ़ने वाले भारत के पहले शख्स सत्यरूप सिद्धांत शामिल थे तथा इसमें एक महिला सदस्य दीपोश्री पॉल भी शामिल थीं। यह टीम तीन जून को कोलकाता से माउंट शिकार बेह (6,200 मीटर) और गुप्त पर्वत की चोटी पर चढ़ने के दोहरे लक्ष्य के साथ रवाना हुई थी, लेकिन पता चला कि जब पर्वतारोही चोटी पर जाने के लिए रास्ता बनाने में सफल हो गए, तभी हिमस्खलन के कारण महत्वपूर्ण चढ़ाई उपकरण नष्ट हो गए, जिसके कारण उन्हें शिखर पर चढ़ने की उम्मीद छोड़नी पड़ी।

टी-20 वर्ल्डकप

# दोबारा कभी आंध्र के लिए नहीं खेलूंगा...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के लिए टेस्ट मैच खेल चुके हनुमा विहारी के लिए पिछले कुछ समय ठीक नहीं रहा था. हनुमा विहारी को आंध्र प्रदेश की कप्तान के पद से हटा दिया गया था. जिसके बाद उनके द्वारा आंध्र क्रिकेट संघ पर कई आरोप लगाए गए थे. विहारी के इस आरोप के बाद आंध्र क्रिकेट संघ ने भी उनको कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया था. जिसके बाद विहारी ने आंध्र ने से दोबारा क्रिकेट ना खेलने का तक का मन बना लिया था. अब भारतीय ऑलराउंडर हनुमा विहारी ने राज्य की सत्ताधारी तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) से राज्य क्रिकेट संघ से उनकी शिकायत का समाधान निकालने का आश्वासन मिलने के बाद आंध्र के लिए ही खेलने की प्रतिबद्धता जताई है.



## कैसे बदला हुनमा बिहारी का मन

इस साल के मार्च में आंध्र क्रिकेट संघ (एसीए) ने विहारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है . क्योंकि उन्होंने आरोप लगाया था कि राज्य संघ ने उन्हें कप्तान के पद से विवादास्पद तरीके से हटा दिया था.विहारी ने इसके बाद आंध्र का साथ छोड़ने की घोषणा की थी और मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) ने उनसे संपर्क भी किया था. इस महीने की शुरुआत में एसीए ने विहारी को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया था लेकिन अब उन्होंने अपना मन बदल लिया है. खबर के मुताबिक विहारी ने टीडीपी अधिकारियों के साथ सोमवार को मुलाकात की है जिसके बाद उन्होंने पुष्टि की कि वह आंध्र के लिए खेलना जारी रखेंगे.

## एक नजर

### श्रेया मामले की जांच तेजी से करे प्रशासन : उपेंद्र

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नवीनगर में नाबालिग छात्रा श्रेया हत्याकांड को लेकर मंगलवार की देर शाम परिजनों से मिलने पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री सह राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा पहुंचे। मृतक के परिजनों से मिलते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि यह बहुत ही घृणित घटना घटी है। समाज में इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए। यह घटना सामाजिक परिवेश को कलंकित करती है। इस तरह की घटना दुबारा न हो, इसका ध्यान रखना होगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि श्रेया हत्याकांड की जांच उच्च स्तरीय कमेटी से कराई जानी चाहिए। पुलिस प्रशासन पूरी ईमानदारी से घटनाक्रम की जांच करे। पूर्व मंत्री ने कहा कि जिस तरीके से श्रेया की हत्या की गई है, वह बहुत ही घृणित कार्य है। पुलिस अविलंब ऐसे अपराधी को गिरफ्तार करे। कहा कि हर हाल में श्रेया के परिजनों को न्याय मिलना चाहिए।

### एक वारंटी गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नवीनगर थाना पुलिस ने बुधवार को एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी थाना क्षेत्र के फुटहरवा गांव निवासी तेजू चौहान है। यह कार्रवाई पीएसआई जितेंद्र कुमार ने की है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि उक्त व्यक्ति पर कोर्ट से वारंट निर्गत था। वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### नाला निर्माण को विधायक ने लिखा पत्र

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** अंबा बाजार के देव रोड में चौक से बटाने नदी तक सड़क के दोनों किनारे नाला का निर्माण करने के लिए स्थानीय विधायक राजेश कुमार ने मुख्य अभियंता को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि जलजमाव की समस्या के स्थाई समाधान के लिए निर्माण जरूरी है।

### कुएं में मिला सिर कटे युवक का शव

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के जुडाही लोहर्षि गांव के समीप के एक कुएं से बुधवार को एक सिर कटे युवक का शव मिला है। संवाद लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने बताया कि कुएं से दुर्गंध आ रही थी। इस आधार पर उन्होंने कुएं में झांककर देखा तो उसमें एक शव था। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। सर कटा होने के चलते पहचान में दिक्कत आ रही है। अपर थानाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह ने आशंका जताई है कि युवक की हत्या कर साक्ष्य छुपाने की नीयत से उसे कुएं में डाल दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# फरार किशोर की सूचना पर प्रधान दंडाधिकारी ने प्लेस ऑफ सेफ्टी का किया औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** मंगलवार को किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी न्यायाधीश सुशील प्रसाद सिंह ने प्लेस ऑफ सेफ्टी बभंडी औरंगाबाद का औचक निरीक्षण किया और बक्सर जिला के फरार विधि विवादित किशोर की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्लेस ऑफ सेफ्टी बभंडी के अधीक्षक को निर्देश दिया कि 24 घंटे के अंदर इस घटना का विस्तृत विवरण कारण सहित प्रस्तुत करें। इस बात की जानकारी देते हुए पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि घटना के पीछे सुरक्षा में चूक प्रतीत होता है। न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा पूर्व में भी कई बार प्लेस ऑफ सेफ्टी बभंडी का निरीक्षण किया और हमेशा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने की हिदायत दी थी। उन्होंने कहा कि पिछले बार निरीक्षण में 07 सुरक्षा प्रहरी को अनुपस्थित रहने पर शोकॉज करते हुए वेतन कटौती का आदेश दिया गया था। उसके बाद भी विधि विवादित किशोर फरार होना चिंता का विषय है।



# निजी विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों में लगेगा सीसीटीवी कैमरा

- कार्यपालक ने सभी संस्थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया, जो स्थानीय अपराध को रोकने में मददगार होगा।

निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** नवीनगर नगर पंचायत कार्यालय में बुधवार को नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा नगर पंचायत में स्थित सभी निजी कोचिंग संस्थानों एवं निजी विद्यालयों के संचालकों के साथ बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी डा. मनीष कुमार ने की। बैठक में उपस्थित निजी कोचिंग संस्थानों एवं विद्यालयों के संचालकों को कार्यपालक पदाधिकारी ने अपने संस्थान में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया। संस्थान के संचालकों को नगर पंचायत क्षेत्र में बढ़ते अपराध को रोकने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। 11 जून को श्रेया हत्याकांड को लेकर नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि हर हाल में छात्र एवं छात्राओं को अलग-अलग बैच के माध्यम से पढ़ाई कराने का प्रयास करें। कोचिंग संस्थानों में भी विद्यालयों की तरह छात्र एवं छात्राओं को पहचान पत्र दें। सभी निजी संस्थाओं को इस तरह की व्यवस्था लागू करनी चाहिए जिससे कि बच्चों के अभिभावकों को मैसेज के माध्यम से पता चल सके कि वह कब विद्यालय या कोचिंग संस्थान पहुंचे तथा कब उनकी छुट्टी की गई। कहा कि इसकी जानकारी अभिभावकों को प्रतिदिन दें। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विपिन कुमार सिंह ने कहा कि नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है। सर्वे का कार्य शुरू कर दिया गया है। जल्द ही नगर पंचायत क्षेत्र सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगा। मौके पर कई निजी विद्यालय एवं कोचिंग संस्थानों के संचालक एवं कई वार्ड पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# किसानों को दिया गया वैज्ञानिक खेती का प्रशिक्षण

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** मदनपुर प्रखंड के पलकिया गांव में बुधवार को एक शिविर आयोजित कर किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती का प्रशिक्षण दिया गया। यह आयोजन इंडियन ग्रामीण सर्विसेज की ओर से एफपीओ मां उमंगेश्वरी एग्रो फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी ने किया। नाबार्ड के बर्ड प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 20-25 किसान शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के द्वारा किया गया। इस मौके पर एफपीओ के कार्यपालक अधिकारी रोहित कुमार ठाकुर, किसान परमानन्द सिंह, मो. नईम आलम, मो. ईशा, मो सकलैन, लालदेव प्रजापति, रामजन्म महतो, पंकज कुमार सिंह, कृष्णा पासवान, मुंशी मेहता, शिवकुमार रिकियासन, साहेब आलम आदि थे।



# शौच के लिए बाहर गई युवती की वज्रपात से मौत

**नवीनगर (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के नाउर पंचायत के बसहा गांव में वज्रपात की चपेट में आकर एक युवती की मौत हो गई। मृतका की पहचान बसहा गांव निवासी लालू पाल की 22 वर्षीय पुत्री सुशीला कुमारी के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार युवती मंगलवार की देर रात शौच के लिए घर से बाहर बधार में गई हुई थी। इसी दौरान हल्की बारिश के साथ वज्रपात हुआ। इससे मौके पर ही युवती की मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने बताया कि सुशीला देर रात तक घर वापस नहीं आई तो वे लोग घबरा गये और उसकी खोज बीन करने लगे। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला। बुधवार की सुबह घर से लगभग सौ मीटर की दूरी पर सुशीला का शव मिला। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना नवीनगर पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस टीम ने पहुंच कर जानकारी ली। इसके बाद शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया। युवती की मौत से गांव सहित परिजनों में कोहराम मच गया। मौत की खबर सुनते ही आस-पास के जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण सांत्वना देने मृतका के घर पहुंच गए।

# दो दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में बरियावां बना विजेता

निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** नवीनगर प्रखंड के जयपुर में दो दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन राजपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि काली सिंह , क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सह कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष (बिहार) रणधीर सिंह और ज्योतिषविद श्रीराम पांडे ने किया। नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक जयपुर क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष सुबोध सिंह सचिव रितिक सिंह कोषाध्यक्ष अंकित सिंह नायक ने बताया कि टूर्नामेंट का सफल आयोजन का श्रेय समस्त ग्रामीणों को जाता है। जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया , इस टूर्नामेंट के विजेता नवीनगर प्रखंड के बरियांवा और उपविजेता सिमरा रहा । इस टूर्नामेंट में अंपायर की भूमिका में भोजपुरी लोक गायक कुंदन कॉम्बो, रमेश चौधरी, राहुल सिंह ने किया। कोमेंट्री की भूमिका में घनश्याम पांडेय (अंग्रेजी) कृषाणु सिंह बिट्टू (हिंदी)। वहीं स्कोरर की भूमिका में प्रशांत कुमार सिंह एवं प्रेमजीत कुमार रहे। इस टूर्नामेंट के संयोजक एवं संरक्षक के तौर पर संतोष सिंह, हरिशंकर सिंह, हरेंद्र सिंह, रामानुज सिंह बब्लू, धर्मेंद्र सिंह, सरयू सिंह, प्रदीप सिंह और कमिटी के सदस्य राजीव सिंह राजू, धीरज, शैलेंद्र, अंशु ,छोटू, सोनू,राजू पांडेय,मिथुन, नितेश का योगदान सराहनीय रहा।

# शराब मामले में दो अभियुक्तों को मिली आठ साल की कारावास, लगाया अर्थ दंड

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** मंगलवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे सह स्पेशल उत्पाद कोर्ट 02 ने उत्पाद थाना कांड संख्या -1130/20,टी आर-217/22 में सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए प्राथमिक दोनों अभियुक्तों को दोषी ठहराया और सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह ने बताया कि अभियुक्त वसीम अकरम पता मानगो आजादनगर, जमशेदपुर और मो इस्लाम पता मानगो जमशेदपुर को बिहार मध निषेध उत्पाद अधिनियम के धारा -30 के अंतर्गत दोषी पाते हुए दोनों को 08 साल की सजा सुनाई है और दो-दो लाख रुपए जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि न देने पर एक साल अतिरिक्त साधारण कारावास होगी। इससे पूर्व अभियुक्तों को उपरोक्त घटना में दोषी करार देते हुए 19/06/24 को बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था। उत्पाद विभाग के विधि परामर्शी शेखर कुमार ने बताया कि प्राथमिकी 06/11/20 को दर्ज कराई गई थी जिसमें कहा गया था कि उक्त तिथि कुटुम्बा के एरका चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया था। एक सफेद रंग का टाटा पीकअप के चालक वसीम अकरम और मो इस्लाम को 2100 लीटर अवैध स्प्रिट के साथ गिरफ्तार किया गया था।

## कुटुंबा पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** कुटुंबा पुलिस ने थाना क्षेत्र के मिर्जापुर निवासी सागर मेहता को गिरफ्तार पर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस पदाधिकारी प्रशांत त्रिवेदी ने की है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर मंगलवार की रात छापेमारी की गई और उसे पकड़ा गया। गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। थाना अध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि उसके विरुद्ध कोर्ट से वारंट निर्गत था।

# नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध लिया गया शपथ



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले आज बुधवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में मादक पदार्थों के सेवन, नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर जागरूकता सह शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला जज अशोक राज ने न्यायालय के न्यायाधीशों, पैनल अधिवक्ताओं एवं कर्मियों को नशा न करने, न करने देने नशीली दवाओं का दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस पर शपथ दिलाई और इसके लिए जागरूक किया। आयोजन का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के सचिव सुकूल राम ने किया।

# अवैध मिट्टी खनन को लेकर तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

- खनन निरीक्षक ने इस मामले में आवेदन दाखिल किया था और प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि अब आगे की कार्रवाई की जा रही है

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना क्षेत्र के मिश्र बीघा गांव निवासी रामप्रवेश सिंह चंद्रवंशी, हसपुरा थाना क्षेत्र के मनीष यादव एवं कुटुंबा थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव के वीरेंद्र कुमार को नामजद आरोपी बनाते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। औरंगाबाद के खनन निरीक्षक अभिमन्यु कुमार ने आवेदन में उल्लेख किया है कि रफीगंज थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव के खरांटी मौजा के समीप हरिओम ईंट उद्योग द्वारा ईंट भट्ठा के संचालन के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। अवैध रूप से लघु खनिज मिट्टी का उत्खनन एवं निष्कासन कर ईंट भट्ठा का संचालन उक्त लोगों द्वारा किया जा रहा था। इससे सरकारी राजस्व की क्षति के साथ-साथ पर्यावरण की क्षति हो रही है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सिंचाई योजनाओं के डीपीआर की स्वीकृति को पत्र

- योजनाओं के डीपीआर को अविलंब स्वीकृति दी जाए ताकि समस्या का समाधान त्वरित हो सके।

निज संवाददाता

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड के कई ऐसे गांव है जहां सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं है। ऐसे गांवों की खेती मानसून आधारित है और हर वर्ष फसल मारी जाती है। ऐसी स्थिति में सिंचाई की वैकल्पिक व्यवस्था हेतु स्थानीय विधायक राजेश कुमार के द्वारा बिहार सरकार के लघु सिंचाई आंचल अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखा है। पत्र में बताया गया है कि हर खेत को पानी योजना के तहत इन गांव में उद्धव सिंचाई योजना का डीपीआर कार्यालय को भेजा गया है। जिन गांवों में यह समस्या है उनमें झिकटिया, हीरा सराय, मटपा, गोआस, पथरा, बदरपुर, बरहेता, डिहरी, कासिमपुर, सैदपुर नौघडा, बहेरा, रामपुर खैरा तथा वाजिदपुर का नाम शामिल है। उन्होंने कहा है कि इन योजनाओं के डीपीआर को अविलंब स्वीकृति दी जाए।

# सत्यचंडी धाम आद्रा मेला में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद से सटे हुए लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल सत्यचंडी धाम रायपुरा में आद्रा मेला के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। भक्तिमय वातावरण में लोग माता सत्यचंडी की पूजा करते हुए लोग देखे गए। सत्य चंडी धाम न्यास समिति समिति के सचिव राजेंद्र सिंह ने बताया कि 22 जून से 6 जुलाई तक आद्रा मेला का आयोजन किया गया है इस मेल में दूर दराज से लोग दर्शन पूजा करने आते हैं।शक्ति की उपासना करने वाले लोग आद्रा मेला में आकर अपनी श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना करते हैं कुछ लोगों की मनौतियां होती हैं जो पूरा होने पर पुनः आकर दिनभर का अनुष्ठानिक पूजा करते हैं। मेला परिसर में सैकड़ो दुकानें सजी हैं मीना बाजार, खेल तमाशा, बच्चों के मनोरंजन हेतु चरखा, ब्रेक डांस आदि लगे हुए हैं।मेला को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए जिला प्रशासन की एक टीम भी यहां लगातार अपनी ड्यूटी दे रही है ताकि श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत महसूस ना हो। पुण्यदायिनी बटाने के पावन तट पर अवस्थित सत्यचंडी धाम में सती का रक्तिम हस्त गिरने का प्रमाण मिलता है। यह जगह शक्ति उपासना के साधकों के लिए अति महत्वपूर्ण है।अरुण कुमार सिंह, अमरेश कुमार सिंह ने आद्रा मेला को सफल बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई।

# जलस्तर खिसकने से पानी के लिए हो रही है मारामारी

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद नगर परिषद क्षेत्र में जलस्तर खिसकने से कई वार्डों में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। वार्ड नंबर 9 और वार्ड नंबर 16 अंतर्गत लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद के स्तर से टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। वार्ड नंबर-9 के सुनील ठाकुर, धनंजय ठाकुर, गौतम कुमार, दिलीप ठाकुर, सरोज देवी, मो. मंजर, गुड़िया देवी, वार्ड नंबर-16 के महेश गुप्ता, ओमप्रकाश, गोविंद कुमार, उपेंद्र गुप्ता, मो. राजा, मो. नदीम सहित अन्य लोगों ने बताया कि वे लोग पीने का पानी खरीद कर इस्तेमाल कर रहे हैं। जो पानी मिल रहा है वह कई बार गंदा रहता है और इस्तेमाल में दिक्कत होती है। चार दिनों पूर्व जो पानी मिला था, उसमें ज्यादा गंदगी थी जिसके कारण पानी लौटा दिया गया था। पानी की समस्या काफी ज्यादा हो गई है और उनका जीना मुहाल हो रहा है। इसमें से काफी संख्या में लोग दुकान का संचालन करते हैं। पूर्व में वे लोग सुबह सात बजे दुकान खोलते थे लेकिन पानी की किल्लत होने की वजह से सुबह 11 बजे दुकान खोल रहे हैं।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार के स्तर से किया गया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# विश्व के साथ भारत के युवाओं पर मंडरा रहा नशे की लत का खतरा

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** नशीली दवाओं के दुरुपयोग व अवैध व्यापार के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा बुधवार को जागरूकता सह शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक राज ने न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ताओं तथा न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संबंधित पैनल अधिवक्ताओं को संबोधित किया। जिला जज ने कहा कि नशे की लत का खतरा विश्व के साथ भारत के युवाओं में भी तेजी से फैल रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नशीली दवाओं से मुक्ति पाना आवश्यक है। मादक पदार्थ एवं नशीली दवा के दुरुपयोग तथा उनकी अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस होने के कारण जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सत्यभूषण आर्या, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम पंकज मिश्रा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनंजय कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीतीश कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनंजय कुमार मिश्रा, निशित दयाल, आनंद भूषण, सौरभ सिंह, लक्ष्मीकांत मिश्रा, शिवकुमार, उमेश प्रसाद, मनीष कुमार जायसवाल, पंकज पांडेय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से मादक पदार्थों और नशीली दवाओं का उपयोग करने वाले लोगों और उनके परिवारों पर घृणा एवं भेदभाव के नकारात्मक प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। इसके अलावा एड्स और हेपेटाइटिस महामारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने की बात कही गई। कहा गया कि जो लोग नशीली दवा और मादक पदार्थों का उपयोग करते हैं, वह कई बीमारियों का भी शिकार होते हैं। मादक पदार्थ एवं नशीली दवा के उपयोग के विकारों, उपलब्ध उपचारों और शीघ्र हस्तक्षेप तथा सहायता के महत्व के बारे में शिक्षित करने, मादक पदार्थ का उपयोग करने वाले लोगों के लिए सम्मानजनक भाषा और व्यवहार को बढ़ावा देकर भेदभाव से मुकाबला करने के लिए प्रेरित करने, युवाओं और समुदाय को सशक्त बनाने तथा विभिन्न स्तरों पर जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। कहा गया कि नशीली दवा का निर्माण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के इलाज के लिए किया जाता है लेकिन बिना डॉक्टर के परामर्श और लिखित पर्ची के इसे बेचना कानूनन जुर्म है।

# खरीफ महोत्सव में नहीं पहुंचे किसान, हुई खानापूर्ति

निज संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड परिसर में बुधवार को कृषि विभाग के द्वारा खरीफ महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में किसानों की संख्या बेहद कम रही। स्थिति यह थी कि महोत्सव में जो भी कुर्सियां लगाई गई थीं उस पर भी विभागीय कर्मी ही बैठे थे। किसानों की मौजूदगी बेहद कम थी। सभा में मौजूद किसानों ने कहा कि विभाग के द्वारा महोत्सव के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। महोत्सव का प्रचार-प्रसार नहीं कराया गया, जिसके चलते किसानों को इसकी जानकारी नहीं मिल सकी और वे यहां नहीं पहुंच सके। सभा में मौजूद कुछ किसानों के बीच कृषि विशेषज्ञों ने खेतीबारी के बारे में बताया। धान की नर्सरी तैयार करने से लेकर इसकी रोपनी तक की जानकारी दी। किसानों ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य किसानों को प्रशिक्षण देना है ताकि इसका लाभ उन्हें मिल सके पर ऐसा नहीं हुआ। सभा में जब किसान थे ही नहीं फिर फिर प्रशिक्षण कौन लेगा। कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों के प्रशिक्षण से कुछ लेना-देना नहीं है। इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया गया पर संपर्क नहीं हो सका।

# 36 हजार मनरेगा में मात्र 57 सौ का हुआ रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** मनरेगा मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है, इसकी बानगी कुटुंबा प्रखंड की समीक्षा के दिखी। डीएम श्रीकांत शास्त्री ने बुधवार को अंबा के बहुउद्देशीय कक्ष में विकास योजनाओं की समीक्षा की। समक्षा के क्रम में पाया गया कि कुटुंबा प्रखंड में 36 हजार मनरेगा मजदूर है, जिसमें 22 हजार एक्टिव है। इनमें मात्र 57 सौ का रजिस्ट्रेशन हुआ है। बताया गया कि मनरेगा मजदूर की बेटी की शादी पर सरकार 50 हजार रुपए देती है। मजदूर की उम्र 60 साल से अधिक हो जाती है तो उसे एक हजार रुपए पेंशन भी दिया जाएगा। उन्होंने सभी स्तर के मजदूरों के रजिस्ट्रेशन कार्य में तेजी लाने को निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाना है। इसके लिए अधिकारी और प्रतिनिधि मिलकर काम करें। उन्हें जनता की उम्मीद पर खरा उतरना है। इसके लिए सेवा भाव से काम करने की जरूरत है। डीएम ने कहा कि कई गांव में नाली-गली नहीं बनी है। यह चिंता का विषय है, जबकि गांव में नाली बनाना सरकार की प्राथमिकता है। जलनिकासी की जगह न होने पर गली में ही सोख्ता बनाने का निर्देश उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिया। गली की ढलाई की जगह उत्तम गुणवत्ता वाले फेवर ब्लॉक लगाने का निर्देश दिया गया। कहा कि जिन क्षेत्रों में नहर नहीं लगता है, वहां निजी नलकूप के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। हर वार्ड में 10 जगह सोलर लाइट लगाने की बात कही। कहा कि अज्ञात वाहन से मौत होने पर 2 लाख और यदि वाहन की पहचान हो जाती है तो 8 से 10 लाख मुआवजा मिलने का प्रावधान है। वैसी मौतें जो आपदा में शामिल है उसमें 4 लाख तथा अगलगी की स्थिति में पीड़ित परिवार को तत्काल 12 हजार रुपया देने का प्रावधान है। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों की कम उपस्थिति पर उन्होंने नाराजगी जताई और कहा कि वे विकास के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। बैठक में 28 में से मात्र 4 पंस सदस्य तथा 20 में से मात्र नौ मुखिया मौजूद थे। जिप उपाध्यक्ष रामेश्वर बैठा, जिप सदस्य सुरेंद्र यादव, बीडीओ मनोज कुमार, सीओ चंद्र प्रकाश समेत पीओ, चिकित्सा पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी थे। वर्मा पंचायत के जन वितरण दुकानदारों के द्वारा केवाईसी के नाम पर लाभुकों को राशन न देने का मामला आया। इससे जुड़ा निर्देश एमओ को दिया गया। डुमरी पंचायत के करमडीह, रिसियप पंचायत के घोघरा, संडा पंचायत के वार्ड तीन व परता पंचायत के वार्ड दो में नलजल योजना खराब होने की बात जनप्रतिनिधियों ने बताई। इससे जुड़ा निर्देश पीएचईडी जेई को दिया गया। मटपा पंचायत के महाराजगंज के हनेया में बतरे नदी में जमींदारी बांध तथा डुमरी पंचायत के विशुनपुर में बटाने नदी में बांध लगवाने का आग्रह प्रतिनिधियों ने किया। उन्होंने बताया कि नदी में बांध लगने से बड़े भूभाग की सिंचाई संभव है। डीएम ने इस मामले में बीडीओ को विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर भेजने को कहा। रिसियप पंचायत के खेतपुरा में नलकूप बंद होने की बात मुखिया ने रखी।

## बैंक के ऋणियों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट

**अंबा(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिला नीलाम शाखा के द्वारा दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के ऋणियों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। इस आशय की जानकारी क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि जिन ऋणियों के विरुद्ध वारंट जारी हुआ है उनमें भलुआड़ी कला के राज वल्लभ चौधरी, सत्येन्द्र चौहान, सुरेन्द्र पासवान, गोविंद पासवान, विरेंद्र मेहता, विनोद मिश्रा, डिहरी निवासी रामाशीष सिंह, चांदखाप निवासी सुरेश सिंह, किशुनपुर निवासी अनिल कुमार सिंह, पोला निवासी राजेंद्र सिंह आदि का नाम शामिल है। उन्होंने कहा कि 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है। इससे पहले ऋणी शाखा में आकर समझौता करा सकते हैं।

# नशा से दूर रखने के लिए स्कूलों में बाल प्रहरी क्लब

- इस क्लब के माध्यम से बच्चों को नशे की तस्करी और सेवन के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने का काम किया जाएगा।

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** बच्चे नशा से दूर रहें, इसके लिए स्कूलों में बाल प्रहरी क्लब का गठन किया जाएगा। यह क्लब इस बात को लेकर जागरूक रहेगा कि उनके स्कूल के बच्चे नशीले पदार्थ की सेवन या तस्करी में कहीं संलिप्त तो नहीं है। इसके अलावा विद्यालय परिसर के आस-पास के क्षेत्र में नशीले पदार्थ के सेवन एवं बिक्री पर रोक लगाने हेतु भी यह क्लब सतर्कता बरतेगी। इस आशय का पत्र प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने जिले के सभी मध्य, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधान शिक्षक को जारी किया है और क्लब के गठन का आदेश दिया है। पत्र में बताया गया है कि बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य कार्यालय के निर्देश के आलोक में सभी स्कूलों में बाल प्रहरी क्लब का गठन किया जाना है जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के बच्चे शामिल होंगे। क्लब में 20 से 25 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के पत्र के अनुसार क्लब से एक शिक्षक भी जुड़े रहेंगे जो नोडल शिक्षक के रूप में जाने जाएंगे। उनके द्वारा बाल प्रहरी क्लब के बच्चों को क्लब की गतिविधियों से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। उनकी देखरेख में बच्चे गतिविधियां करेंगे। इस दौरान यदि क्लब के सदस्यों को यह पता चलता है कि विद्यालय का कोई बच्चा नशीले पदार्थ का सेवन कर रहा है या इसकी तस्करी में संलिप्त है तो वे इसकी सूचना नोडल शिक्षक को देंगे और नोडल शिक्षक इसकी सूचना प्रधान शिक्षक को देंगे। प्रधान शिक्षक के द्वारा इस पर रोक के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बाल प्रहरी क्लब गतिविधियों के जरिए लोगों को नशा और नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध जागरूक करेगा। जागरूकता को लेकर गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी। बीईओ राजनारायण राय ने कहा कि यह नशा के विरुद्ध चलाए जाने वाला एक सफल अभियान होगा। इस अभियान से पूरा समाज जागरूक होगा।